वर्ष 69 अंक 295 पृष्ठ 12
भोपाल, गुरुवार 23 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सत्य और तथ्यों में ज़मीन-आसमान का अंतर होता है। तथ्य सत्य को छिपा सकते हैं।
-माया एंजेलो

## पेपर लीक मामला: संसद से सड़क तक घमासान, 7 घंटे बंद रहे दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशन

# संसद ठप, प्रधान के इस्तीफे पर अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट पेपर लीक को लेकर बुधवार को संसद से सड़क तक संग्राम देखा गया। एक तरफ संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। जिस कारण संसद की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। वहीं कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन 33वां दिन भी जारी रहा। बुधवार सुबह से हजारों प्रदर्शनकारी यहां मौजूद हैं। इस बीच सुरक्षा कारणों से सरकार ने दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशन 7 घंटे तक बंद रखा। इसे शाम 6.30 बजे पुनः खोल दिया गया। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। विपक्ष के एकजुट मोर्चे का नेतृत्व करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा मंत्री पद नहीं छोड़ते, तब तक सदन में कोई बहस या चर्चा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जंतर-मंतर पर विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई का भी जिक्र किया।

वहीं सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार चर्चा से पीछे नहीं हट रही है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिनों से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है।

**वायरल: 1997 में पेपरलीक को लेकर प्रधान ने किया था प्रदर्शन:** सोशल मीडिया पर 2021 की एक रिपोर्ट वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया है कि धर्मेंद्र प्रधान ने 1997 में ओडिशा में हुए एक कथित पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन किया था। लोग इसे आज की स्थिति से जोड़कर देख रहे हैं।



छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे।

### पेपर लीक पर सरकार संसद में चर्चा को तैयार



जंतर मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रेस कांफ्रेस में कहा कि हम हमेशा से चाहते थे कि पेपर लीक मामले पर संसद में चर्चा हो। विपक्ष चर्चा के लिए समय तय कर सकता है। प्रधान के इस्तीफे के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

### जंतर-मंतर के पास झड़प में एसीपी घायल

दिल्ली के जंतर-मंतर के पास बुधवार रात करीब 8:30 बजे छात्रों और पुलिस में झड़प हो गई। पुलिस के मुताबिक, कनॉट प्लेस के टॉल्स्टॉय मार्ग के पास कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थरों और बोतलों से हमला कर दिया। इस हमले में एसीपी कनॉट प्लेस विवेक भगत घायल हो गए। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए। जिसमें प्रदर्शनकारियों के हाथ में भी लाठी दिख रही है। वे पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे हैं। हालांकि झड़प करीब 15 मिनट चली। उसके बाद स्थिति सामान्य है।

**अभिजीत दीपके ने किया प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान:** उधर जंतर मंतर पर लगातार प्रदर्शन कर रहे अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं हो जाता, प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा है कि सोनम वांगचक की भूखहड़ताल बेकार नहीं जाने देंगे। ऐसे में जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मान लेती, ये प्रदर्शन जारी रहेगा

### 10 साल में 152 पेपर लीक, पर आज तक कोई दोषी नहीं: राहुल

**बताया- पुलिसवालों ने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए**

राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। राहुल ने कहा- 10 साल में 152 पेपर देश में लीक हुए हैं। इनमें किसी भी मामले में किसी को भी सजा नहीं मिली। 1.4 लाख करोड़ भारत सरकार का एजुकेशन बजट है। 1.32 लाख करोड़ भारतीय परिवार नीट एग्जाम पर खर्च करते हैं। नीट का खर्च देश के शिक्षा बजट से ज्यादा है। राहुल ने प्रेजेंटेशन के दौरान चौथी स्लाइड दिखाई। जिसमें उन्होंने तीन डिमांड रखीं। पहली- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। दूसरी- छात्रों को पीटने वालों पर कार्रवाई हो। तीसरा- पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगें। राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा।

**लाठीचार्ज-पर सुनवाई से इनकार**

### चीफ जस्टिस ने कहा-हमें वीडियो देखने में रुचि नहीं



सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है।' जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा, 'हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए।' बता दें कि 15 मई को सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था, 'कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं।' इसके बाद ही अभिजीत दीपके ने इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से अकाउंट बनाया था।

**कीलों वाले डंडे से लाठीजार्च**

### हाईकोर्ट ने 'निर्दयता' पर पुलिस से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 20 जुलाई को आयोजित 'चलो संसद' मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों की 'कीलों वाले डंडे' से पिटाई संबंधित बर्बरता का जवाब देने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने आरोपों की पूरी तरह से जांच के लिए सभी फुटेज और रिकॉर्ड संरक्षित करने का भी निर्देश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस के इस तर्क को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि पीड़ित और घायल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कथित बर्बरता और अत्यधिक बल प्रयोग के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से कार्रवाई कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह व्यक्तिगत मामला नहीं है। बल्कि बड़े पैमाने पर पुलिस द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग और नियमों के उल्लंघन से जुड़ा एक जनहित का मुद्दा है।

### वांगचुक अनशन तोड़ने को तैयार, कहा- सरकार भरोसा दे, बच्चों पर एक्शन न हो



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ कोई एक्शन न हो। सरकार भरोसा दे तो वे अनशन खत्म कर सकते हैं। अपने पत्र में वांगचुक ने तीन मांगे रखीं, जिसमें परीक्षा पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा और जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक चर्चा हो। चिट्ठी में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर विचार करना भी शामिल है। गुरुग्राम-बता दें कि बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे आप सांसद संजय सिंह के साथ वांगचुक से मिलने 15 विपक्षी सांसद मेदांता पहुंच गए। मगर, पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के 629 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट लेट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में नए हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से जारी है, लेकिन कई परियोजनाएं तय समय सीमा से पीछे चल रही हैं। सरकार ने संसद में इस संबंध में विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने बताया कि देशभर में कुल 1,191 नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है, जिनमें से 629 प्रोजेक्ट्स अपनी तय समय सीमा पर पूरे नहीं हो पाए हैं। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अभी 1,191 एनएच प्रोजेक्ट्स पर काम जारी है और वे अभी तक पूरा होने के किसी भी चरण तक नहीं पहुंचे हैं। मंत्री ने कहा, 'इनमें से 629 प्रोजेक्ट्स अपने तय समय से पीछे चल रहे हैं।' हालांकि, उन्होंने देरी के विशिष्ट कारणों का उल्लेख नहीं किया।

### रिकॉर्ड: 89% यात्रियों ने ऑनलाइन खरीदे टिकट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे की टिकट बुकिंग प्रणाली में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पिछले एक साल के दौरान लगभग 89 प्रतिशत यात्रियों ने अपने ट्रेन टिकट ऑनलाइन बुक किए हैं, जबकि रेलवे रिजर्वेशन काउंटरों से होने वाली बुकिंग घटकर महज 11 प्रतिशत रह गई है। जून 2025 से जून 2026 के बीच कुल 65.08 करोड़ आरक्षित ट्रेन टिकट बुक किए गए। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए सख्त उपाय लागू किए जाने के बाद, जून 2025 से जून 2026 के बीच ऑनलाइन आरक्षण की हिस्सेदारी टिकटों की कुल बिक्री में सबसे अधिक रही।



## संक्षिप्त खबरें

### आवेदकों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 27 को

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस में सूबेदार और उप निरीक्षक (सब इंस्पेक्टर) परीक्षा का अंतिम परिणाम आने के बाद चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रारंभिक और लिखित परीक्षा में सफल हुए 438 उम्मीदवारों के दस्तावेज़ परीक्षण, चरित्र सत्यापन और मेडिकल टेस्ट आगामी 27 जुलाई को होगा। इसके लिए भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में सेंटर बनाए गए हैं। इसके साथ ही कर्मचारी चयन मंडल ने सभी सफल आवेदकों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए समय और शहर का नाम आवंटित कर दिया है। पीएचक्यू ने साफ कर दिया है कि किसी भी कैंडिडेट का न तो सेंटर बदला जाएगा और न ही समय। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल में डीसीपी ऑफिस नगरीय पुलिस, इंदौर में डीसीपी ऑफिस, ग्वालियर में एसपी ऑफिस और जबलपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय को सेंटर बनाया गया है। इस दौरान बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों को साफ कर दिया है कि वे सही समय और अपने नियत केंद्र पर सभी जरूरी मूल दस्तावेजों को अपने साथ अनिवार्य रूप से लेकर जाएं। इसके साथ ही सभी कैंडिडेट की आधार अपडेशन हिस्ट्री का वेरिफिकेशन भी किया जाएगा। सेंटर्स से हरी झंडी मिलने के बाद आवेदकों को यूनिट अलॉट की जाएगी और च्वाइनिंग से पहले ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा।

### हाई कोर्ट की ई-उर्वरक वितरण व्यवस्था पर मुहर

**जागरण, जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश में लागू ई-विकास (डिस्ट्रीब्यूशन एंड एग्रीकल्चर फर्टिलाइजर्स सप्लाई साल्यूशन सिस्टम) को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और गैर-कृषि उपयोग रोकने के लिए बनाई गई यह व्यवस्था केंद्र सरकार का नीतिगत निर्णय है, जिसमें न्यायालय सीमित परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप कर सकता है। दरअसल, कृषि आदान विक्रेता संघ की ओर से वरिष्ठ सदस्य जबलपुर निवासी जयेश ओझा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया था कि ई-टोकन प्रणाली लागू होने से इंटरनेट और तकनीकी जानकारी के अभाव में किसानों और उर्वरक विक्रेताओं को परेशानी हो रही है। साथ ही इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के विपरीत बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल के साथ अधिवक्ता अमन गुप्ता ने पैरवी की। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली, जबकि केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता सुयश ठाकुर उपस्थित हुए।

### धन-धान्य कृषि योजना की समिति गठित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के क्रियान्वयन और मैदानी स्तर पर निगरानी के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। बुधवार को गठित समिति में कृषि उत्पादन आयुक्त को उपाध्यक्ष और कृषि विभाग के सचिव को सदस्य-सचिव का जिम्मा सौंपा गया है। इनके अलावा, उद्यानिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशुपालन, सहकारिता, जल संसाधन और उद्योग समेत विभिन्न प्रमुख विभागों के सचिव, राच्य के कृषि व पशु चिकित्सा विवि के कुलपति तथा नाबार्ड और बैंकर्स समिति के प्रतिनिधि इसके सदस्य बनाए गए हैं। यह समिति जिलों में योजना की समीक्षा करेगी औरविभागों के बीच तालमेल बिठाकर समय पर बजट आवंटन सुनिश्चित करेगी। प्रदेश के चुने गए 8 जिलों में मैदानी अमले के खाली पदों को भरने, वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के साथ उत्पादों की ब्रांडिंग, मार्केटिंग का काम कमेटी को सौंपा गया है।

# छात्रों को 'कीड़ा' बोलने पर सदन में जमकर हंगामा

## विधानसभा सत्रः सिंघार बोले- विजयवर्गीय युवाओं से मांगें माफी, स्पीकर बोले- मंत्री ने ऐसा नहीं बोला




**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जुड़े मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस विधायकों में जमकर बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मंत्री विजयवर्गीय ने छात्रों को कीड़ा बोला, इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। इस पर विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि उन्होंने प्रोसिडिंग देखी है, विजयवर्गीय ने ऐसा कोई शब्द नहीं बोला है। प्रश्नकाल के उपरांत सदन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कैलाशा विजयवर्गीय ने छात्रों को कीड़ा बोला है, इस पर उन्हें माफी मांगनी चाहिए। इस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विजयवर्गीय ने ऐसे किसी भी शब्द का उपयोग नहीं किया है। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय ने जो कहा उसे समझने में गलती हुई है। लगता है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेसी कॉकरोच पार्टी से मिल गए हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विजयवर्गीय की टिप्पणी से युवा आहित है। इस पर विजयवर्गीय ने कहा कि उन्होंने सदन में युवाओं के बारे में कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस सदस्य लगातार उन पर गलत आरोप लगा रहे हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि आसंदी ने पूरा वीडियों देखा है और वीडियो यह पुष्टि करता है कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। विजयवर्गीय ने अध्यक्ष से मांग की इस मामले में या तो नेता प्रतिपक्ष माफी मांगे या फिर इस मामले में उनके (अध्यक्ष) कोई उचित निर्णय लिया जाए। इस पर सिंघार ने कहा कि वे क्यों माफी मांगेंगे, विजयवर्गीय ने युवाओं को अराजक कहा। अध्यक्ष स्पीकर ने बहस में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी प्रोसिडिंग देखी है,कि विजयवर्गीय ने कीड़ा शब्द नहीं बोला है। झूठ बोलने से आंदोलन भड़क सकता है और इससे राजनीतिक छवि भी धूमिल होती है। आंदोलन भी भटक सकता है, ऐसे में जरूरी है कि सही टिप्पणी की जाए। इस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने कहा कि इसका खंडन आना चाहिए। विजयवर्गीय बोले कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से कोई अपेक्षा नहीं है।

**ये विधेयक भी हुए पारितः** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक पर सदन में चर्चा की गई। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि देश के किसी भी बड़े राज्य में दो मेडिकल यूनिवर्सिटी नहीं है। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन ) विधेयक पर भी चर्चा के दौरान सदन में पक्ष विपक्ष के सदस्यों द्वारा अपना पक्ष रखा गया। मध्यप्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश निरसन विधेयक भी पारित कर दिए गए।

### अहम धाराओं में संशोधन गलत :कांग्रेस

विधानसभा में मंगलवार को पांच विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों को लेकर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्षी दल के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन(संशोधन) विधेयक पर चर्चा करते हुए कहा कि इस विधेयक के जरिए सरकार शिक्षा माफिया को बढ़ाना देना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिन महत्वपूर्ण धाराओं में संशोधन किया जा रहा है, वह धारा 7 के उपबंध है,जो मूल अधिनियम की आत्मा है,जिसे सरकार खत्म करना चाहती है। 25 एकड़ जमीन और 5 करोड़ की एफडी हटाने की शर्त को उन्होंने काली नीति बता दिया। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि छात्रों के हितों को पूरी तरह से ध्यान में रखा गया हैं। इसी तरह सदन ने भारतीय नागरिक संहिता विधेयक को भी मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर कांग्रेस की ओर से किसी भी सदस्य ने चर्चा में भाग नहीं लिया। जिससे उसे ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।

### आदिवासियों के साथ छल कर बेच दी गई जमीन, होगी जांच

बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने दमोह, छतरपुर, बालाघाट समेत कई जिलों में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को बेचे जाने का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन जिलों में आदिवासियों के साथ छलावा कर जमीन बेच दी गई। इस पर मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि इसके लिए नियमानुसार कलेक्टर और एडीएम की अनुमति रिपोर्ट के बाद ही जमीन बेची गई है। इस पर डॉ. अलावा ने जिन आदिवासियों की जमीन फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेची गई, उनकी रजिस्ट्री वापस आदिवासियों के हक में कराने की मांग की। इस पर स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सुझाव दिया कि जिन स्थानों पर कलेक्टर की अनुमति के बगैर ऐसी जमीन बेची गई है, उसकी जांच कराई जानी चाहिए। सरकार ने स्पीकर की इस सलाह को स्वीकार करते हुए मामले की जांच कराने की मंजूरी दे दी।

# काली पट्टी बांधकर कांग्रेसी विधायकों ने जताया विरोध

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी, चर्चा पर अड़ा विपक्ष

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बुधवार को भोपाल विधानसभा परिसर का नजारा उस समय गर्मा गया, जब कांग्रेस विधायक हाथों पर काली पट्टी बांधकर सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। मौका था विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले का, लेकिन हंगामे की वजह दिल्ली में चल रहा युवाओं का आंदोलन है। कांग्रेस विधायकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं की आवाज को दबाने के लिए लाठी और बल का बेखौफ इस्तेमाल कर रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मांग की कि इस गंभीर मुद्दे पर राच्य सरकार को सदन में स्थगन प्रस्ताव लाकर खुलकर चर्चा करानी चाहिए। इधर बुधवार को कांग्रेस ने मंदसौर में छह साल से अटके मुआवजा वितरण की समय सीमा न बताने पर सदन से वॉक आउट किया। कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने अपने सवाल के जरिए पूछा था कि सरकार द्वारा 2020 में 51,179 किसानों को आरबीसी 6-4 के तहत 80 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी की गई थी, इसमें से 15 हजार से अधिक किसानों को 27 करोड़ 47 लाख राशि अब तक नहीं मिल पाई है। इसके जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार ने छह साल पहले वित्तीय संसाधनों के आधार पर उपलब्ध राशि का वितरण किया था। कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और मंदसौर गोलीकांड का जिक्र करते हुए राशि के भुगतान की मांग उठाई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार इतना कर्ज ले रही है, तो उसे किसानों की मुआवजा राशि के लिए भी कर्ज ले लेना चाहिए। इसके बाद विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।

**कांग्रेस विधायक ने दी इस्तीफे की धमकीः** श्योपुर की चंबल माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट से जुड़ा मामला भी बुधवार को सदन में गूंजा। कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने सदन में इस प्रोजेक्ट के जरिए 12 हजार हेक्टेयर की सिंचाई के दावों पर कहा कि अगर 12 हजार के बजाय केवल 12 हेक्टेयर में भी इस प्रोजेक्ट से सिंचाई हो रही होगी, तो वे इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग के अफसरों ने इस प्रोजेक्ट का काम कर रही निजी कंपनी के साथ मिलीभगत कर करोड़ों का घोटाला किया है और इससे इलाके के किसान भारी परेशान हैं।

### बीसीएलएल का मामला भी गूंजा

सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक चैन सिंह बरकड़े ने आरोप लगाया कि भोपाल में भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) ने एक बस ऑपरेटर पर भारी-भरकम पेनल्टी लगाने और सिक्योरिटी की राशि जब्त कर ली है। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की गैरमौजूदगी में मंत्री विश्वास सारंग ने इस सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेटर के साथ किए गए एग्रीमेंट के आधार पर ही उसके खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई की गई है, क्योंकि ऑपरेटर ने बसों का संचालन करने से हाथ खड़े कर दिए थे। इस पर विधायक ने कहा कि ऑपरेटर को कोई नोटिस ही नहीं मिला। इसके जवाब में सारंग ने कहा कि इस संबंध में ऑपरेटर को बुलाकर उसका भी पक्ष सुना जाएगा।

# दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा ने निकाला मार्च

## कांग्रेस दफ्तर पहुंचने से पहले ही भाजपा नेताओं को कांग्रेस ने रोका




**विशेष संवाददाता भोपाल।** देश की राजधानी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आवास घेरे जाने के विरोध में प्रदेश भाजपा ने विरोध जताया। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस दफ्तर तक पैदल मार्च निकाला, जिन्हें पुलिस ने व्यापंम चौराहे के पास ही रोक दिया। इस मौके पर खंडेलवाल ने कहा कि हम अभी केवल चेतावनी देने आए है,यदि कांग्रेस का रवैया नहीं बदला,तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस आज लोकतांत्रिक विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाए प्रायोजित अराजकता की राजनीति कर रही है। संसद से लेकर सड़क तक व्यवधान उत्पन्न करना,समाज को बांटने वाले बयान देना, संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर हमला करना और विदेशो में भारत को बदनाम करना कांग्रेस की पहचान बन गया है। ऐसा लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं को बंधक बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारती जनता पार्टी स्पष्ट करना चाहती है कि लोकतंत्र में विरोध करने का सभी को अधिकार है,लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने और समाज में अशांति फैलाने का अधिकार किसी को नहीं है। कांग्रेस को देशहित से ऊपर दलहित और परिवार हित की राजनीति छोड़नी होगी। पार्टी लोकतंत्र,संविधान,राष्ट्रहित और भारत के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी तथा कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति का लोकतांत्रिक और जनतांत्रिक तरीके से लगातार विरोध करती रहेगी।

### तख्ती पर लिखी बात से बढ़ा विवाद

प्रदर्शन के दौरान एक महिला कार्यकर्ता के हाथ में संविधान से जुड़ी आपत्तिजनक बात लिखी तख्ती दिखाई दी। जिसे लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सदन में इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए भाजपा को घेरा। तभी जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता ने प्रदर्शन स्थल पहुंचकर महिला के हाथ से तख्ती लेकर उसे तोड़ दिया।

### प्रदर्शन के बाद लौट गए नेता

रेडक्रास चौराहे के पास प्रदर्शन करने के उपरांत भाजपा नेता वापास लौट गए। प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष के अलावा विधायक भगवान दास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रविन्द यति, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित दूसरे नेता उपस्थित रहे।

# तीन दिन चला विधानसभा का मानसून सत्र

## अनुपूरक बजट सहित 14 विधेयक किए गए पारित

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र अपने तय समय से दो दिन पहले बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर गया। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा यूसीसी सहित 14 विधेयक पारित कराएं गए,तो मौजूदा वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। हंगामें और प्रदर्शन के बीच सरकार ने अपने सभी सूचीबद्ध विषयों को सदन में पारित कराया। बीते 20 जुलाई से प्रारम्भ हुए 16 वीं विधानसभा के 11 वे सत्र का बुधवार 22 जुलाई को अवसान हो गया। सरकार ने यूसीसी विधेयक को पारित कराया। इनके अलावा 13 अन्य विधेयकों पर सदन में दो दिन चर्चा कराई गई। जिसमें सत्ता और विपक्षी दलों के बीच जमकर टकराहट देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मानसून सत्र समाप्त हो गया। जनता के सवाल आज भी अनुत्तरति हैं। अनुपूरक बजट में किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं, के रोजगार की कोई चिंता नहीं और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी सरकार चर्चा से बचती रही।

**7 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पारितः** मप्र विस में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले अनुपूरक बजट पर चर्चा की गई। इसके उपरांत 7,765 .76 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया।

### एमपी डूबा, पैसा गुजरात को दिया

अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार ने गुजरात के हितों के सामने मध्यप्रदेश की जनता की अनदेखी की है,क्योंकि नर्मदा के पानी और बिजली पर सबसे पहला और ज्यादा अधिकार मध्यप्रदेश का है। सबसे ज्यादा क्षेत्र मध्यप्रदेश का डूब क्षेत्र में आया,लेकिन प्रदेश को लाभ मिलने के बजाय केन्द्र सरकार ने गुजरात को आर्थिक मदद दिला दी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कभी भी जल जीवन मिशन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई,जबकि हकीकत में करोड़ो रुपए का घोटाला इस योजना में हुआ है।

### विकास को मिलेगी गतिः देवड़ा

चर्चा का जवाब देते हुए वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के विकास के लिए आर्थिक संसाधानों में कमी नहीं आने देगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट में अनुदान मांगों के अनुरुप राजस्व मद में 908 करोड़ तथा पूंजी मद में 6.858करोड़ के प्रस्ताव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट जीरी वेस्ट बजटिंग के आधार पर तैयार किया गया है,जिसके कारण विभागों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समुचित प्रावधान वार्षिक बजट में किए गए हैं।

### एक नए युग का शुभारंभ हुआः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानसून सत्र के समापन से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भले ही इस सत्र का विधायी समापन हो रहा हो, लेकिन यह मध्यप्रदेश की प्रगति, प्रशासनिक पारदर्शिता, सामाजिक समरसता और नारी सशक्तिकरण के एक नए युग का शुभारंभ है। उन्होंने कहा कि यह सत्र अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का हाथ थामकर उसे सशक्त बनाने के लिए याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र में हमने संविधान के अनुच्छेद 44 की मूल भावना को साकार करते हुए हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। सत्र में पारित मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस विधेयक, 2026 प्रदेश को औद्योगिक क्रांति की ओर से जाने वाला मील का पत्थर सिद्ध होगा। श्रम संहिता विधेयक -2026 के जरिए सरकार ने श्रमिकों के सम्मान और उनके हितों की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि इस सत्र का विधिवत समापन हो रहा है, लेकिन यह मध्यप्रदेश के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य की नई शुरुआत है। इस सत्र में केवल विधेयकों और बजट पर चर्चा नहीं हुई, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास का नया अध्याय लिखा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी विधानसभा सत्र का महत्व उसकी अवधि से नहीं, बल्कि उसमें किए गए जनहित के कार्यों और लिए गए निर्णयों से तय होता है।

### औद्योगिक विकास के लिए कमेटी गठित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना के विकास और निवेश को बढ़ावा देने 2031-32 तक लागू रहने वाली भारत औद्योगिक विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राच्य स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति योजना के तहत आने वाली प्रस्तावित परियोजनाओं के मूल्यांकन और उनकी अनुशंसा का काम संभालेगी। इस समिति में जल संसाधन, ऊर्जा, वित्त, पर्यावरण, नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, औद्योगिक नीति, एमएसएमई, राजस्व, वाणिच्यिक कर और वन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ केंद्र सरकार द्वारा नामांकित अधिकारी बतौर सदस्य शामिल किए गए हैं।

# एसडीएम-तहसीलदारों के बाद 19 पटवारियों का हुआ तबादला, मिलीं नई जिम्मेदारियां

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने और राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पटवारी अमले में बड़ा फेरबदल किया है। एसडीएम और तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद बुधवार को 19 पटवारियों को नई पदस्थापना दी गई है। प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए टीटी नगर, शहर नजूल वृत्त सहित कोलार और बैरसिया तहसीलों में अतिरिक्त अमले की तैनाती की गई है। इस फेरबदल में सीहोर, रायसेन, दमोह, नर्मदापुरम, शिवपुरी और राजगढ़ जिलों से स्थानांतरित होकर भोपाल आए पटवारियों को भी शामिल करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आदेश के अनुसार टीटी नगर नजूल वृत्त में उच्चवल उपाध्याय, दीपाली अग्रवाल, नीरज विश्वकर्मा और लेखराज लोधी को पदस्थ किया गया है, जबकि बैरागढ़ से सुरेंद्र सिंह राजपूत, ताजउद्दीन और राजेंद्र मीणा को शहर नजूल वृत्त भेजा गया है। वहीं मनीष लोधी को भू-संसाधन प्रबंधन से तहसील बैरसिया स्थानांतरित किया गया है। विशेष प्रभार के तहत मंगलेश खंडेलवाल को बैरागढ़ नजूल वृत्त के साथ जिला स्तर पर पीएम किसान योजना की कमान सौंपी गई है, जबकि शुभम व्यास को बैरागढ़ के साथ जिला कार्यालय की रिकॉर्ड शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सीहोर से आए विवेक सक्सेना, रायसेन की ज्योति साहू और शिवपुरी की वर्षा चंदेल को तहसील कोलार में पदस्थ किया गया है। दमोह से आई ज्योति जैन, नर्मदापुरम की अदिति ब्यौहार, राजगढ़ के भूपेन्द्र अहिरवार व श्रेया शास्त्री, रायसेन के घनेन्द्र सूत्रकार, उषा बर्थी को तहसील बैरसिया में पदस्थापना दी गई है।

## पहल

### सीधी भर्ती के पदों में मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण, अधिसूचना जारी

# सामाजिक न्याय विभाग के संविदाकर्मी भी होंगे नियमित

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर तृतीय श्रेणी (लिपिकवर्गीय), चतुर्थ श्रेणी सेवा और तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा नियमों में संशोधन कर दिया है। इन संशोधनों के बाद क्लास थ्री और क्लास फोर के संविदा कर्मियों के लिए नियमित पदों पर सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत तक का आरक्षण तय कर दिया गया है। नई व्यवस्था के मुताबिक, वे सभी संविदा कर्मचारी इस आरक्षण का लाभ पाने के हकदार होंगे, जिन्होंने विभाग में नियमित पदों के समकक्ष संविदा पदों पर 5 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है। इस




आरक्षण का लाभ कोई भी कर्मचारी अपने पूरे सेवाकाल में केवल एक ही बार ले सकेगा और एक बार पदभार ग्रहण करने के बाद वह दोबारा पात्र नहीं होगा। साथ ही, नियमित नियुक्ति मिलने पर पूर्व की संविदा सेवाओं का किसी अन्य प्रकार का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**पात्रता और गणना के नियमों में बदलावः** सामाजिक न्याय विभाग ने पात्रता और गणना के नियमों को पूरी तरह साफ कर दिया है। इसके तहत आवेदक को वि+भाग में नियमित भर्ती के खाली पद के समकक्ष संविदा पद पर 5 साल की अवधि तक निरंतर नियुक्त रहना अनिवार्य होगा और इसका सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी कर्मचारी ने अलग-अलग संविदा पदों पर काम किया है, या बीच में सेवा से हटाया गया है, तो काम न करने की अवधि को घटाकर 5 वर्ष की गणना की जाएगी। इस संबंध में विभाग ने तीन अलग-अलग नोटिफिकेशन जारी किए हैं। इसके अलावा, पूरी भर्ती प्रक्रिया में एससी, एसटी, ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांगजन वर्ग के लिए तय आरक्षण नियमों का पालन करना अनिवार्य किया गया है।

### कटऑफ अंक होंगे तय, 55 वर्ष की आयु वाले संविदाकर्मी भी होंगे रेगुलर

विभाग ने क्लास थ्री और क्लास फोर की भर्ती की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रखने के लिए परीक्षा के जरिए भर्ती करने का फैसला लिया है। इसके लिए विभाग न्यूनतम कटऑफ अंक भी तय करेगा। विभाग ने उम्र सीमा में राहत देते हुए प्रावधान किया है कि संविदा कर्मचारी जितने वर्ष कार्यरत रहे हैं, अधिकतम आयु सीमा में उन्हें उतने वर्षों की छूट मिलेगी, बशर्ते सभी छूटों को मिलाकर उनकी आयु 55 वर्ष से अधिक न हो। यदि आरक्षित पदों के लिए पर्याप्त संख्या में संविदा कर्मचारी अंतिम रूप से नहीं मिल पाएंगे, तो वे पद अन्य सामान्य अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे और ये रिक्त पद कैरी फॉरवर्ड नहीं किए जाएंगे।

# एसटी वर्ग भी विरोध में, हाई कोर्ट ने पूछा- खाली सीटों पर भेदभाव कैसे

## ओबीसी आरक्षण मामले में आज फिर होगी सुनवाई

**जागरण, जबलपुर।** हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को मप्र में 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मामले में सुनवाई के दौरान नया मोड़ आ गया। सामान्य वर्ग के बाद अब अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग ने भी बढ़े ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। एसटी पक्ष का तर्क था कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से सामान्य मेरिट की सीटें कम होंगी, जिससे मेरिट के आधार पर चयनित होने वाले एसटी अभ्यर्थियों के अवसर भी प्रभावित होंगे। एसटी याचिकाकर्ता रितु बडोले की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मुक्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि एसटी वर्ग को आरक्षित कोटे के अलावा सामान्य वर्ग की सीटों पर भी मेरिट के आधार पर चयन मिलता है। यदि ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाता है तो यह अतिरिक्त 13 प्रतिशत सामान्य वर्ग की सीटों से ही जाएगा, जिससे अन्य वर्गों के मेधावी अभ्यर्थियों के अवसर भी घटेंगे। ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर भी चर्चा हुईः वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर के अनुसार सुनवाई के दौरान 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानि ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर भी चर्चा हुई। अदालत में यह पक्ष रखा गया कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण क्षैतिज (हारिजान्टल) प्रकृति का है, इसलिए इसे 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा के संदर्भ में अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

वर्ष 69 ▸ अंक 295 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, गुरुवार 23 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कला के किसी भी क्षेत्र में अपनी दुनिया का निर्माण करने के लिए साहस की आवश्यकता होती है।
-जॉर्जिया ओकीफ

## ऑफ बीट

### पत्नी ने सब्जी नहीं दी तो पति ने बुलाई पुलिस

*उत्तर प्रदेश के बदायूं में घरेलू विवाद का ऐसा अनोखा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर पुलिस भी मुस्कुरा उठी। पत्नी ने पसंद की सूखी सब्जी की जगह पतली सब्जी बना दी तो पति ने सीधे डायल-112 पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस पहुंची तो पति ने पूरी शिकायत ऐसे सुनाई कि अब उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग जमकर मजे ले रहे हैं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ब्योली गांव निवासी अरविंद कश्यप का कथित वायरल वीडियो इन दिनों चर्चा में है। दावा किया जा रहा है कि शराब के नशे में अरविंद ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचते ही उसने अपनी परेशानी बताई। साहब, मेरी पत्नी माधुरी कश्यप उर्फ कल्लो रोज पतली सब्जी बनाती है। मुझे सूखी सब्जी पसंद है, लेकिन मेरी कोई सुनता ही नहीं। जब पुलिसकर्मियों ने अरविंद से पूछा कि वह इतनी शराब क्यों पीता है, तो उसने बिना झिझक जवाब दिया, साहब जब सरकार शराब बिकवा रही है तो पीते हैं। शराब तो हर कोई पीता है।*



केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

# उमंग बोले-विस्थापितों को मुआवजा नहीं मिला, मंत्री ने कहा-जांच होगी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पन्ना और छतरपुर जिले में केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का मामला और वहां चल रहे आंदोलन का मुद्दा बुधवार को सदन में गूंजा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने सवाल में सरकार से पूछा कि दोनों जिलों के कुल कितने प्रभावित परिवार हैं, जिन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस डैम के कई विस्थापितों को मुआवजा ही नहीं मिला है।

उन्होंने जिलों के कलेक्टर को अल्पज्ञानी बोलते हुए कहा कि नियम के अनुसार कोई भी प्रोजेक्ट तब तक शुरू नहीं हो सकता, जब तक मुआवजे और विस्थापन की कार्रवाई पूरी न हो जाए। इस दौरान मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि केवल गिनती के परिवार ही मुआवजे के लिए बचे हैं और वे इसकी जांच जिला प्रशासन से कराएंगे तो नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्हें जिला प्रशासन पर कोई भरोसा नहीं है।



### सीएम बोले-एक माह में कराएंगे जांच

चर्चा के दौरान कई कांग्रेस विधायकों ने इस प्रोजेक्ट में चल रहे काम और हो रहे आंदोलन को दबाने के सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। इस पर करण सिंह वर्मा ने कहा कि पन्ना में केवल दो परिवार हैं जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है, जबकि छतरपुर में सभी परिवारों को मुआवजा और राहत पैकेज जारी कर दिया गया है। इस पर उमंग सिंघार ने कहा कि उनके पास इस बात के दस्तावेज हैं कि ग्राम सभाओं की बैठकों में सरपंच के गैरमौजूद होने पर भी उनके दस्तखत कर दिए गए। उन्होंने दोबारा कराए गए सर्वे और ग्राम सभाओं की रिपोर्ट को पटल पर रखने एवं मामले की जांच कराने की मांग उठाई। इस पर सरकार ने सर्वे और ग्राम सभाओं की रिपोर्ट को पटल पर रखने की बात मान ली। सदन में मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले की जांच का आश्वासन देते हुए घोषणा की कि एक माह के भीतर परीक्षण करा लिया जाएगा।

### प्रभावितों ने शुरू किया चूल्हाबंदी आंदोलन

**जागरण, छतरपुर।** प्रदेश के छतरपुर जिले में केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का विरोध तेज होता जा रहा है। 22 प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने प्रदर्शन स्थल से हटाए जाने के बाद अब चूल्हाबंदी आंदोलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर का आमरण अनशन बुधवार को 17वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने दोहराया कि मांगें पूरी होने तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। जानकारी के मुताबिक 20 जुलाई की सुबह कूपी गांव के बराना नदी घाट पर चल रहे चिता आंदोलन को प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया था। प्रशासन का कहना था कि लगातार बारिश और प्रदर्शनकारियों की बिगड़ती तबीयत को देखते हुए कार्रवाई की गई और हिरासत में लिया।

अनुराग जैन बने नीति आयोग के सीईओ

# अशोक वर्णवाल बने कार्यवाहक सीएस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अशोक वर्णवाल (1991) को मध्यप्रदेश का कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाया गया है। मौजूदा सीएस अनुराग जैन को केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। बुधवार को उन्हें रिलीव कर दिया गया। अशोक वर्णवाल नई नियुक्ति तक सीएस का पद संभाल लिया है।



अनुराग जैन



अशोक वर्णवाल

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन को नीति आयोग का सीईओ बनाए जाने का आदेश जारी करने के कुछ घंटे के उपरांत अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन बना दिया गया। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले वर्णवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। बंद कमरे में लगभग एक घंटे तक चर्चा होने के बाद उन्हें नए मुख्य सचिव की नियुक्ति कर कार्यवाहक सीएस बनाए जाने का आदेश जारी कर दिया गया। सूत्रों की माने तो एक दो दिन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली जा सकते हैं, जहां उनके द्वारा अगले मुख्य सचिव के नाम पर हाईकमान से चर्चा की जाएगी। हालांकि मुख्य सचिव की दौड़ में वर्णवाल के अलावा राजेश राजौरा, मनु श्रीवास्तव, पंकज अग्रवाल थे। राजौरा पिछली बार भी इस पद की दौड़ में थे, लेकिन तब दिल्ली ने केन्द्र से अनुराग जैन को मुख्य सचिव बना दिया था। इस बार भी उन्हें मुख्य सचिव के पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था, लेकिन अशोक वर्णवाल को कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाए जाने का आदेश जारी होते ही राजौरा की उम्मीदें लगभग समाप्त मानी जा रही हैं।

20 माह बाद वापस दिल्ली लौटे आईएएस जैन...पेज-12 पर

16 साल बाद भारत लौटेंगे ललित

### अपीलीय ट्रिब्यूनल ने रद्द किया ईडी का जुर्माना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में हैं। एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने 16 जुलाई को आईपीएल 2009 के दक्षिण अफ्रीका आयोजन से जुड़े फेमा मामले में फैसला सुनाया था। इसमें मोदी को राहत देते हुए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के लगाए गए जुर्माने को रद्द कर दिया गया था। फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि अब उनकी भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और वह इस साल के आखिर या अगले साल की शुरुआत में भारत लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्टूबर में बच्चे को जन्म देने वाली है, जिसके बाद वह भारत आने की योजना बना रहे हैं। यह मामला 2009 में आईपीएल को भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाने से जुड़ा है। उस समय लोकसभा चुनाव के कारण सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट भारत से दक्षिण अफ्रीका शिफ्ट किया गया था। बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया कि यह रकम भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश भेजी गई, जिससे विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) का उल्लंघन हुआ।



धार भोजशाला विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

# मुस्लिम समुदाय को परिसर के करीब दें नमाज के लिए जगह

**धार, जेएनएन।** धार की भोजशाला परिसर में जुमे की नमाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि कोर्ट के 14 जुलाई के अंतरिम आदेश का केवल औपचारिक नहीं, बल्कि उसकी मूल भावना के अनुरूप अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए भोजशाला परिसर के बिलकुल करीब ही अस्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाए।



### नमाज स्थल की दूरी को लेकर कोर्ट में घमासान

सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर शुक्रवार (24 जुलाई) को अगली सुनवाई करेगा, जिसमें प्रशासन द्वारा की गई नई व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। सुनवाई के दौरान नमाज स्थल की दूरी को लेकर मुस्लिम पक्ष और सरकार की ओर से अलग-अलग दावे पेश किए गए। मुस्लिम पक्ष ने कहा सरकार ने नमाज के लिए भोजशाला से लगभग 2 किलोमीटर दूर जगह दी। वहीं सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'तय स्थान 2 किमी नहीं, बल्कि महज 900 मीटर की दूरी पर है। उपयुक्त जगह की तलाश कर रहे हैं।'

### न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने पर विचार करें राज्य

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु को 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 वर्ष करने पर विचार करें। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने यह निर्देश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया, जिसमें देशभर में जिला अदालतों के जजों की सेवानिवृत्ति आयु को 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की गई है। पीठ ने आदेश दिया, 'सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले में अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र वाले हाई कोर्ट से परामर्श करके कोई निर्णय लें। अगर वे सहमत होते हैं तो ऐसे राज्यों में न्यायिक अधिकारियों को 61 वर्ष की उम्र तक सेवा में बने रहने की अनुमति दी जाएगी। सेवा में बने रहने की यह अनुमति इन कानूनी कार्यवाही के अंतिम नतीजों पर निर्भर करेगी।' यह प्रावधान एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 वर्ष तो हाई कोर्ट के जज 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं। पीठ ने यह भी कहा कि यह अंतरिम व्यवस्था है।

# नए सीईओ की नियुक्ति तक 5 संत संभालेंगे काम

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी कांड के बाद बुधवार को राम मंदिर ट्रस्ट की दूसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट ने बताया कि नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का चयन अभी नहीं हो पाया है। इसमें करीब एक महीने का समय लग सकता है, तब तक अयोध्या के पांच संत मंदिर का संचालन और कार्यभार संभालेंगे। गोविंद गिरि की अध्यक्षता में धार्मिक समिति का गठन किया गया है। इसमें स्वामी रामानंद दास, महंत राजकुमार दास, स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ, स्वामी कमलनयन दास, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और स्वामी दिनेंद्रदास शामिल हैं। बैठक में विशेष जांच दल

राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में फैसला



(एसआईटी) की जांच, चढ़ावा राशि गणना में हुई अनियमितता पर एसआईटी रिपोर्ट के इंतजार और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का संज्ञान लिया गया। ट्रस्ट की बैठक में चढ़ावा गणना कक्ष समेत पूरे मंदिर परिसर के सीसीटीवी की सुरक्षा अधिकारियों तक सीधी पहुंच पर संतोष जताया गया। चढ़ावे के सोने-चांदी की मात्रा और शुद्धता जांच के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की टकसाल (मिंट) के साथ व्यवस्था जारी रहेगी। चढ़ावे की गणना में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की लापरवाही पर न्यासियों ने निराशा जताई तथा संबंधों और प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन के लिए गठित समिति को एक माह का अतिरिक्त समय दिया गया है। अस्थायी व्यवस्था के तहत सचिव की नियुक्ति की जाएगी। मीडिया के माध्यम से संवाद बनाए रखने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अपना अधिकृत प्रवक्ता नियुक्त करेगा।






साइबर ठगी की जांच में देरी पर हाईकोर्ट नाराज

# केंद्र के दो सचिव, तीन राज्यों के डीजीपी और गृह सचिव तलब

**जबलपुर, जेएनएन।** जबलपुर में छह लाख रुपये की कथित साइबर ठगी के मामले में पुलिस-प्रशासन की सुस्त कार्रवाई पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की गई है। कोर्ट ने असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी), संबंधित राज्यों के गृह सचिवों, केंद्र सरकार के गृह सचिव, दूरसंचार विभाग के केंद्रीय सचिव, जबलपुर पुलिस अधीक्षक तथा मामले से जुड़े जांच अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच में देरी से न केवल विवेचना प्रभावित होती है, बल्कि आरोपियों को ठगी की रकम ठिकाने लगाने का भी मौका मिल जाता है। आरबीआई को यह बताना चाहिए कि साइबर फ्रॉड की जांच के दौरान बैंकों द्वारा समय पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से सुरक्षा उपाय लागू हैं।



# अनंतनाग में आतंकी हमला, जवान की मौत

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से एक बार फिर दहला देने वाली खबर सामने आई है। पहलगाम हमले की टीस अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि बुधवार को आतंकवादियों ने एक बार फिर घाटी की शांति को निशाना बनाया। अनंतनाग के व्यस्त लाल चौक (कोकेरनाग रोड) पर ड्यूटी के दौरान घात लगाकर बैठे अज्ञात बंदूकधारियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस कायराना और दुस्साहसिक हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने वीरगति प्राप्त कर ली।



*लाल चौक में तैनात थे हेड कांस्टेबल हुसैन कुरैशी*


**शोध** वैज्ञानिकों ने तैयार किए मटर के आकार के 'ब्रेन ऑर्गेनॉइड्स'

# 'मिनी ब्रेन' बताएंगे अल्जाइमर का इलाज

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अल्जाइमर बीमारी के इलाज और प्रबंधन में वैज्ञानिकों ने एक बड़ा और उम्मीद जगाने वाला मुकाम हासिल किया है। 'जॉन हॉपकिन्स मेडिसिन' के शोधकर्ताओं ने लैब में ऐसे छोटे 'ब्रेन टिश्यू' (जिन्हें ब्रेन ऑर्गेनॉइड्स कहा जाता है) विकसित किए हैं, जो यह भविष्यवाणी करने में मदद कर सकते हैं कि अल्जाइमर से पीड़ित कोई मरीज किसी विशेष मानसिक दवा पर कैसी प्रतिक्रिया देगा। 'अल्जाइमर एंड डिमेंशिया' जर्नल में प्रकाशित इस शोध ने भविष्य में हर मरीज के लिए 'व्यक्तिगत और सटीक इलाज' का रास्ता खोल दिया है।

### कैसे बनाए गए ये 'मिनी ब्रेन'

वैज्ञानिकों ने अल्जाइमर के मरीजों के खून के नमूनों का उपयोग करके इन मिनी ब्रेन को लैब में तैयार किया है।



मस्तिष्क के ऑर्गेनॉइड की फ्लोरोसेंट छवि जिसमें न्यूरोएपिथेलियल संरचना दिखाई दे रही है। न्यूरॉन्स को हरे रंग से (टीयूजे1 स्टेनिंग) और कोशिका नाभिकों को नीले रंग से (डीएपीआई) दर्शाया गया है।

### स्टेम सेल में वापसी

सबसे पहले मरीजों के खून की कोशिकाओं को रीप्रोग्राम किया गया, जिससे वे अपने शुरुआती 'स्टेम सेल' रूप में वापस आ गईं। इन्हें इंड्यूस्ड प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (आईपीएससी) कहा जाता है, जो शरीर की कोई भी कोशिका बन सकती हैं।

### मस्तिष्क कोशिकाओं में बदलना

इन स्टेम सेल्स को विशेष न्यूरॉन्स में विकसित किया गया जो 'सेरोटोनिन' नामक न्यूरोट्रांसमीटर पैदा करते हैं।

**मटर के दाने जितना बड़ा टिश्यूः** अंत में, इन कोशिकाओं को निर्देशित कर मटर के आकार के छोटे गुच्छों में व्यवस्थित किया गया। ये गुच्छे हमारे दिमाग के पिछले हिस्से की नकल करते हैं, जो सांस लेने, नींद और हृदय गति जैसी जरूरी चीजों को नियंत्रित करता है। अल्जाइमर का अभी तक कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन इसके कारण होने वाले अवसाद, चिंता और घबराहट को रोकने के लिए डॉक्टरों द्वारा अक्सर एसएसआरआई दवाएं दी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने लैब में तैयार इन ऑर्गेनॉइड्स (मिनी ब्रेन) को एस्सिटालोप्राम ऑक्सालेट नामक एक प्रसिद्ध एंटीडिप्रेसेंट दवा पर

# आर्थिक तंगी के कारण आटो में छोड़ा था एक माह की बच्ची को

## जीआरपी ने माता-पिता को खोजा, सीडब्ल्यूसी करेगी बच्ची का फैसला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जीआरपी भोपाल ने 11 दिन में दुधमुंही एक माह की बच्ची के माता-पिता को खोज निकाला। 10 जुलाई 2026 को माता-पिता उसे लावारिश हालत में आटो में छोड़कर चले गए थे। बच्ची के प्रेम में फिर से भोपाल लौटे तो पुलिस ने पहचान कर हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि उनकी पांच बेटी में यह सबसे छोटी थी। 10 हजार रुपए महीना से बेटियों को लालन-पालन नहीं हो पा रहा था। आर्थिक तंगी के कारण वह उसे छोड़ गए थे। फिलहाल बच्ची किलकारी संस्था में है। सीडब्ल्यूसी बच्ची के बारे में फैसला लेगी कि उसे माता-पिता को सौंपना है या नहीं। जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि ऑपरेशन हमदर्द के तहत यह सफलता मिली है। 10 जुलाई की सुबह प्लेटफार्म नंबर छह के आटो स्टैंड में रखी एक आटो में सुबह 11.45 बजे एक माह की दुधमुंही बच्ची मिली थी। जीआरपी ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो दो महिलाएं और एक पुरुष दिखाई दिए, जोकि बच्ची को गोद में लिए थे। बच्ची का मेडिकल कराया। इसके बाद सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया था। इधर, पुलिस को सीसीटीवी से पीछा करते हुए पता लगा कि वह मुंबई से आने वाली ट्रेन से उतरे थे। काफी देर सिटी में घूमने के बाद वापस रेलवे स्टेशन पर आए। उन्होंने पुणे के लिए टिकट ली। एक टाइम आने पर पुलिस ने एक साथ तीन टिकट पुणे जाने वालों की तलाश की।



### सोशल मीडिया पर फोटो किया था प्रसारित

रेलवे के ग्रुप पर संदेहियों के फोटो शेयर किए। वह ट्रेन से उतरते दिखाई दिए। इसके बाद फिर से गायब हो गए। लेकिन घटना के रोज यानी 9 जुलाई को वह भोपाल की ओर आने वाली ट्रेन में चढ़ते दिखाई दे गए। अब पुलिस ने उनका इंतजार था। इधर, पुलिस ने सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफार्म पर बच्ची और संदेहियों के फोटो प्रसारित कर दिए थे। मंगलवार रात को वह फिर से भोपाल स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान भूषण राम, पत्नी रीता देवी निवासी नाबादा बिहार के रूप में हुई। उनके साथ 17 साल की बेटी भी थी। भूषण ने पुलिस को बताया कि उनकी पांच बेटी हैं। तीन बेटी छोटी है, जिसे उसने उनकी दादी के पास नाबादा बिहार में रखा है। बड़ी बेटी साथ रहती है। सबसे छोटी बेटी को वह बिहार छोड़ने जा रहे थे। तभी उसकी मां के मन में क्या ख्याल आया कि उसने बच्ची को भोपाल स्टेशन पर आटो में छोड़ दिया था।

## बारहवीं के छात्र पर कांच की बॉटल से हमला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में बारहवीं के छात्र पर तीन बदमाशों ने कांच की बॉटल से हमला कर दिया। हमले में नाबालिग के सिर, हाथ में चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 16 वर्षीय मानस चंद ठाकुर पिता प्रदीप चंद ठाकुर कृष्णा नगर बरखेड़ा पठानी भेल में रहता है। वह सरकारी स्कूमें बारहवीं का छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि 2-3 दिन पहले पहले मेरे दोस्त मंगेश से नैतिक खरे, रूझान सिंह का किसी बात को लेकर गाली-गलौच हो गई थी। मैंने बीचबचाव किया था। इसके बाद मामला शांत हो गया। मंगलवार की दोपहर दो बजे वह स्कूल से घर जा रहा था। तभी गेट के बाहर नैतिक खरे, रूझान सिंह व मानस तीनों ने मेरे साथ मारपीट की। कांच की बॉटल उठाकर मार दी, जिससे सिर व हाथ से खून बहने लगा। मैंने चीख पुकार की तो मेरे दोस्तों ने बीचबचाव किया। इसके बाद तीनों आरोपी जाने से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# हत्यारे को आजीवन कारावास डीएनए रिपोर्ट बनी अहम सबूत

## कपड़े और बका में मिले खून से हुआ था मिलान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार रोड इलाके में मृतक की पत्नी से एक तरफा प्रेम प्रसंग के चलते हत्या के मामले में जिला अदालत ने आरोपी ममेरे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट को अहम माना है। पुलिस ने हत्यारे के कपड़े और हत्या में उपयोग बका पर मिले खून से मृतक के डीएनए का मिलान कराया था। पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार कर आरोपी बनाया था। पुलिस ने आरोपी से हत्या के वक्त पहने कपड़े, बका और बाइक जब्त की थी, जिससे वह भागा था। कोलार रोड थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि यह मामला 25 नवंबर 2024 का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि होली क्रास स्कूल के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा है। धारदार हथियार से हत्या की गई थी। अगले दिन उसकी पहचान राकेश लडिया (34) पिता स्व. जगदीश लडिया निवासी बड़ा मोहल्ला महराजपुर तहसील देवरी जिला सागर मप्र के रूप में हुई। वह यहां पर बंसल प्लांट के पास कजलीखेड़ा कोलार रोड में रहता था। पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच थाना प्रभारी संजय सोनी ने की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो राकेश के साथ एक युवक विवाद करते कैद हुआ। उसकी पहचान ममेरे भाई राहुल सिलावट उर्फ लडिया (25) के रूप में हुई। जोकि मृतक के साथ रहता था। घटना के रोज राहुल काम पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। राहुल का मोबाइल नंबर भी बंद पाया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। राहुल ने बुआ के लड़के राकेश की हत्या करना कबूल किया। उसने पुलिस को बताया कि वह राकेश की पत्नी से एक तरफा प्रेम करने लगा था। इस बात का पता राकेश को लग गया था। इस पर राकेश मुझसे नाराज था। उसने राकेश को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी थी।

## दादाजी धाम में रुद्राक्ष वृक्ष का विशेष पूजन



**जागरण, भोपाल।** रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में 23 जुलाई 2025 को रोपे गए रूद्राक्ष के पौधे ने आज एक साल पूरा कर लिया है। मंदिर के पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। यह रूद्राक्ष का पौधा रुद्राक्ष पौधा परम पूजनीय श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव साईंखेड़ा वाले की धर्मपत्नी राधा नामदेव, उनके बड़े पुत्र एवं श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, ट्रस्ट की ट्रस्टी अर्चना नामदेव एवं पुत्री अनन्या नामदेव द्वारा रोपा गया था। सनातन धर्म में रुद्राक्ष को भगवान शिव का प्रिय एवं अत्यंत पवित्र माना जाता है। ऐसे में इस वृक्ष का एक साल पूरा होना धर्म, आस्था, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के समन्वय का प्रेरणादायक अवसर है।

# कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार
## मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र. 1268/भू- अर्जन/2026

भोपाल, दिनांक : 17.07.2026
राजस्व प्रकरण क्रमांक 21/अ-82/2025-26

## घोषणा

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-19**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य ( लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु **ग्राम नरेला तहसील हुजूर जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे.में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | हुजूर | नरेला | 31.3060 हे. | 12.9109 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम, भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**

**ग्राम का नाम-नरेला, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे.में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे.में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | शिवनारायण पुत्र जालम सिंह | 568 | 0.2400 | 0.0310 | निजी | सिंचित |
| 2 | राजाराम पुत्र घीसीलाल | 490 | 0.2500 | 0.1783 | निजी | सिंचित |
| 3 | शिवनारायण पुत्र जालम सिंह | 491 | 0.1100 | 0.1100 | निजी | सिंचित |
| 4 | शिवनारायण पुत्र जालम सिंह | 492 | 0.1200 | 0.0636 | निजी | सिंचित |
| 5 | राम सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), गायत्री पुत्री अमर सिंह (1/9),चन्द्रकला पुत्री अमर सिंह (1/9), सुरेश कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह (1/9), फूल सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), राजलबाई बेवा अमर सिंह (1/9), सुमन पुत्री अमर सिंह(1/9), भगवती पुत्री अमर सिंह (1/9), अनूप सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9) | 493 | 0.1400 | 0.1400 | निजी | सिंचित |
| 6 | राम सिंह पुत्र अमर सिंह(1/9), गायत्री पुत्री अमर सिंह(1/9),चन्द्रकला पुत्री अमर सिंह (1/9), सुरेश कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह (1/9), फूल सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), राजलबाई बेवा अमर सिंह (1/9), सुमन पुत्री अमर सिंह (1/9), भगवती पुत्री अमर सिंह (1/9), अनूप सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9) | 494 | 0.1300 | 0.1099 | निजी | सिंचित |
| 7 | नर्बदा प्रसाद पिता माधो सिंह | 495/1 | 0.2000 | 0.0612 | निजी | सिंचित |
| 8 | तेज सिंह पुत्र छीतूलाल | 495/2/1 | 0.1200 | 0.0800 | निजी | सिंचित |
| 9 | अमीर सिंह पुत्र छीतूलाल | 495/2/2 | 0.0400 | 0.0234 | निजी | सिंचित |
| 10 | नर्बदा प्रसाद पिता माधो सिंह | 496 | 0.1400 | 0.1362 | निजी | सिंचित |
| 11 | राम सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), गायत्री पुत्री अमर सिंह (1/9),चन्द्रकला पुत्री अमर सिंह (1/9), सुरेश कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह (1/9), फूल सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), राजलबाई बेवा अमर सिंह (1/9), सुमन पुत्री अमर सिंह (1/9), भगवती पुत्री अमर सिंह (1/9), अनूप सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9) | 497 | 0.1000 | 0.0465 | निजी | सिंचित |
| 12 | राम सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), गायत्री पुत्री अमर सिंह (1/9),चन्द्रकलां पुत्री अमर सिंह (1/9), सुरेश कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह (1/9), फूल सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), राजलबाई बेवा अमर सिंह (1/9), सुमन पुत्री अमर सिंह (1/9), भगवती पुत्री अमर सिंह (1/9), अनूप सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9) | 498 | 0.1000 | 0.0028 | निजी | सिंचित |
| 13 | नर्बदा प्रसाद पिता माधो सिंह | 500 | 1.1500 | 0.4191 | निजी | सिंचित |
| 14 | राम सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), गायत्री पुत्री अमर सिंह (1/9),चन्द्रकला पुत्री अमर सिंह (1/9), सुरेश कुमार वर्मा पुत्र अमर सिंह (1/9), फूल सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9), राजलबाई बेवा अमर सिंह (1/9), सुमन पुत्री अमर सिंह (1/9), भगवती पुत्री अमर सिंह (1/9), अनूप सिंह पुत्र अमर सिंह (1/9) | 483 | 0.1100 | 0.0095 | निजी | सिंचित |
| 15 | तेज सिंह पुत्र छीतूलाल | 482/1 | 0.0700 | 0.0700 | निजी | सिंचित |
| 16 | अमीर सिंह पुत्र छीतूलाल | 482/2 | 0.0700 | 0.0700 | निजी | सिंचित |
| 17 | शान्ता बाई पुत्री हरप्रसाद | 481 | 0.4000 | 0.1314 | निजी | सिंचित |
| 18 | ललता बाई पत्नी हीरालाल (1/5), राकेश वर्मा पुत्र हीरालाल (1/5), दिनेश वर्मा पुत्र हीरालाल (1/5), सुनील वर्मा पुत्र हीरालाल (1/5),सीता पुत्री हीरालाल (1/5) | 480/1 | 0.0700 | 0.0500 | निजी | सिंचित |
| 19 | दिनेश वर्मा पुत्र हीरालाल (1/2), सुनील वर्मा पुत्र हीरालाल (1/2) | 480/2 | 0.0300 | 0.0300 | निजी | सिंचित |
| 20 | ललता बाई पत्नी स्व. हीरालाल, राकेश वर्मा, दिनेश वर्मा, सुनील वर्मा, सीता पुत्र, पुत्री स्व. श्री हीरालाल | 501/2/1 | 0.3200 | 0.1480 | निजी | सिंचित |
| 21 | राकेश वर्मा पुत्र हीरालाल | 501/2/2 | 0.4050 | 0.0975 | निजी | सिंचित |
| 22 | दिनेश वर्मा पुत्र हीरालाल (1/2), सुनील वर्मा पुत्र हीरालाल (1/2) | 501/3 | 0.0800 | 0.0478 | निजी | सिंचित |
| 23 | अरविन्द वर्मा पिता दिलीप कुमार वर्मा (1/2), देवेन्द वर्मा पिता दिलीप कुमार वर्मा (1/2) | 502/1 | 0.5180 | 0.4106 | निजी | सिंचित |
| 24 | लक्ष्मीनारायण पुत्र विजय सिंह | 715 | 0.7300 | 0.1203 | निजी | सिंचित |
| 25 | लक्ष्मीनारायण पुत्र विजय सिंह | 716 | 0.6400 | 0.1955 | निजी | सिंचित |
| 26 | लक्ष्मीनारायण पुत्र विजय सिंह | 717 | 1.2000 | 0.5300 | निजी | सिंचित |
| 27 | लक्ष्मीनारायण पुत्र विजय सिंह | 718 | 0.5400 | 0.1710 | निजी | सिंचित |
| 28 | लीलाकिशन पुत्र चैन सिंह | 719/1 | 0.7750 | 0.4060 | निजी | सिंचित |
| 29 | महेश पुत्र चैनसिंह | 719/2 | 0.7750 | 0.6625 | निजी | सिंचित |
| 30 | महेश प्रसाद पुत्र राम सिंह | 706 | 0.7100 | 0.0566 | निजी | सिंचित |
| 31 | महेश प्रसाद पुत्र राम सिंह | 703 | 0.6000 | 0.2170 | निजी | सिंचित |
| 32 | महेश प्रसाद पुत्र राम सिंह | 702 | 0.1500 | 0.0395 | निजी | सिंचित |
| 33 | महेश प्रसाद पुत्र राम सिंह | 701 | 0.1300 | 0.0787 | निजी | सिंचित |
| 34 | अनूप सिंह पुत्र सीताराम | 700 | 1.2000 | 0.0265 | निजी | सिंचित |
| 35 | मोहन सिंह पुत्र बुलाखी (357/2500), सीताचरण पुत्र बुलाखी (1786/2500), शिवचरण पुत्र बुलाखी (357/2500) | 720 | 0.2500 | 0.1380 | निजी | सिंचित |
| 36 | थानसिंह पुत्र धनपाल सिंह | 723 | 0.9500 | 0.0080 | निजी | सिंचित |
| 37 | कमल सिंह पुत्र मूरत सिंह | 668/1 | 0.1300 | 0.0825 | निजी | सिंचित |
| 38 | प्रहलाद सिंह पुत्र मूरत सिंह | 668/2 | 0.1200 | 0.1030 | निजी | सिंचित |
| 39 | कमल सिंह पुत्र मूरत सिंह | 668/808/1 | 0.1300 | 0.0237 | निजी | सिंचित |
| 40 | प्रहलाद सिंह पुत्र मूरत सिंह | 668/808/2 | 0.1200 | 0.0615 | निजी | सिंचित |
| 41 | लखनलाल पुत्र अमर सिंह | 668/809 | 0.2400 | 0.1870 | निजी | सिंचित |
| 42 | अनार सिंह पुत्र रामप्रसाद | 669 | 0.4700 | 0.1543 | निजी | सिंचित |
| 43 | अनार सिंह पुत्र रामप्रसाद | 670 | 0.2500 | 0.0090 | निजी | सिंचित |
| 44 | लक्ष्मीनारायण पुत्र रामचरण (1/3), प्रेमनारायण पुत्र रामचरण (1/3), भोपाल सिंह पुत्र रामचरण (1/3) | 671 | 0.3400 | 0.0090 | निजी | सिंचित |
| 45 | राजाराम पुत्र घीसीलाल | 673 | 0.3900 | 0.2654 | निजी | सिंचित |
| 46 | देवकरन पुत्र भवरजी | 675/1 | 0.2300 | 0.0522 | निजी | सिंचित |
| 47 | महेश प्रसाद पुत्र राम सिंह | 680 | 0.3800 | 0.3611 | निजी | सिंचित |
| 48 | नर्बदा प्रसाद पुत्र राम सिंह | 682 | 0.7200 | 0.5629 | निजी | सिंचित |
| 49 | स्वरूपसिंह पुत्र राम सिंह | 683 | 0.8900 | 0.1762 | निजी | सिंचित |
| 50 | बलवन्त सिंह पुत्र दौलत सिंह | 684 | 0.1000 | 0.0535 | निजी | सिंचित |
| 51 | बलवन्त सिंह पुत्र दौलत सिंह | 685 | 0.5600 | 0.1670 | निजी | सिंचित |
| 52 | रामकरण श्यामकरण वर्मा पिता पुत्रगण अनार सिंह प्रवीण वर्मा पुत्र देव करण | 686 | 0.3500 | 0.0876 | निजी | सिंचित |
| 53 | लक्ष्मीनारायण पुत्र रामचरण (1/3), प्रेमनारायण पुत्र रामचरण (1/3), भोपाल सिंह पुत्र रामचरण (1/3) | 687/1 | 0.2800 | 0.1840 | निजी | सिंचित |
| 54 | रामकरण श्यामकरण वर्मा पिता पुत्रगण अनार सिंह प्रवीण वर्मा पुत्र देव करण | 687/2 | 0.2500 | 0.2507 | निजी | सिंचित |
| 55 | रामकरण श्यामकरण वर्मा पिता पुत्रगण अनार सिंह प्रवीण वर्मा पुत्र देव करण | 688/1 | 0.3300 | 0.1300 | निजी | सिंचित |
| 56 | लक्ष्मीनारायण पुत्र रामचरण (1/3), प्रेमनारायण पुत्र रामचरण (1/3), भोपाल सिंह पुत्र रामचरण (1/3) | 688/2 | 0.1000 | 0.1000 | निजी | सिंचित |
| 57 | रामकरण श्यामकरण वर्मा पिता पुत्रगण अनार सिंह प्रवीण वर्मा पुत्र देव करण | 688/3 | 0.0900 | 0.0788 | निजी | सिंचित |
| 58 | ज्ञान सिंह पुत्र हरप्रसाद | 478/2 | 0.8400 | 0.1970 | निजी | सिंचित |
| 59 | विक्रम सिंह पिता बंशीलाल (1/14), देवी प्रसाद पिता दयालाल (1/2), देवकुंअर बाई पत्नी बंशीलाल (1/14), संतोष कुमार पिता बंशीलाल (1/14), राजेन्द्र प्रसाद पिता बंशीलाल (1/14), कमल सिंह पिता बंशीलाल (1/14), विष्णु प्रसाद पिता बंशीलाल (1/14), राकेश कुमार पिता बंशीलाल (1/14) | 444 | 1.2000 | 0.2759 | निजी | सिंचित |
| 60 | विक्रम सिंह पिता बंशीलाल(1/14), देवी प्रसाद पिता दयालाल(1/2), देवकुंअर बाई पत्नी बंशीलाल (1/14),संतोष कुमार पिता बंशीलाल(1/14), राजेन्द्र प्रसाद पिता बंशीलाल(1/14), कमल सिंह पिता बंशीलाल(1/14), विष्णु प्रसाद पिता बंशीलाल(1/14),राकेश कुमार पिता बंशीलाल (1/14) | 443 | 1.2600 | 0.7332 | निजी | सिंचित |
| 61 | मांगीलाल पुत्र हजारीलाल | 442/1 | 0.3100 | 0.1666 | निजी | सिंचित |
| 62 | गंगाप्रसाद पुत्र हजारीलाल | 442/2 | 0.3600 | 0.0270 | निजी | सिंचित |
| 63 | मांगीलाल पुत्र हजारीलाल | 441 | 0.0500 | 0.0489 | निजी | सिंचित |
| 64 | शिवचरण वर्मा पुत्र बुलाखी | 440 | 0.1600 | 0.1696 | निजी | सिंचित |
| 65 | ज्ञान सिंह पुत्र धनपाल सिंह | 427/1/1 | 0.1320 | 0.1071 | निजी | सिंचित |
| 66 | शिवचरण वर्मा पुत्र बुलाखीलाल | 427/1/2 | 0.0480 | 0.0417 | निजी | सिंचित |
| 67 | ज्ञान सिंह पुत्र धनपाल सिंह | 427/2 | 0.1600 | 0.0725 | निजी | सिंचित |
| 68 | ज्ञान सिंह पुत्र धनपाल सिंह | 428/1 | 0.3320 | 0.2375 | निजी | सिंचित |
| 69 | शिवचरण वर्मा पुत्र बुलाखीलाल | 428/2 | 0.0480 | 0.0216 | निजी | सिंचित |
| 70 | शिवचरण वर्मा पुत्र बुलाखी | 439 | 0.6800 | 0.2028 | निजी | सिंचित |
| 71 | गुलाब वर्मा पिता मांगीलाल | 359 | 0.2000 | 0.0100 | निजी | सिंचित |
| 72 | सुंदरबाई पत्नी स्व. श्री किशन (1/4), अनार सिंह पिता स्व. श्री किशन (1/4), राजेश वर्मा पिता स्व. श्री किशन (1/4), बिन्दाबाई पिता स्व. श्री किशन (1/4) | 360 | 0.1700 | 0.1525 | निजी | सिंचित |
| 73 | जयनारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), चतुर नारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), अर्जुन सिंह पुत्र मुंशीलाल (1/6), जमनाप्रसाद पुत्र मुंशीलाल (1/6), पुष्पाबाई पुत्री मुंशीलाल(1/6), सीमाबाई पुत्री मुंशीलाल (1/6) | 361 | 0.1800 | 0.1420 | निजी | सिंचित |
| 74 | जयनारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), चतुर नारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), अर्जुन सिंह पुत्र मुंशीलाल (1/6), जमनाप्रसाद पुत्र मुंशीलाल (1/6), पुष्पाबाई पुत्री मुंशीलाल (1/6), सीमाबाई पुत्री मुंशीलाल(1/6) | 362 | 0.3000 | 0.1980 | निजी | सिंचित |
| 75 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 363 | 0.3000 | 0.1880 | निजी | सिंचित |
| 76 | दुलीचन्द पुत्र चैन सिंह | 368/1 | 0.4150 | 0.0400 | निजी | सिंचित |
| 77 | शिवनारायण पुत्र चैन सिंह | 368/2 | 0.4150 | 0.1606 | निजी | सिंचित |
| 78 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 369 | 0.2800 | 0.0696 | निजी | सिंचित |
| 79 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 370/2 | 0.2130 | 0.0786 | निजी | सिंचित |
| 80 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 371 | 0.2000 | 0.1968 | निजी | सिंचित |
| 81 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 372 | 0.2300 | 0.2075 | निजी | सिंचित |
| 82 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 373 | 0.2500 | 0.2320 | निजी | सिंचित |
| 83 | जयनारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), चतुर नारायण पुत्र मुंशीलाल (1/6), अर्जुन सिंह पुत्र मुंशीलाल (1/6), जमनाप्रसाद पुत्र मुंशीलाल (1/6), पुष्पाबाई पुत्री मुंशीलाल (1/6), सीमाबाई पुत्री मुंशीलाल(1/6) | 374 | 0.5200 | 0.0015 | निजी | सिंचित |
| 84 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 375/1 | 0.1400 | 0.0335 | निजी | सिंचित |
| 85 | नर्बदा प्रसाद पिता माखन सिंह | 376 | 0.3700 | 0.0045 | निजी | सिंचित |
| 86 | दुलीचन्द पुत्र चैन सिंह | 383/1 | 0.7550 | 0.2652 | निजी | सिंचित |
| 87 | शिवनारायण पुत्र चैन सिंह | 383/2 | 0.7550 | 0.4134 | निजी | सिंचित |
| | | **कुल योग** | **31.3060** | **12.9109** | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।

**प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की समयावधि में** हितबद्ध पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**
**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन**

म.प्र. माध्यम/127090/2026

## नगर में आज

### लास्य त्रिवेणी
- स्थानः स्वर्णजयंती सभागार, प्रशासन अकादमी
- समयः शाम 7 बजे

### जलरंग चित्र प्रदर्शनी
- स्थानः भारत भवन
- समयः दोपहर 2 बजे से

### नाटय कार्यशाला
- स्थानः शैडो स्पेस थिएटर
- समयः शाम 6 बजे से

### 'माह का प्रादर्श'
- स्थानः मानव संग्रहालय
- समयः दोपहर 12 बजे से

### 75 शलाका चित्र प्रदर्शनी
- स्थानः लिखंदरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- समयः दोपहर 12 बजे से

# डिजिटल पुलिसिंग पर ब्रेक, दम तोड़ रहा ई-एफआईआर सिस्टम

## भोपाल के आंकड़े चिंताजनकः तकनीकी खामियों के कारण राह से भटकी 'ई-एफआईआर' व्यवस्था, 55 ई-एफआईआर में से केवल 5 पर ही कार्रवाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मध्य प्रदेश में नागरिकों को थानों के चक्कर को बचाने और स्मार्ट पुलिसिंग कॉन्सेप्ट के तहत शुरू की गई 'ई-एफआईआर' व्यवस्था फिलहाल अपनी राह भटकती नजर आ रही है। सरकार का उद्देश्य था कि लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें, लेकिन तकनीकी बाधाओं और संसाधनों की कमी ने इस अच्छी पहल के प्रभाव को काफी हद तक कम कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि ई-एफआईआर को लेकर जनता का भरोसा अभी नहीं बन पाया है। 1 जुलाई 2024 से अब तक प्रदेश भर में 19599 ई-एफआईआर दर्ज हुईं, लेकिन इनमें से महज 5843 ही वास्तविक एफआईआर में बदल पाईं। साल 2026 की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां अब तक 4290



शिकायतें ऑनलाइन आईं, लेकिन केवल 324 ही एफआईआर का रूप ले सकीं। भोपाल का हाल तो और भी बुरा है, जहां 55 ई-एफआईआर में से केवल 5 पर ही कार्रवाई हो सकी।

**छोटे-छोटे मामलों की शिकायतः** पुलिस का आला अधिकारी भी कम आंकड़ों पर चिंता जता रहे हैं। इसका प्रतिशत बढ़ना चाहिए। लेकिन देखने में यह भी आया है कि लोग ऑनलाइन ई-एफआईआर तो दर्ज करा देते हैं, लेकिन तीन दिन के अंदर थाने नहीं पहुंचते। बहुत से मामले में यह भी देखा गया है कि वित्तीय संबंधी समस्या न होकर दूसरी समस्या ई-एफआईआर में की जाती है। कुछ लोग बोलते हैं कि अभी बाहर हूं आकर बताता हूं। यहां तक कि छोटे-छोटे मामलों की भी शिकायत की जाती है। थाने में आने में इंट्रेस्ट नहीं लेते है। दूसरी ओर इस सिस्टम के फेल होने के पीछे सबसे बड़ी वजह इसकी जटिल प्रक्रिया है। भले ही शिकायत ऑनलाइन हो जाती है, लेकिन नियमों के अनुसार शिकायतकर्ता को तीन दिन के भीतर थाने जाकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य है। जब अंत में थाने ही जाना है, तो लोग शुरू से ही सीधे थाने जाकर शिकायत दर्ज कराना ज्यादा सुविधाजनक समझ रहे हैं। इसके अलावा, थानों में ऑनलाइन शिकायतों के प्रोसेस होने में देरी ने लोगों के भरोसे को और भी कमजोर किया है।

### खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी

वहीं, दूसरी ओर खुद पुलिस बल भी संसाधनों के संकट से जूझ रहा है। नई आपराधिक प्रक्रिया नियमावली के तहत अपराध स्थलों की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्य जुटाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए सरकार ने जांच अधिकारियों को टैबलेट तो दिए हैं, लेकिन खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी के चलते वे न तो साक्ष्य अपलोड कर पा रहे हैं और न ही ई-साक्ष्य ऐप का प्रभावी उपयोग कर पा रहे हैं।

### तकनीकी सत्यापन की अनिवार्य शर्त

हालत यह है कि कई जांच अधिकारी अपनी व्यक्तिगत मोबाइल फोन का उपयोग वीडियो और फोटो खींचने के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए जरूरी सीडी और पेन ड्राइव जैसे उपकरण भी कई बार अधिकारियों को अपनी जेब से खरीदने पड़ रहे हैं। फिलहाल, तकनीकी मोर्चे पर जूझ रही पुलिस और सत्यापन की अनिवार्य शर्त के कारण ई-एफआईआर सिस्टम उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है।

| वर्ष | ई-एफआईआर | वास्तविक दर्ज |
|---|---|---|
| 2024 | 19599 | 5843 |
| 2026 | 4290 | 324 |
| भोपाल | 55 | 05 |

" आंकड़े चिंताजनक हैं, इसका प्रतिशत बढ़ाया जाना जरूरी है। लोगों में भी इसके लिए अवेयरनेस जरूरी है। तय समय में थाने में पहुंचना जरूरी है। यह लोगों की सुविधा के लिए बनाई गई है। इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।
**संजय कुमार,**
पुलिस कमिश्नर

## संक्षिप्त खबरें

### जमानत पर आए निगरानी बदमाश को चाकुओं से गोदा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** इलाके में वर्चस्व को लेकर निगरानी बदमाश को चाकुओं से गोद दिया गया। मां की मौत होने पर वह 7 जुलाई को 15 दिन की जमानत पर आया है। अशोका गार्डन पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी फरार हैं। पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों का भी पूर्व आपराधिक रिकार्ड है। अशोका गार्डन पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय रोहित कबाड़ी थाने की निगरानी बदमाश है। वह करीब एक साल से जेल में बंद है। मां की मौत होने पर वह 7 जुलाई को 15 दिन के लिए जमानत पर बाहर आया है। मंगलवार रात वह बाबा चौराहे पर अपने दोस्त के साथ चाय की दुकान पर लूडो खेल रहा था। तभी वहां पर आरोपी सुमित उर्फ सुम्मी, अनिकेत, विक्की, डोलन, संजय और उसके साथी आ गए। जहां आरोपियों ने पहले राहुल के साथ मारपीट की। इस बीच चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू राहुल के गर्दन, गाल, सीने समेत शरीर के अन्य हिस्सों में लगी। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। हमले में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि पीड़ित और आरोपी दोनों बदमाश हैं। इलाके में वर्चस्व को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नाबालिग से किया रेप गर्भवती होने पर खुलासा

**जागरण, भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में पड़ोसी ने नाबालिग छात्रा से करीब 6 महीने तक डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। छात्रा के गर्भवती होने पर घटना के बारे में परिजनों को पता चला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग थाना क्षेत्र में इलाके में रहती है। वह स्कूली छात्रा है। 23 फरवरी को उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी फरवरी से उसको डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। इसके बाद वह उसके साथ ज्यादती करता रहा। हाल ही में जब पीड़िता के पेट में दर्द होने लगा। तो परिजनों उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि नाबालिग गर्भवती है। बाद में छात्रा ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बड़े तालाब के कैचमेंट से अतिक्रमण हटाने में सुस्ती पर एनजीटी नाराज- कहा...

# प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण को संरक्षण दे रहे अधिकारी-कर्मचारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजस्व विभाग और नगर निगम के अधिकारी तालाब के कैचमेंट एरिया में बने अतिक्रमणों को हटाने को लेकर पिछले 6 साल से बैंच के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। ऐसा क्यों न मान लिया जाए कि अधिकारी-कर्मचारी ही बड़ा तालाब (भोज वेटलैंड) के अवैध अतिक्रमणों को संरक्षण दे रहे हैं। आप लोगों के रवैये से साफ नजर आ रहा है कि आपके मन में कानून के शासन का जरा भी सम्मान नहीं है। बुधवार को यह तल्ख टिप्पणी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन बैंच ने बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रहे अतिक्रमण और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन पर कही। इस दौरान बैंच राच्य सरकार, जिला प्रशासन और भोपाल नगर निगम के कामकाज के तरीके पर असंतोष जताया और कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट के निर्देशों और उच्च स्तरीय समिति के गठन के बाद भी आज तक बड़े तालाब के वास्तविक वेटलैंड क्षेत्र का निर्धारण





और सीमांकन नहीं किया जा सका है। यह मामला इतने लंबे समय तक लटकाया गया है कि अब हमें भी आशंका होने लगी है कि अप्रत्यक्ष रूप से नियमों की अनदेखी कर कुछ प्रभावशाली निर्माणों को संरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि राशिद नूर खान बनाम कलेक्टर, भोपाल एवं अन्य मामले की सुनवाई करते हुए अधिकरण ने यह तल्ख टिप्पणी की। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने मामले की जानकारी दी।

### हाईकोर्ट के स्टे के कारण नहीं हट पा रहे हैं कुछ बड़े अतिक्रमण : नगर निगम

सुनवाई के दौरान आवेदक की ओर से अधिवक्ता तिवारी ने पीठ को अवगत कराया कि प्रशासन अतिक्रमणों को हटाने में केवल खानापूर्ति कर रहा है। कार्रवाई के दौरान केवल छोटे-मोटे अतिक्रमण तो हटा दिए गए हैं, लेकिन बड़े और रसूखदार अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर नगर निगम के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि वेटलैंड, निजी तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मौजूद हैं, इनमें से कुछ मामलों में हाई कोर्ट के स्टे प्रभावी हैं। जिसके चलते इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर बैंच ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में अवैध निर्माणों को बने रहने की छूट नहीं दी जा सकती।

### कार्रवाई को टालकर जिम्मेदारी से नहीं बच सकते अधिकारी

बैंच ने याद दिलाया कि वेटलैंड अधिनियम, 2017 के तहत यह नगर निगम का दायित्व है कि वह हर निर्माण का परीक्षण करे कि वह प्रतिबंधित क्षेत्र में है या नहीं। निर्णय लेने से बचना या कार्रवाई को लगातार टालना, अधिकारियों को जिम्मेदारी से आजाद नहीं कर सकता है। सुनवाई के आखिर में बैंच ने कलेक्टर भोपाल और नगर निगम आयुक्त को आदेश जारी करते हुए कहा कि फुल टैंक लेवल (एफटीएल) और बफर जोन के भीतर मौजूद सभी अतिक्रमणों को सख्ती से हटाया जाए। साथ ही अगली सुनवाई के पहले इस संबंध में लंबे समय से पेंडिंग प्रोग्रेस रिपोर्ट भी बैंच के समक्ष प्रस्तुत की जाए। इस दौरान राज्य शासन की ओर से त्वरित कार्रवाई की बात कही गई।

# कलियासोत डैम के पास फिर दिखा बाघ, वीडियो वायरल

## इलाके में लगातार बना हुआ है 13 बाघों का मूवमेंट

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के कलियासोत डैम के पास एक बार फिर बाघ की हलचल दर्ज की गई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। सोशल मीडिया पर जारी एक 5-6 दिन पुराने वीडियों के अनुसार एक वयस्क बाघ देर रात बेफिक्र होकर सड़क पार करता नजर आ रहा है। इस दौरान कार की रोशनी पड़ने पर यह जंगल की ओर जाकर झाड़ियों में ओझल हो जाता है। बुधवार को वीडियो उजागर होने के बाद इस इलाके में सनसनी फैल गई। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो यह इलाका बाघ का ही प्राकृतिक आवास है। इस कारण लोगों को यहां रात के समय चहलकदमी करने से बचना चाहिए। बाघ मित्र राशिद नूर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कलियासोत, केरवा, चंदनपुरा और वाल्मी की पहाड़ियों में बाघों की सक्रियता बनी रहती है। इसके बाद भी इस इलाके में लगातार व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में कलियासोत, केरवा, समरधा, अमोनी और भानपुर के लगभग 25 किलोमीटर के दायरे में बाघिन टी-123 के कुनबे समेत कुल 13 स्थानीय बाघों का यहां पर मूवमेंट है। इन सभी बाघों का जन्म यहीं हुआ है।



### मास्टर प्लान की चर्चा शुरू होते ही अपनी मौजूदगी दर्ज करा देते हैं बाघ

शहर में जब-जब मास्टर प्लान, जमीन के डायवर्जन, शहरी विस्तार या अब भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन की चर्चाएं होती हैं, तब-तब बाघ अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर शहर की सीमाओं का अहसास करा देते हैं। इसके पहले भी फरवरी 2022 में चूना भट्टी स्थित भोज यूनिवर्सिटी कैंपस और कोलार क्षेत्र में भी बाघों की मौजूदगी दर्ज की गई थी। यह इलाका रातापानी के जंगलों से जुड़े होने के कारण यहां अक्सर ही बाघ व तेंदुए सहित अन्य वन्य प्राणियों का मूवमेंट बना रहता है।

# चरित्रहीनता के चलते अरेरा हिल्स थाना प्रभारी व आरक्षक निलंबित

## पीड़ित ने की थी पुलिस कमिश्नर से शिकायत

### निरीक्षक अखिलेश वर्मा को बनाया अरेरा हिल्स टीआई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना प्रभारी सुनील शर्मा और आरक्षक नंदकिशोर को चरित्रहीनता के चलते निलंबित कर लाइन अटैच किया गया है। इस संबंध में पीड़ित पति ने पुलिस कमिश्नर (सीपी) संजय कुमार से शिकायत की थी। इसकी जांच उन्होंने एडिशनल डीसीपी जोन-टू (प्रशिक्षु आईपीएस) मिनी शुक्ला को सौंपी थी। जांच में थाना प्रभारी शर्मा और आरक्षक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। दोषी पाए जाने पर डीसीपी विकास शहवाल ने बुधवार को दोनों को थाने से हटा दिया है। सीपी ने निरीक्षक अखिलेश वर्मा को अरेरा हिल्स थाने का प्रभारी बनाया है। इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अखिलेश वर्मा 2013 बैच के हैं। डीसीपी जोन-टू विकास शहवाल ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित पति ने पुलिस कमिश्नर से पांच दिन पहले शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि मेरा पत्नी से पारिवारिक विवाद चलता है। इस संबंध में पूर्व में उन्होंने अरेरा हिल्स थाने में शिकायत की थी। इस पर दोनों को थाने बुलाया गया। जहां आरक्षक नंदकिशोर ने मेरी पत्नी को बरगलाया और उससे नजदीकी बढ़ाई। इससे उनके पारिवारिक रिश्ते टूट गए। इसके बाद आरक्षक ने थाना प्रभारी सुनील शर्मा से पत्नी को मिलवाया। थाना प्रभारी अकेले में महिला से मिलने लगे। काफी देर तक उनके बीच बातें होने लगीं। थाने में भी महिला का आना-जाना काफी हो गया। पति ने महिला को समझाया तो वह उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। इस संबंध में उन्होंने थाना प्रभारी से पत्नी से दूर रहने को बोला। लेकिन कोई बात नहीं मानी। थक-हारकर उसने इसकी शिकायत की थी। जांच के बाद बुधवार को दोनों को थाने से हटा दिया गया। थाना प्रभारी और आरक्षक पर गंभीर आरोप हैं। अब पुलिस विभागीय जांच करेगी।

### नकदी 2 लाख समेत पांच लाख रुपए का सामान ले गए चोर

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी नगर स्थित प्रेस कॉम्पलेक्स में चोरी का मामला सामने आया है। चोर यहां एक गैस किट की दुकान से नकदी दो लाख समेत पांच लाख रुपए कीमती सामान बटोर ले गए। चोर अपने साथ सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 60 वर्षीय संजय गुप्ता पिता बीडी गुप्ता की एमपी नगर जोन-वन स्थित गैस किट की दुकान है। 20 जुलाई की रात वह दुकान पर ताला लगाकर घर चले गए थे। 21 की सुबह पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा था। अंदर रखे तीन लैपटॉप, डीवीआर और दो लाख नकदी गायब थी। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से निरीक्षण करवाया। चूंकि प्रेस काम्पलेक्स लगभग रातभर खुला रहता है। यहां लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में पुलिस को किसी परिचित पर शक है। इसलिए पुलिस ने दुकान में काम करने वाले और पिछले दिनों हटाए गए सभी कर्मचारियों की सूची मांगी है।

# सूदखोरों से परेशान रसोइए ने किया सुसाइड कलियासोत के पास पेड़ से लटका मिला शव

## सुसाइड नोट में लिखा - कर्ज चुकाने के बाद भी मांग रहे रोज 10 हजार रुपए ब्याज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कलियासोत डेम 13 शटर गेट के पास एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक के पास सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि वह कर्ज से परेशान है। कर्ज चुकाने के बाद भी रोजाना 10 हजार रुपए ब्याज मांग रहे हैं। सुसाइड नोट में मिले परिजनों के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी पहचान हुई। रातीबड़ पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर हैंडराइटिंग मिलान के लिए क्यूडी शाखा भेजा है। रातीबड़ पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय रामश्रवण पटेल नीलबड़ स्थित बृजधाम कॉलोनी में रहता था। वह कोलार स्थित एक बंगले पर रसोइए का काम करता था। मंगलवार दोपहर को काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। देर रात उसका शव कलियासोत डेम स्थित 13 शटर गेट के पास पेड़ से लटका मिला। सुसाइड नोट में मृतक ने लिखा कि मकान निर्माण के लिए उसने बृज पटेल नामक व्यक्ति से 3.70 लाख रुपए उधार लिए थे। वह पूरी रकम दे चुका है, लेकिन इसके बाद भी उससे रोजाना 10 हजार रुपए ब्याज की मांग की जा रही थी। इसके अलावा एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट भी लगातार उस पर दबाव बना रहे थे। इसी मानसिक तनाव के कारण उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है।



**कॉल डिटेल और बैंक के लेनदेन की जांचः** रातीबड़ थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में कर्ज के कारण मानसिक तनाव की बात सामने आई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि चार दिन पहले भी रामश्रवण ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। लेकिन उस समय उसकी जान बच गई थी। पुलिस, मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल, बैंक के लेनदेन की जांच के अलावा सुसाइड नोट में जिन लोगों के नाम लिखे हैं, उनसे पूछताछ करेगी। मामले की जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इधर, मृतक के भाई अरुण पटेल का कहना है कि रामश्रवण ने कर्ज चुकाने परिवार के गहने तक गिरवी रख दिए थे, इसके बावजूद लेनदार दबाव बना रहे थे। इससे वह मानसिक रूप से तनाव में था इसलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

### चूनाभट्टी थाने में घंटों बैठाया, बनाया दबाव

परिजनों का आरोप है कि तीन दिन पहले चूनाभट्टी थाने से बुलाया गया था। जहां उसे घंटों बैठाकर कर्ज चुकाने का दबाव बनाया गया। इस बारे में चूनाभट्टी थाना प्रभारी धर्मेंद्र मौर्य का कहना है कि 3-4 दिन पहले बैंक वाले रामश्रवण को लेकर थाने पहुंचे थे। बैंक वालों ने आवेदन में बताया था कि उसने करीब 7 लाख रुपए लोन लिया है, जोकि चुका नहीं रहा। रिकवरी के लिए एजेंट जाता है तो पैसे देने से मना कर देता है। इसके बाद कोई बात नहीं हुई।

# 500 रुपए के विवाद में अवैध शराब कारोबारियों ने युवक को मारी गोली

## देर रात शाहजहांनाबाद मल्टी की घटना, आरोपी फरार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में मल्टी में देर रात शराब बेचने वालों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके कंधे के नीचे हाथ में लगी है। उनके बीच 500 रुपए को लेकर विवाद हुआ था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। मुख्य आरोपी आबकारी एक्ट के मामले में अभी हाईकोर्ट से जमानत पर आया था। इधर, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ नामजद और अन्य दो के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

शाहजहांनाबाद थाना प्रभारी उमेशपाल सिंह चौहान ने बताया कि श्यामला हिल्स निवासी अमन (22) पिता सलीम निजी काम करता है। पूर्व में वह कल्याण नगर में रहता था। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात उसके पास दो दोस्त पहुंचे। दोस्त ने बोला कि शराब पीना है। अमन ने बताया कि चलो मल्टी में चलते हैं। वहां मिल जाएगी। देर रात दो बजे अमन व उसके दोस्त सी-वन मल्टी बाजपेई नगर पहुंचे। जहां कुछ लड़के बैठे मिले। अमन ने उनसे पूछा शराब मिलेगी। एक लड़का बोला लाकर देता हूं। अमन ने उसे 500 रुपए दिए। थोड़ी देर बाद वह लड़का आया और बोला यहां शराब नहीं मिलती है। अमन ने बोला कि शराब नहीं है तो मेरे पैसे वापस करो। इस पर उसने 100 रुपए लौटाए। अमन ने कहा पूरे पैसे दो। उसने कहा इतने ही मिलेंगे।

### आरोपी की मल्टी में है ससुराल

इस पर उनकी आपस में बहस होने लगी। दोनों ओर से मारपीट हुई। इस बीच हेमंत नाम के युवक ने अमन को गोली मार दी। गोली अमन के हाथ में लगी। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। इस बीच आरोपी भाग निकले। घटना के बाद अमन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। आरोपी हेमंत कुंभकार बैरागढ़ का रहने वाला है। उसे कुछ दिन पहले शाहजहांनाबाद पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। उसकी ससुराल मल्टी में है। अन्य थानों में भी उसके खिलाफ अपराध दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## मौसम | शहर में 24 घंटे में 53 एमएम से ज्यादा बारिश दर्ज

# झमाझम बारिश से गर्मी व उमस से मिली राहत, तीन डिग्री तक कम हुआ तापमान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान शहरवासियों को दो दिनों से लगातार जारी बारिश से राहत तो मिली ही है। इससे शहर में बनी सूखे जैसी स्थिति से भी निजात मिली है। सोमवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार के बाद बुधवार को भी बना रहा। इस दौरान शहर में पिछले 24 घंटे के अंदर 53.34 एमएम बारिश दर्ज की गई। इससे शहर के तापमान में भी तेजी से गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार भोपाल सहित मध्य प्रदेश के कई अन्य जिलों में बारिश का यह दौर अभी आगे भी जारी रहेगा। लगभग तीन दिनों तक शहर में मानसून की यही स्थिति बनी रहेगी। अगले 24 से 48 घंटों के बीच भारी बारिश से अति भारी बारिश होने की संभावना बनी रहेगी।



### आज भी बारिश का यह दौर रहेगा

शहर में सोमवार देर रात से शुरू बारिश का दौर शुरू हुआ है। मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक शहर में 21.4 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बुधवार सुबह 8.30 बजे तक 53.34 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश के चलते पारा भी तेजी से लुढ़का है, जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहकर 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम होकर 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को भी बारिश का यह दौर छाया रहेगा। इस दौरान आकाश में बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान औसतन 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

# वाहन खरीदकर नहीं भरी किस्त जीपीएस बंद कर दूसरे को बेचा

**जागरण, भोपाल।** गौतम नगर थाना में आयशर वाहन खरीदने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने वाहन मालिक को 2.40 लाख रुपए देकर बची फाइनेंस की 51 किस्तें जमा करने का वादा किया, लेकिन न तो किस्तें भरी और न ही वाहन लौटाया और फिर बाद में जीपीएस सिस्टम बंद कर वाहन किसी अन्य को बेच दिया। 44 वर्षीय नफीस खान सीहोर में रहते हैं। नफीस को पत्नी के इलाज के लिए पैसों की जरूरत थी। वह आयशर वाहन को बेचना चाहते थे। उक्त वाहन फाइनेंस पर था, जिसकी महीने की किस्त 50,597 रूपए थी,उसकी 51 किश्तें बाकी थीं। करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात छोला रोड निवासी राजेश कुशवाहा से हुई। राजेश ने उसे जिया उल इस्लाम और नईम से मिलवाया। जिन्होंने गाड़ी खरीदने की बात कहते हुए 2.40 लाख नगद दे दिए और बची हुई फाइनेंस किश्तों को जमा करने का भरोसा दिया। 10 फरवरी 2024 को लिखित अनुबंध के बाद वाहन आरोपियों को सौंप दिया गया। जिसके बाद करीब तीन महीने तक लगातार फाइनेंस किस्त नहीं जमा करने की जानकारी मिली।

DUKE COLLEGE OF MANAGEMENT
(Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to Barakatullah University, Bhopal)
www.dcmbpl.com | dcmbhopal20@gmail.com | 9131685755, 9893666820
Duke College of Management invites applications from eligible candidates for Faculty Recruitment for Management (MBA) course under Barakatullah University's Statute 28 (College Code - 28) for the following positions:
Professor-1 | Associate Professor-1 | Assistant Professor-5
Qualification, Experience, and Salary as per norms. The number of vacancies is subject to change. The College reserves the right to make necessary modifications without prior notice. Interested candidates may apply with their CV, testimonials and a colour passport-size photograph addressed to: The Director, Duke College of Management, Sankhedi, Salaiya via Danish Kunj, Kolar Road, Bhopal (M.P.) - 462042 within 7 days by Email only.
Director

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## संसद में टकराव से नहीं चलेगा लोकतंत्र

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है। देश की संसद अगर जनता के मुद्दों पर विचार और बहस के जरिए किसी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए नहीं, तो आखिर किसलिए है! विपक्षी दलों का कर्तव्य है कि वे जनता की नुमाइंदगी करते हुए उनकी आवाज, उनके मुद्दों को संसद में उठाएं और सरकार से जवाब मांगें। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन जिस रूप में पहुंच गया, उससे बचने के लिए अगर सिर्फ बातचीत का रास्ता अख्तियार किया गया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। बड़ी संख्या में जमा हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, बल प्रयोग किया, जिसमें कई युवाओं के घायल होने की खबर आई। इस रुख ने एक बार फिर देश की लोकतांत्रिक परंपरा और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर चोट ही पहुंचाई है। संभव है कि सख्ती के जरिए आंदोलनकारियों की आवाज को फिलहाल शांत कर दिया जाए, लेकिन क्या इससे वे सवाल खत्म हो जाएंगे, जिन्हें लेकर युवाओं के सामने सड़क पर उतरने की नौबत आई?

अगर सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के मुद्दों को हंगामे के शोर में दफ्न करना नहीं है, तो क्या इसके लिए वक्त पर संवाद की पहल नहीं की जानी चाहिए थी यह एक आदर्श स्थिति है कि देश की संसद में विधायी कामकाज सामान्य तरीके से पूरा हो। इसे सुनिश्चित करने की जितनी जिम्मेदारी विपक्षी दलों की है, उससे ज्यादा बड़ा दायित्व खुद सरकार का है कि वह विवादित मुद्दों पर संवाद के जरिए आमराय बनाकर सदन का काम सुचारु रूप से पूरा होने की स्थितियां निर्मित करे। विपक्षी दलों का कर्तव्य है कि वे जनता की नुमाइंदगी करते हुए उनके मुद्दों को संसद में उठाएं और सरकार से जवाब मांगें। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि सरकार को इस तरह की स्थितियों में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए अपनी ओर से पहल करना कोई गैर-महत्व की बात लगती है। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ता है।

गौरतलब है कि मंगलवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही इसलिए स्थगित कर दी गई कि विपक्षी दल सरकार से इस पर जवाब चाहते थे कि एक दिन पहले दिल्ली में संसद मार्च के आह्वान के तहत जुटे युवाओं पर जिस तरह की पुलिस कार्रवाई देखी गई, उसकी जिम्मेदारी तय हो। स्वाभाविक ही विपक्षी दलों को यह आरोप लगाने का मौका मिला कि हम पुलिस के अत्याचार, प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठी चलाने और उनके घायल होने के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने तथा गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने चर्चा का अवसर नहीं दिया, हमारा मुंह बंद करा दिया।

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की ओर से अगर ऐसे सवाल उठाए जाते हैं, तो सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अगर सरकार को बातचीत के जरिए कोई रास्ता निकालना जरूरी नहीं लग रहा है, तो उसकी नजर में इसका क्या समाधान है। विपक्षी दल भी आम नागरिकों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर वे एक ज्वलंत मुद्दे पर बहस चाहते हैं और सरकार से जवाब मांग रहे हैं, तो इसे संवाद के रास्ते ही एक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सकता है।

पिछले कुछ समय से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ज्यादातर मुद्दों पर मतभिन्नता सीधे टकराव का रूप लेने लगी है और सबसे आसान उपाय सदन को स्थगित करना मान लिया जाता है। क्या यह समस्याओं का हल तलाशने और जनभावनाओं को तुष्ट करने का कोई आदर्श उपाय हो सकता है? दोनों सदनों की कार्यवाही पर हर रोज करोड़ों रुपये का खर्च आता है। संसद की उपयोगिता का आधार लोकतांत्रिक संवाद ही है। अगर संवाद की जगह सिकुड़ेगी, तो लोकतंत्र कमजोर होगा और यह ध्यान रखने की जरूरत है कि देश की वास्तविक शक्ति लोकतंत्र में ही निहित है।

प्रसंगवश

## स्वदेशी तकनीक की उपलब्धि अंतरिक्ष में 'विक्रम-1'

अंतरिक्ष में भारत के निजी क्षेत्र ने भी प्रवेश कर लिया है। 'विक्रम-1' और 'मिशन आगमन' ने सर्वप्रथम सफलता हासिल की है, जब एक निजी कंपनी के रॉकेट ने अंतरिक्ष तक सफल उड़ान भरी और पृथ्वी की निश्चित कक्षा में स्थापित किया। यह सफल प्रयोग और प्रक्षेपण 'स्काईरूट एयरोस्पेस' नामक निजी कंपनी ने किए हैं। यह पूर्णतः स्वदेशी तकनीक का रॉकेट था, जिसे पृथ्वी की कक्षा तक पहुंचा कर इस कंपनी के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इतिहास रचा है, अंतरिक्ष को एक बार फिर खंगाला है तथा अनुसंधान को वाकई एक नया आसमान दिया है। अभी तक अंतरिक्ष में प्रक्षेपण का काम 'इसरो' ही करता रहा था, जो एक सरकारी संस्थान है, लिहाजा उसे सरकार एक निश्चित बजट मुहैया कराती रही है। इसरो ने अंतरिक्ष में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लेकिन निजी क्षेत्र को अनुमति देना और फिर एक निजी कंपनी द्वारा रॉकेट भेजने के संकल्प को साकार करना वाकई अद्भुत, अप्रतिम, अनिर्वचनीय है। अंतरिक्ष कार्यक्रमों से जुड़े रहे विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने या अन्य लक्ष्य प्राप्त करने का बाजार 60,000 से 90,000 करोड़ रुपए का है। जाहिर है कि अवसरों के आसमान खुले हैं और इस क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाएं भरपूर हैं। 'विक्रम-1' की ऐतिहासिक सफलता तब हासिल की गई है, जब करीब 120 वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इसरो से इस्तीफे दे दिए हैं अथवा वीआरएस ले लिया है। यह विदाई या अलगाव बेहद चिंताजनक माना गया, क्योंकि ये तकनीकी चेहरे भारत के 'चद्रयान-4' और 'गगनयान' जैसे विराट, दुस्साध्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों से जुड़े थे। वे सभी कार्यक्रम अपने अंतिम और निर्णायक चरण में हैं। इस्तीफा देने वाले कई इसरो वैज्ञानिक और इंजीनियर अंतरिक्ष संबंधी स्टार्टअप्स से जुड़ गए। 'विक्रम-1' भेजने वाली 'स्काईरूट एयरोस्पेस' कंपनी की स्थापना भी 2018 में पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका ने की थी, जिन्होंने इसरो की नौकरी छोड़ी थी और यह स्टार्टअप शुरू किया था। इसरो से कुछ चेहरे विदाई लेते हैं, तो उसे 'राष्ट्रीय क्षति' नहीं मानना चाहिए।



वे किसी स्टार्टअप अथवा निजी कंपनी से जुड़ना चाहें, तो इसरो को उन्हें एक निश्चित अवधि तक अनुमति दे देनी चाहिए, ताकि वे अपनी पेशेवर क्षमताओं का विस्तार कर सकें और आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध हो सकें। 'विक्रम-1' परोक्ष रूप से इसरो का ही सृजन है, लिहाजा निजी क्षेत्र को भी 'राष्ट्रीय विस्तार' मानना चाहिए, क्योंकि अंतरिक्ष में, अंततः, भारतीय 'तिरंगा' ही जाता है। यह डा. विक्रम साराभाई की ही विरासत है, जिन्होंने इसरो की स्थापना की और अंतरिक्ष कार्यक्रम को शुरू किया। बहरहाल अब तो प्रधानमंत्री मोदी का 'वंदे मातरम' लिखा कार्ड भी अंतरिक्ष तक पहुंच गया है। हमारा सभी का अंतिम लक्ष्य 'भारत' ही है। निजी क्षेत्र की यह अंतरिक्ष-सफलता अमरीका और चीन के बाद भारत ने ही हासिल की है। कितना गर्व और गौरव महसूस होना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी ने ऑडियो संदेश के जरिए 'मिशन आगमन' की टीम को बधाई दी है, राष्ट्र-निर्माण और आत्मनिर्भरता में उनकी भूमिका को सराहा है और प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात का न्यौता दिया है। यह बेहद महत्वपूर्ण शुरुआत है। भारत में भी अंतरिक्ष से जुड़ा एक बाजार खुलेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में कुछ पेलोड भेजे गए हैं। मसलन-इन ऑर्बिट रोबोटिक आर्म, भविष्य के मिशनों के लिए उपग्रह प्रणालियों का टेस्ट करेगा क्यूबसैट, नई अंतरिक्ष तकनीकों के सत्यापन के लिए टेस्ट सैटेलाइट, पिन पुलर एवं रिलीज नट सैटेलाइट छोड़ने के मैकेनिज्म के प्रभाव जांचेगा और 32 हीरों से बना कमल। भारत के दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में कुछ दिन बिता कर अध्ययन कर चुके हैं। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय रहे, जो करीब 18 दिन तक अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर रहे और 'तिरंगा' लहराते रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण और जीवनोपयोगी प्रयोग भी किए हैं। उनके परिणाम सामने आएंगे, तो दुनिया चौंक सकती है। संभवतः वह 'गगनयान' में भी अपना योगदान देंगे।

एक साथ 100 से अधिक उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने का कीर्तिमान भी भारत के नाम है। उम्मीद है कि एक दिन भारत 'अंतरिक्ष महाशक्ति' भी बन सकता है। इस तरह की गतिविधियों के लिए सरकार को बजट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए। बजट को बढ़ाने पर सरकार को विचार करना चाहिए।

अमेरिका ईरान युद्ध

ट्रंप ने किया था धार्मिक तानाशाही से मुक्ति का वादा

## ईरानियों को ही लड़नी होगी अधूरी जंग

एस प्रसन्नराजन



यह ठीक वही है, जो हम सबने सोचा। इस युद्ध में कोई नहीं जीता। अमेरिका और ईरान, दोनों की छवि को नुकसान पहुंचा। अमेरिका के लिए यह नुकसान प्रतीकात्मक था, जबकि ईरान को अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत जैसी कीमत चुकानी पड़ी। नैरेटिव की लड़ाई में सिर्फ एक ही विजेता था-ईरान। अमेरिका-विरोधी भावना, यहूदी-विरोधी सोच और एक सभ्यता के प्रति गलत सोच के अजीब मेल ने एक क्रूर शासन को 'कमजोर होते हुए भी पलटवार करने वाले' की छवि बनाने में मदद की। अमेरिका के खिलाफ हमेशा जारी रहने वाले संघर्ष की पुरानी कहानी के सहारे जीत का दावा करने वाला कोई बड़ा धर्मगुरु नहीं था। फिर भी, ईरान ने युद्धविराम के बाद भी नैरेटिव की इस जीत को लोगों को भ्रमित करने के लिए इस्तेमाल करने से खुद को नहीं रोका। ईरान ने समझौता इसलिए तोड़ा, क्योंकि वह ऐसा कर सकता था।

अधूरे युद्ध के बाद दुनिया को देखने के अपने नजरिये से, ईरान अमेरिका को एक कमजोर या घटती हुई ताकत मानता है और उसके राष्टपति को बड़ी-बड़ी बातें करने वाला धोखेबाज। ईरान का मानना है कि भले ही वह खुद नुकसान झेल चुका हो और घायल हो, फिर भी वह महाशक्ति देश को चुनौती दे सकता है। वहीं, ट्रंप ने खुद को हल्के में लेने दिया और ईरान ने दुनिया से यही संकेत लिया। दुनिया का लगभग हर नेता अमेरिकी राष्ट्रपति के अहंकार को साधने की कला में माहिर हो रहा है। वे ट्रंप के अचानक लिए गए फैसलों को समझने और उनकी समझदारी को कम आंकने का तरीका सीख रहे हैं। ईरान ने उनका मजाक उड़ाने की हिम्मत दिखाई है।

ट्रंप के साम्राज्यवाद को सही ढंग से समझा गया है। वह एक ऐसे साम्राज्य के मुखिया हैं, जो उनके अपने अहंकार जितना ही बड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर एकमात्र संरक्षक के तौर पर ईरान का लौटना, राष्ट्रपति ट्रंप पर सीधा हमला है, जो युद्ध जीतने का दावा करते हैं। यह उस राष्ट्रपति को चुनौती देना था, जिन्होंने इस रास्ते को आजाद कराने का वादा किया था, जो अमेरिका के लिए ऊर्जा-समृद्ध भविष्य के उनके विजन का अहम हिस्सा है। ट्रंप का विजन, खुद उनके इरादों के बावजूद, बाकी दुनिया की आर्थिक जरूरतों से मेल खाता है।

ईरान को लगता है कि इतिहास उसके साथ है, और ट्रंप से तंग आ चुकी दुनिया की भावनाएं भी। उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि वह पहले ही अपने ज्यादातर नेताओं को खो चुका है। इसने जो चीज बरकरार रखी है, वह है एक सैन्य-इस्लामिक ढांचा, जिसे चार दशकों से अधिक समय में बेहद घातक और सटीक बनाया गया है। ईरान के पास यही एकमात्र मजबूत व्यवस्था है, और यह इतनी गहराई से जमी हुई है कि कोई भी युद्ध इसके फैलाव या इसके गुमनाम नेतृत्व के ढांचे को खत्म नहीं कर सकता। अमेरिका को निराश करने वाली ईरान की उस प्रतिक्रिया ने यह दिखाया कि कैसे 'ईश्वर के क्रांतिकारी' के मार्गदर्शन के बिना भी किसी युद्ध को बेअसर किया जा सकता है। ऐसा लग रहा था, जैसे फारसी लोककथाओं की कोई रहस्यमयी शक्ति बहुत बड़े पैमाने पर बुराई को काबू में कर रही हो।

यह अब भी वैसा ही है। ट्रंप भले ही दावा करें कि आक्रामक ईरान के खिलाफ हमले जारी रखने के लिए अमेरिका को युद्ध की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें उस व्यवस्था की असलियत का जरा भी अंदाजा नहीं है, जिसके साथ वह समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान में एक ऐसी सरकार है, जिसमें कोई एक सर्वोच्च अधिकारी या आवाज नहीं है। उसके सभी प्रवक्ताओं की विश्वसनीयता बस एक होलोग्राम जैसी है। ईरान ने नैरेटिव की जो लड़ाई जीती है, उससे वह शहादत को राष्ट्रीय ताकत और मलबे को स्मारक में बदल सकता है। यह बेचेहरा सरकार मानवीय जवाबदेही से मुक्त है, यहां तक कि धार्मिक वैधता का उसका दिखावा भी महज एक क्रांतिकारी मुखौटा है। उसकी यही खतरनाक आजादी न सिर्फ अमेरिकी ताकत का सामना करती है, बल्कि उसे नीचा भी दिखाती है। लेकिन, इसका शिकार केवल अमेरिका या होर्मुज जलडमरूमध्य में अपनी जान जोखिम में डालने वाले नाविक ही नहीं हैं। उन्हें तो कीमत चुकानी ही पड़ती है, साथ ही पूरे पश्चिम एशिया को भी। अमेरिकी हमले का बदला लेने के लिए आसान शिकार की तलाश कर रहा ईरान, खाड़ी क्षेत्र में पहले ही बेचैनी का माहौल बना चुका है। ईरान ने हमेशा एक साम्राज्यवादी देश के आत्मविश्वास के साथ अपनी आध्यात्मिक और सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। असल में और अपने रवैये में वह ऐसा ही था। उसने अपने पड़ोस के उन आतंकवादी संगठनों को हथियार और इस्लामी विचारधाराओं की आपूर्ति की, जो उन लोगों के प्रति भारी नफरत और उन्हें खत्म करने की भावना रखते थे, जिन्हें वे अपने अनुकूल नहीं मानते थे। फिर भी, हार में जीत खोजने वाला ईरान सिर्फ दुनिया की शांति के लिए ही खतरा नहीं है, अपने देश के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

ट्रंप ने ईरानियों को धार्मिक तानाशाही से आजादी दिलाने का वादा करते हुए लड़ाई छेड़ी थी। इस तरह का नैतिक आदर्शवाद असल में पुरानी अमेरिकी सोच थी, जिसमें अपने फायदे और अंतरराष्ट्रीय नैतिकता का मेल होता था। और यही वे ईरानी चाहते थे, जिन्होंने सत्ता को चुनौती दी और अंततः जेलों में या कब्रगाहों में जा पहुंचे। एक लड़खड़ाती क्रांति की भूख कभी नहीं मिटती और अतीत की सभी क्रांतियों की तरह, इसे बनाए रखने के लिए भी बागी लोगों के खून की जरूरत थी। ट्रंप उम्मीद जगाने वाले एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी उनसे ऐसी उम्मीद कम ही थी।

ईरान की अधूरी लड़ाई अब ईरानियों को ही पूरी करनी होगी। ट्रंप भी अपनी बातों पर टिक नहीं सके। उन्होंने ईरानियों को ऐसा मौका ही नहीं दिया कि वे अपनी क्रांति शुरू कर पाते। असली ईरानी क्रांति के एक दशक बाद, 1989 में पूर्वी यूरोप में 'वी द पीपल' (हम लोग) के नारे के साथ बदलाव की लहर उठी। उस समय रीगन, थैचर और पोप जैसे प्रभावशाली लोग खुलकर आजादी के पक्ष में खड़े थे। लेकिन, जब ईरानियों को लगा कि अब उनके बदलाव का समय आ गया है, तब युद्ध के माहौल में उनके साथ कोई मजबूत अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं था। सिर्फ ट्रंप नजर आए, जिन्होंने अपना वादा भी जल्द ही भुला दिया। नतीजा यह हुआ कि ईरान की सत्ता ने भीतर से ही विरोध को दबा दिया।

खुला मंच

## पेट भरा-नीयत कंगाल, चोरी जन्मसिद्ध अधिकार

डॉ अतुल चतुर्वेदी

हमारे देश में चोरी कोई ग्लानि बोध का विषय नहीं है बल्कि यह एक किस्म की महारत है, कला है, प्रविधि है। जो जितनी सफ़ाई और कलात्मक तरीके से चोरी करके न पकड़ा जाये वो उतना बड़ा कलावंत।

चोरी को लेकर हमारा कॉन्सेप्ट बहुत पुरातनपंथी है। चोरी कोई अपराध नहीं है बल्कि चौंसठ कलाओं में से एक कला है। यह माखन चोरी का युग नहीं है, यह आस्था और श्रद्धा चोरी का युग है।

छोटी-मोटी चोरियां तो हम आए दिन करते रहते हैं और उसका कोई बुरा भी नहीं मानते। टोल टैक्स की चोरी को तो वीआईपी ट्रीटमेंट माना जाता है समाज में। बड़े नेता से लेकर उसके कारिंदे तक और आला अधिकारियों से लेकर छुटभैया पुलिस वाले तक टोल टैक्स को धता बताते हुए गर्व से निकलते हैं। टोल टैक्स की गाज गिरती है तो आम आदमी पर।

बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों में चोरी के बाद ठाठ से विदेशों में मौज मार रहे हैं। सरकार ससम्मान उनके एनपीएस को वे ऑफ़ कर देती हैं। बचा हुआ महंगाई के बोझ कराहती हुई जनता उठाती रहती है। जनता होती ही बोझ उठाने के लिए है और चुनो हमको। हम तो ठहरे अमरबेल और हमें चाहिए पोषण। पोषण जिससे होगा शोषण भी उसी का होगा।

बिजली चोरी हमारा नैतिक अधिकार है। गांवों में बिजली चोरी जरूरत है और शहर में बिजली चोरी कला और तकनीक का सम्मिश्रण। उद्योगपति बिजली चोरी को अपराध नहीं कर्तव्य मानता है और झुग्गी-झोपड़ी वाला मजबूरी। सरकार अभियान चलाती रहती है और बिजली चोरी होती रहती है।

किताबों की चोरी, चोरी नहीं होती। हम कंटेंट की चोरी कर सकते हैं, आइडिये चुरा सकते हैं, कविताएं चुरा सकते हैं, एमएलए चुरा सकते हैं, वार्ड पार्षद चुरा सकते हैं लेकिन किताबें भला क्यों चुराएंगे? रील और मीम्स के युग में उनका भला क्या काम?

पिछले दिनों एक अखबार ने बताया कि हज़ारों चद्दरें और तकिये हर साल ट्रेन के एसी कोच से चोरी होते हैं तो इसे कहते हैं समृद्ध चोरी। पेट भरा है तो क्या नीयत तो कंगाल है। समय की चोरी और कामचोरी तो हमारा राष्ट्रीय शग़ल है। उसके बिना तो हमारा भोजन ही हज़्म नहीं होता। बल्कि कामचोरी को तो हम अपना आदर्श और योग्यता मानते हैं जो जितना बड़ा कामचोर वो उतना बड़ा अधिकारी।

लेकिन इधर क्या हुआ कुछ लोगों ने चंदा चुरा लिया, कुछ ने दान और आस्था चुरा ली। धर्मप्राण जनता हिल गई। चुराई हुई आस्था और चंदे पर बुलडोजर भी नहीं चलाया जा सकता, बस कमेटी गठित की जा सकती है।

मरीजों के अधिकार

अस्पतालों में मरीजों के लिए कठिन हो रही न्याय की राह

## चिकित्सकीय लापरवाही की निष्पक्ष जांच का अभाव

परीक्षित निर्भय




जब भी भारत की स्वास्थ्य सेवाओं पर बहस होती है, तो वह अस्पतालों की संख्या, डॉक्टरों की कमी, महंगी दवाओं और अधूरे बीमा क्लेम के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन, एक ऐसा सवाल भी है, जो अक्सर चर्चा से बाहर रह जाता है। वह यह कि यदि किसी मरीज या उसके परिवार को लगता है कि इलाज के दौरान गंभीर चूक हुई है, तो क्या उसके पास सच जानने या फिर न्याय पाने का आसान रास्ता है?

हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें मरीज के परिजनों ने चिकित्सीय लापरवाही के आरोप लगाए। इन मामलों का सबसे चिंताजनक पहलू उसे साबित करने की कठिन प्रक्रिया भी है। कानूनी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि सामान्य परिवार वर्षों तक चक्कर काटता रहता है। कई बार तो परिजन मुआवजे से ज्यादा यह जानना चाहते हैं कि आखिर उनके अपने के साथ हुआ क्या था?

इसका एक हालिया उदाहरण अलीगढ़ का है। महीने भर पहले राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने गलत किडनी निकालने के मामले में अलीगढ़ के एक नर्सिंग होम के डॉक्टर पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। पर, यह मामला वर्ष 2012 से चल रहा था। यानी, पीड़ित परिवार को अंतिम निर्णय तक पहुंचने में लगभग 14 वर्ष लग गए। यह घटना बताती है कि न्याय की राह कितनी लंबी और कठिन हो सकती है।

वर्ष 2025 में देशभर की विभिन्न अदालतों और एनसीडीआरसी में चिकित्सीय लापरवाही से जुड़े करीब 65 हजार मामले दर्ज हुए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें, तो भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल असुरक्षित मेडिकल देखभाल के कारण अनुमानित 13.8 करोड़ मरीजों को नुकसान पहुंच रहा है।

भारत में मेडिकल लापरवाही से होने वाली मौतों या फिर गंभीर चोटों की जांच के लिए कोई खास संस्था भी नहीं है। कोई एजेंसी नहीं, जिसका एकमात्र काम यह पता लगाना हो कि असल में क्या हुआ था? आमतौर पर शिकायतें राज्य मेडिकल काउंसिल के जरिये भेजी जाती हैं। इनके फैसलों के खिलाफ राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) में अपील की जा सकती है, पर एनएमसी का मुख्य काम मेडिकल शिक्षा को विनियमित करना है। इसके अनुशासनात्मक बोर्ड के पास न तो कोई स्वतंत्र जांच करने वाले अधिकारी हैं और न ही अस्पतालों में जाकर सबूतों की जांच करने की कोई शक्ति। जांच और सुनवाई मंचों पर गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ झूठी गवाही को लेकर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान नहीं है। कुल मिलाकर, भारत में मरीजों और उनके परिवारों के लिए मेडिकल रिकॉर्ड तक समय पर पहुंच की गारंटी देने वाली कोई कानूनी व्यवस्था नहीं है।

चिकित्सा पेशे की सबसे बुनियादी और प्राथमिक शर्त यही होनी चाहिए कि एक चिकित्सक किसी घायल व्यक्ति का बिना किसी औपचारिकता की मांग किए तुरंत इलाज करे और सबसे पहले उसका जीवन बचाने की कोशिश करे। विडंबना यह है कि कई बार अस्पताल और वहां मौजूद डाक्टर घायल मरीज को तुरंत उपचार मुहैया कराने के बजाय टालमटोल करते हैं या फिर मना कर देते हैं। नतीजतन, सिर्फ इलाज न मिलने की वजह से बच सकने वाले व्यक्ति की भी मौत हो जाती है। सवाल है कि ऐसी स्थिति में पीड़ित की मौत के लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। गौरतलब है कि बीते मार्च में बलात्कार की शिकार हुई महज चार साल की एक बच्ची को बुरी तरह घायल अवस्था में गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन वहां उसे भर्ती करने से मना किया गया। आखिरकार इसी वजह से उसकी जान चली गई। सवाल है कि जघन्य अपराध का शिकार हुई पीड़ित बच्ची को तुरंत उपचार मुहैया कराना डाक्टरों ने जरूरी क्यों नहीं समझा? ऐसे में बच्ची की मौत के लिए आखिर उन अस्पतालों और वहां मौजूद डाक्टरों को भी जिम्मेदार क्यों नहीं माना जाए?

भारत में मरीजों के इलाज को लेकर दो बड़ी नीतिगत कमियां हैं। इनमें से एक तो नेशनल इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (ईएमआर) सिस्टम का न होना और दूसरा लैब को सीधे कंसल्टिंग डॉक्टर से जोड़ने वाले डिजिटल सिस्टम के अभाव का होना है। भारत में एक स्वतंत्र और वैधानिक संस्था होनी चाहिए, जो मरीजों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों, खासकर मौत, स्थायी विकलांगता या गंभीर चोट की घटनाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करे। इलाज से जुड़े दस्तावेज समय पर उपलब्ध हों, मेडिकल रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखे जाएं और शिकायतों की निष्पक्ष जांच की व्यवस्था हो, यह सुनिश्चित करना जरूरी है।

यह भी सही है कि हर मरीज की मौत या इलाज का असफल होना लापरवाही नहीं होता। डॉक्टरों को कई बार कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने पड़ते हैं। उन्हें भी ऐसे माहौल की जरूरत है, जहां वे बेवजह के मुकदमों के डर के बिना काम कर सकें। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि मरीजों और उनके परिवारों को जानकारी और न्याय का अधिकार न मिले।

किसी भी स्वास्थ्य व्यवस्था में भरोसा केवल बड़े अस्पतालों और आधुनिक मशीनों से नहीं बनता। भरोसा तब बनता है, जब मरीज को लगे कि उसकी बात सुनी जाएगी और किसी विवाद की निष्पक्ष जांच होगी। इलाज का अधिकार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है सच जानने का अधिकार भी। भारत को ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था की जरूरत है, जिसमें डॉक्टर और मरीज एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि साझेदार हों। बेहतर इलाज के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। अगर मरीजों को अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़े, तो यह चिंता का विषय है। एक संवेदनशील समाज की पहचान यही है कि मरीज को इलाज के साथ न्याय और सम्मान भी मिले।

जीवन दर्शन

## ब्रह्मांड की यात्रा है अपने भीतर उतरना



ब्रह्मांड में जितनी दूर हमारी दूरबीनें पहुंचती हैं, उतना ही स्पष्ट होता है कि रहस्य अभी शेष है। यही बात भीतर की यात्रा पर भी लागू होती है। अपने भीतर उतरना सवालों के साथ जीना सीखना है। मनुष्य सदियों से आकाश की ओर देखता आया है। उसने तारों को गिना, ग्रहों की गति को समझा, दूरबीनें बनाईं व ब्रह्मांड के दूरस्थ कोनों तक अपनी नजर पहुंचाई। यह खोज बताती है कि हम कितने विशाल और रहस्यमय ब्रह्मांड का हिस्सा हैं। किंतु यदि हमारी यात्रा केवल बाहर ही बाहर रहे, तो वह अधूरी रह जाएगी। एक समय ऐसा आता है, जब मनुष्य समझने लगता है कि ब्रह्मांड को देखने वाला भी उसी ब्रह्मांड का एक अंश है।

जो आंख तारों को देख रही है, वह भी उन्हीं प्राकृतिक नियमों का परिणाम है, जिन्हें वह समझना चाहती है। जो बुद्धि आकाशगंगाओं का अध्ययन कर रही है, वही स्वयं प्रकृति की एक अभिव्यक्ति है। तब प्रश्न बदल जाता है। तब हम केवल यह नहीं पूछते कि ब्रह्मांड क्या है। हम यह भी पूछते हैं कि वह चेतना क्या है, जो यह प्रश्न पूछ रही है। और यहीं से भीतर की यात्रा शुरू होती है। जब कोई वैज्ञानिक किसी तारे का अध्ययन करता है, तो वह प्रकाश, ऊर्जा और गुरुत्व के नियमों को समझता है।

जब वही वैज्ञानिक अपने भीतर झांकता है, तो वह आशा, प्रेम, जिज्ञासा, भय और मौन को पहचानता है। दोनों यात्राएं भिन्न प्रतीत होती हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य एक ही है- सत्य की तलाश। ब्रह्मांड हमारी आंखों से स्वयं को देख रहा है और हमारे प्रश्नों के माध्यम से स्वयं को समझने का प्रयास कर रहा है। यदि ऐसा है, तो अपने भीतर की यात्रा केवल व्यक्तिगत नहीं रह जाती और तब वह ब्रह्मांड की यात्रा बन जाती है। जब आप अपने भय को समझते हैं, तब केवल एक व्यक्ति का भय नहीं समझा जाता। आप उस मानवीय अनुभव को समझते हैं, जो असंख्य लोगों में समान रूप से मौजूद है। जो व्यक्ति स्वयं को पूरी तरह जान लेने का दावा करता है, वह शायद स्वयं को सबसे कम जानता है। अपने भीतर उतरना किसी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंच जाना नहीं, बल्कि सवालों के साथ जीना सीखना है। भीतर की यात्रा उस ज्ञान को अर्थ देती है। अपने भीतर की यात्रा और ब्रह्मांड की यात्रा दो अलग-अलग पथ नहीं हैं, वे एक ही वृत्त की दो दिशाएं हैं, जो अंत में एक ही केंद्र पर मिलती हैं। मनुष्य का सबसे गहरा अभियान किसी दूरस्थ तारे तक पहुंचना नहीं, बल्कि उस मौन तक पहुंचना है, जहां उसे पहली बार अनुभव होता है कि वह ब्रह्मांड से अलग नहीं है। वही क्षण भीतर की यात्रा का भी शिखर है और ब्रह्मांड की यात्रा का भी।

मनुष्य की महान यात्रा अपने भीतर छिपे सत्य, चेतना व मौन को पहचानने की है। जब हम स्वयं से संवाद करने का प्रयास करते हैं, तब हम समूची मानवता और ब्रह्मांड के गहरे रहस्य का स्पर्श करते हैं। बाहरी ज्ञान हमें दिशा देता है, जबकि आत्मबोध उस ज्ञान को उद्देश्य व अर्थ प्रदान करता है।

**आर्थर एडिंग्टन**

।।गीता ज्ञान।।



**श्लोक**

न जायते म्रियते वा कदाचि-
न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो-
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥

**भावार्थ**

यह आत्मा किसी काल में भी न तो जन्मता है और न मरता ही है तथा न यह उत्पन्न होकर फिर होने वाला ही है क्योंकि यह अजन्मा, नित्य, सनातन और पुरातन है, शरीर के मारे जाने पर भी यह नहीं मारा जाता॥

# अस्पताल में भर्ती, लोन दिलाने और स्पैम मैसेज भेजकर खाते से 2.09 लाख उड़ाए

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल में साइबर ठग आए दिन नए -नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे है। बुधवार को दर्ज मामलों में पांच लोगों के खाते से जालसाजों ने 2.09 लाख रूपए ठगी की। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रिटायर्ड कर्मचारी से ऐंठे 81 हजार

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रिटायर्ड कर्मचारी से अस्पताल में भर्ती होने के नाम पर 81 हजार रुपए की ठगी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 64 वर्षीय मोहम्मद खालिद रेहमान होटल के पास रहते है। वह फायर ब्रिगेड विभाग से रिटायर्ड हैं। 20 जुलाई को वह बस स्टैंड पर खड़े थे। इसी दौरान उन्हें अननोन नंबर से कॉल आया। सामने वाले ने उसका नाम बोलते हुए खुद को परिचित बताते हुए कहा कि मैं अस्पताल में हूं। मुझे पैसे जमा करना है। इसलिए मैं आपके खाते में पैसे ट्रांसफर कर रहा हूं। इस दौरान दोबारा फोन आया कि आपके खाते में पैसे आ गए। जिसका मैसेज आने पर पहले 10 रुपए और 81500 रुपए मैसेज मिला। भरोसे में आकर उसने गूगल-पे यूपीआई के जरिए से उसके खाते 81,500 रुपए जमा कर दिए। इसके पास दोबारा फोन करने पर आरोपी ने बोला कि 18,500 रूपए और भेजा है। इस पर उन्होंने अकाउंट चेक करके देखा तो पता चला कि उनके खाते में कोई रकम नहीं भेजी गई। इस पर उसने पैसे नहीं डालने की बात कही। इस पर आरोपी ने कहा कि रात 12 बजे तक पैसे आ जाएंगे। लेकिन मंगलवार तक पैसे वापस नहीं आए। फर्जी टेक्स्ट मैसेज और फर्जी कॉल के बारे में पता चला। इस पर ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## लोन दिलाने का झांसा देकर युवती से ऐंठे 28 हजार

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में लोन दिलाने का झांसा देकर एक युवती से 28,998 रुपए ठगी हो गई। आरोपित ने लोन स्वीकृत कराने का भरोसा देकर पीड़िता से फोनपे के जरिए से अलग-अलग किश्तों में रकम ट्रांसफर करवाई। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय हर्षिता ठाकुर खुशीपुरा में रहती है। 14 जुलाई को उन्हें अननोन नंबर से कॉल आया। इस दौरान उन्होंने लोन दिलाने का झांसा दिया। प्रोसेसिंग और अन्य शुल्क के नाम पर उससे फोन पे यूपीआई के जरिए अलग-अलग किश्तों में कुल 28,998 रुपए जमा करा लिए। पेमेंट करने के बाद आरोपी ने लोन जारी नहीं किया और न ही रुपये लौटाए। ठगी का अहसास होने पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला स्टेशन बजरिया थाने भेजी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्पैम मैसेज के बाद बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 35 हजार

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के खाते से यूपीआई के जरिए 35,500 रुपए निकाल लिए। 72 वर्षीय हरिशंकर गुप्ता अहीर मोहल्ला, बरखेड़ी में रहते है। वह पान की गुमटी चलाते हैं। उनका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पीएचक्यू शाखा में खाता है। वे केवल भुगतान प्राप्त करने के लिए पेटीएम यूपीआई बॉक्स का उपयोग करते हैं। 2 जुलाई को बैंक से रुपए निकालने और पासबुक अपडेट कराने पर पता चला कि 26 जून को उनके खाते से यूपीआई के जरिए से 35,500 रुपए ट्रांसफर हो गए थे। पीड़ित ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके मोबाइल नंबर से अपने आप स्पैम मैसेज भेजे जा रहे थे।

## युवक के खाते से 28 हजार निकाले

गौतम नगर थाना क्षेत्र में जालसाज ने युवक को झांसे में लेकर उसके खाते से 28 हजार रुपए ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय सन्नी कुमार नारियल खेड़ा स्थित प्रेमनगर में रहते है। 20 जुलाई को उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को अन्य व्यक्ति बताकर 28 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इधर, कोहेफिजा थाना क्षेत्र में बीडीए कॉलोनी निवासी प्रकाश चंद्र जैन (75) के खाते से जालसाजों ने 18 जुलाई को यूपीआई के जरिए से 37,070 निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दूध व एक्सपायरी प्रोडक्ट का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा सकी जोमैटे हाइपरप्योर, खाद्य अमले ने शुरू की जांच

### बैरागढ़ व ईंटखेड़ी की डेयरियों का निरीक्षण कर लिए दूध व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** महाराष्ट्र के धाराशिव में पकड़ाए सिंथेटिक दूध के रैकेट के बाद भोपाल की दूध डेयरियों पर जांच और दूध के नमूनों की सैंपलिंग शुरू कर दी गई है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने शहर के विभिन्न इलाकों में मौजूद डेयरियों का औचक निरीक्षण कर दूध के नमूने लिए गए। अभियान के दौरान जोमैटो हाइपरप्योर एक्सपायर दूध और दूध से बने प्रोडक्ट का रिकॉर्ड अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सकी। यह कंपनी ब्लिंकिट व अन्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और अन्य व्यावसायिक ग्राहकों को दूध व अन्य खाद्य सामग्री सप्लाई करती है। जांच में सामने आया कि यह कंपनी नियर एक्सपायरी श्रेणी के खाद्य उत्पादों को वापस लेकर नष्ट करने की प्रक्रिया का पालन तो करती है, लेकिन एक्सपायर खाद्य पदार्थों के निस्तारण से जुड़े दस्तावेज कंपनी प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसके बाद अमले ने इस चूक की जांच शुरू की है। जांच में अनियमितता मिलने पर खाद्य अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि अभियान के तहत शहर की प्रमुख डेयरियों और कैंटीन सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई की गई। साथ ही जांच के लिए कुल 20 खाद्य नमूने को इकट्ठा कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया।

## नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

जांच के दौरान जोमैटो हाइपरप्योर प्राइवेट लिमिटेड से अमूल गोल्ड, अमूल ताजा दूध और अमूल पनीर के पांच नमूने जांच के लिए कलेक्ट किए गए। साथ ही सीटीओ बैरागढ़ स्थित राधा कृष्णा डेयरी, दाता कॉलोनी की श्री कृष्णा डेयरी, बैरागढ़ स्थित सौरभ पॉइंट व गुरवानी किराना, वन ट्री हिल्स की महादेव गंगे दूध डेयरी और ईटखेड़ी की बाम्बे दूध डेयरी से दूध, पनीर, दही और घी के नमूने सील किए गए। साथ ही उपभोक्ता की शिकायत के आधार पर पीपुल्स डेंटल हॉस्पिटल में श्रीजी एंटरप्राइजेज द्वारा संचालित कैंटीन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कैंटीन से घी, बेसन, नमक और इमली के वैधानिक नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। कार्रवाई मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, साधना सक्सेना, अरुण कुमार पटेल, जगदीश प्रसाद और जगदीश विश्वकर्मा की टीम द्वारा की गई।

# आरएनटीयू में साइबर जागरूकता पर सेफ क्लिक हैकाथॉन का आयोजन



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) ने रायसेन पुलिस और एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के सहयोग से सेफ क्लिक पहल के तहत सेफ क्लिक हैकाथॉन 2.0 का सफल आयोजन किया। साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए नवाचार आधारित तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस हैकाथॉन में भोपाल और इंदौर के 12 कॉलेजों और स्कूलों की 28 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीक-आधारित अभिनव मॉडल और विचार प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च की टीम लिनक्स 2.0 ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए 5 हजार रुपये का इनाम जीता। वहीं मदर टेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम च्साइबर सेवर्स ने दूसरा स्थान हासिल कर 3 हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि एआईसेक्ट समूह के स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय की टीम ऑब्सिडियन ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए 2 हजार रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया।

# फेस्टिवल में 15 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन

**जागरण, भोपाल।** रवींद्र भवन में आयोजित दो दिवसीय ग्रीन हब सेंट्रल इंडिया फिल्म फेस्टिवल केवल फिल्मों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि प्रकृति, आदिवासी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की उन कहानियों का उत्सव बना, जिन्हें मध्य भारत के आदिवासी युवाओं ने कैमरे के जरिए दुनिया के सामने रखा। महाशक्ति सेवा केंद्र और डस्टीफुट फाउंडेशन द्वारा संचालित फेस्टिवल में ग्रीन हब फेलोशिप के चौथे बैच की 15 लघु फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। प्रसिद्ध लेखिका एवं फोटोग्राफर आरती कुमार-राव व सामुदायिक वन प्रबंधन विशेषज्ञ अनुभव शौरी ने भी पर्यावरण संरक्षण और समुदायों की भूमिका पर विचार साझा किए।

**फिल्मों में दिखीं बदलाव की प्रेरक कहानियां :** फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक पहल के विविध आयामों को सामने रखा। 'जंगलिया' में महिलाओं द्वारा जंगलों की रक्षा, 'फ्रेंड ऑफ द फार्मर' में सारस संरक्षण, 'चौर के दान, लाइका के ज्ञान' में सामुदायिक स्कूल की स्थापना और 'चांदाः धरोहर से भविष्य की ओर' में सामुदायिक वन प्रबंधन की पहल को दर्शाया गया। इसके अलावा 'द ऑटर डायरी', 'अंजोर', 'मागरा' और अन्य फिल्मों ने स्थानीय समुदायों के संरक्षण प्रयासों को रेखांकित किया।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अशोकनगर (म. प्र. )

E-mail modgmash@gmail.com

क्रमांक/200/खनिज/2026 अशोकनगर, दिनांक- 20/07/2026

### सूचना

### ( म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम, 18-क )

यह सूचित किया जाता है कि M/S V&S Construction (पार्टनर्स :- (1) श्री विजय प्रतापसिंह रघुवंशी (2) श्री शाकिब हुसैन पुत्र श्री ताहिर हुसैन) पता :- नेहरू बाल उद्यान मार्ग, रघुवंशी फर्नीचर के पास अशोकनगर के द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 - के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16.07.2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | अशोकनगर | खिरिया महू | 1/1<br>2/1<br>3/1 | 0.380<br>0.238<br>0.643 | निजी | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 1.261 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला- अशोकनगर (म.प्र) में आपत्ति लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियम अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी खनिज अधिकारी
( खनिज शाखा )
जिला अशोकनगर ( म. प्र. )

जी-16013/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

ई-खुली निविदा सूचना सं.-एस-टी/सोन/ई-खुली निविदा/26-27/24 दिनांक: 17.07.2026. मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते है। ई-निविदा की अंतिम तिथि 12.08.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट- www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

1. ई-निविदा सं. : एस&टी/सोन./ई-खुली निविदा/26-27/24. 2. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : हाजीपुर जं.-मुजफ्फरपुर जं.-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर खंड : सोनपुर मंडल के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर खंड में 20.000 से अधिक TVU वाले 08 समपार फाटकों पर इंटरलॉकिंग की व्यवस्था/प्रावधान। 3. अनुमानित लागत (रू. में) : ₹5,38,88,768.50, 4. बयाने की राशि (रू. में) : ₹10,77,800.00, 5. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) : ₹0.00, 6. समापन अवधि : एल.ओ. ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक।

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 17.07.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार-किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनीयर/
पूमरे/सोनपुर

पीआर/0591/एसईई/सि./टी/26-27/40



## उत्तर मध्य रेलवे

क्रमांकः-झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/173 दिनांकः 20.07.2026

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-ई-2026-173, **कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़नः- कंस्ट्रक्शन ऑफ़ इन्टेक वेल एट केन रिवर एंड लायिंग ऑफ़ पाइप लाइन एंड फिल्टर प्लांट एट बाँदा।

**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 3,52,31,227.78 | **अमानत राशि (₹)** ₹ 7,04,600.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 13.08.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 18 माह।

(1) निविदा दिनांक 13.08.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1666/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# शहरी सहकारी बैंकों के लिए डिजिटल मोड समय की मांग

**भोपाल।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक एवं वर्ष 1978 से सहकार भारती से जुड़े वरिष्ठ सहकार चिंतक सतीश मराठे ने कहा कि शहरी सहकारी बैंकों के लिए डिजिटल बैंकिंग को अपनाना अब समय की मांग है। उन्होंने प्रदेश के सहकारी बैंकों से देश के सफल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों की कार्यप्रणाली और सफलता की कहानियों से सीख लेकर अपने संस्थानों में नवाचार और डिजिटल परिवर्तन लागू करने का आह्वान किया। वे रविवार को सहकार भारती मध्य प्रदेश एवं मध्य प्रदेश स्टेट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एसोसिएशन, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में राजहंस होटल में आयोजित प्रदेश अर्बन बैंकिंग प्रकोष्ठ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश के लगभग सभी शहरी सहकारी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रच्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन सहकार भारती मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शेखर किबे ने दिया तथा सहकारिता गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता सतीश मराठे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों के लिए डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था अपनाना अनिवार्य हो गया है।




## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

न्यू मार्केट शाखा, भोपाल (म.प्र.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को पंजाब नैशनल बैंक मुख्य प्रबंधक लुकमान सिंह देशमुख की ओर से सूचित किया जाता है स्व.श्री राम सेवक सेन निवासी मकान नं. ई.डब्ल्यू.एस-438, फेस-5, अयोध्या नगर, जैमन मंदिर के पास, हुजूर,भोपाल ,म.प्र. द्वारा पंजाब नैशनल बैक न्यू मार्केट शाखा में बंधक रखाकर लोन प्राप्त किया था। इनके मृत्यु पश्चात इनके कानूनी वारिस श्रीमती सवित्री बाई सेन , आशाराम सेन, दशरथ सेन, रामकेश सेन, विनय सेन, माया सेन, ममता सेन द्वारा बंधक संपत्ति : मकान नं. ई.डब्ल्यू.एस-438, फेस-5, अयोध्या नगर, जैमन मंदिर के पास, हुजूर,भोपाल, म.प्र. ऋण चुकता कर दिया गया है एवं एनओसी प्राप्त कर ली है एवं उनके द्वारा स्व.श्री राम सेवक के संपत्ति के मूल दस्तावेज प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या स्व.श्री प्रकाश यादव के उत्तराधिकरी, हितग्राही या वारिसान को आपत्ति है,तो यह सूचना प्रकाशन अवधि के 7 दिनों में संबधित शाखा में संपर्क करें एवं आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि व्यतीत होने के पश्चात पंजाब नैशनल बैक न्यू मार्केट शाखा भोपाल द्वारा स्व.श्री प्रकाश्स यादव से संबंधित समस्त दस्तावेज आवेदको को दे दिए जाएंगे तथा इसक पश्चात किसी की भी कोई आपत्ति बैंक द्वारा स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुख्य शाखा प्रबंधक



## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

खुली निविदा सूचना सं.- SPJ-SnT-S-06-2026. वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/ समस्तीपुर निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : एस एंड टी कार्य : ललितग्राम स्टेशन (एलएलपी) पर शंटिंग नेक एवं स्टेबलिंग लाइनों का वॉशिंग पिट सहित प्रावधान। 2. अनुमानित लागत : ₹2,00,08,528.78/- (रूपये दो करोड आठ हजार पाँच सौ अट्ठाईस तथा अठहत्तर पैसे मात्र। 3. अग्रधन/बिड सिक्योरिटी जो जमा करना है : ₹4,00,200.00/- (रूपये चार लाख दो सौ मात्र)। 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 07.08.2026 अपराह्न 16:00 तक। 07.08.2026 अपराह्न 16:30। 5. वेबसाईट का विवरण जहाँ ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। रेलवे के पास निविदा को स्थगित/निरस्त करने या निविदा में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

मंडल सिगनल एवं दूर संचार इंजी./
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/0595/एसपीजे/सि./टी/26-27/36



## पूर्व मध्य रेल

### निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2026/6 दानापुर, दिनांक 20.07.2026. भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :-

1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर डिवीजन के विभिन्न सेक्शन में खराब क्वाड केबल और OFC को बदलने संबंधी कार्य [50 किमी]। 2. अनुमानित लागत : ₹22543088.30, 3. बयाना राशि : ₹450900.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2026 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2026 को 15.00 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

सहायक मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि./
पूमरे/दानापुर

पीआर/0596/डीएनआर/सि./टी/26-27/36



## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि.शा./ ई./3122 to 3125 बैतूल दिनांक 14/07/2026

### // ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना//

( प्रथम/तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना )

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_520997_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN GAWANDE STATIONARY TO MAYWAD HOUSE AND DEEPAK GAJANAND MANDIR TO. SUZUKI SHOWROOM IN SHANKAR WARD,BETUL | 1- 50 Days<br>2- 653204/- | 1- 2000/-<br>2- 6500/- | 30-07-2026 |
| 2 | 2026_UAD_520998_1<br>3rd call | ELECTRIFICATION WORKS IN ANGAN-WADI NAGAR PALIKA PARISHAD BETUL | 1- 50 Days<br>2- 453054/- | 1- 2000/-<br>2- 4500/- | 30-07-2026 |
| 3 | 2026_UAD_520999_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD GAJJU MALVIYA HOUSE TO KAMLESH HOUSE IN LOHIYA WARD BETUL | 1- 50 Days<br>2- 954661/- | 1- 2000/-<br>2- 9500/- | 30-07-2026 |
| 4 | 2026_UAD_521000_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM SATYENDRA BAGHEL HOUSE, PASS-ING BY SAHANE HOUSE AND EXTEND-ING UP TO PAWAR JI HOUSE IN FRONT OF OM HALWAI HOUSE IN DURGA WARD BETUL | 1- 80 Days<br>2- 4092032/- | 1- 5000/-<br>2- 30700/- | 14-08-2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/ app की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

( नवनीत पाण्डेय )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैतूल


## पेंशनर्स समस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक के पीपीजी विभाग द्वारा आज स्थानीय प्रधान कार्यालय, भोपाल में पेंशनर्स समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक पेंशनर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को बैंक प्रबंधन के समक्ष रखा। कार्यक्रम में बैंक की ओर से महाप्रबंधक (नेटवर्क-2) नीलांका रॉय, उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी मनीष मठपाल, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अमित महतो, सहायक महाप्रबंधक (पीपीजी) श्री अनिल श्रीवास्तव तथा श्री हरि सिंह दलोदिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से उप महासचिव श्री अरुण भगोलीवाल, उपाध्यक्ष श्री मदन जैन, श्री राजेंद्र सिंह राणा सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। महाप्रबंधक नीलांका रॉय ने समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए उनके त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण का आश्वासन दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा

### जिला विदिशा (म.प्र.)

नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र. 15 गंजबासौदा
Email cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

### ई -निविदा आमंत्रण सूचना

क्र./PWD/2026/4166 गंजबासौदा दिनांक 21/7/2026

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| ई-निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_522159_1 | वार्ड 21 में रानी लक्ष्मीबाई पार्क में टीनशेड निर्माण कार्य | 3,38,977.00 | 3400.00 | 2000.00 | 01.08.2026 |
| 2026_UAD_522193_1 | वार्ड 21 में राजेंद्र नगर रानी लक्ष्मीबाई पार्क में रूम निर्माण कार्य | 2,66,604.00 | 2700.00 | 2000.00 | 01.08.2026 |
| 2026_UAD_522216_1 | विभिन्न वार्ड 01, 02 एवं 03 में आर सी सी नाली निर्माण कार्य | 22,13,491.00 | 16700.00 | 5000.00 | 15.08.2026 |
| 2026_UAD_522253_1 | वार्ड क्र. 14 में शांतिनाथ जिनालय वाली गली में केबल की चक्की से शिखरचंद जैन तक एवं जैन किराना के पीछे वाली गली में सी सी रिन्यूअल कोट निर्माण कार्य | 10,19,982.00 | 7700.00 | 2000.00 | 01.08.2026 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा



## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123481578, मैसर्स कन्हैया एग्रो सेंटर जरिए प्रोपराइटर पवन कुमार ( ऋणी ), पवन कुमार पटेल ( सहऋणी ), श्रीमती नेहा पटेल ( सहऋणी ) | 15 सितम्बर 25 Rs. 2,12,587/- दो लाख बारह हजार पाँच सौ सत्तासी रुपए मात्र, 11 सितम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत, प.ह. नं. 35, खसरा नं. 167/1, ग्राम बनवारी, तरौनकला, तहसील पिपरिया, जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 83.4 वर्ग मीटर, पूर्वः विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिणः गिरजा प्रसाद की भूमि | 18 जुलाई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122994896, मुरली शर्मा ( ऋणी ), संतोष कुमार ( सहऋणी ), श्रीमती देव बाई ( सहऋणी ), मनोहर लाल शर्मा ( सहऋणी ) | 16 फरवरी 26 Rs. 2,56,542/- दो लाख छप्पन हजार पाँच सौ बयालीस रुपए मात्र, 10 फरवरी 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 122, प.ह. नं. 9, वार्ड नं. 02, ग्राम निपानियातुला, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश-465687, क्षेत्रफल 928.2 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः बाबूलाल शर्मा का प्लॉट, उत्तरः मांगीलाल शर्मा का मकान, दक्षिणः मनोहरलाल का मकान | 18 जुलाई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060138281882, मैसर्स गौरव क्लॉथ्स ( ऋणी ), बनवारी भनारे ( सहऋणी ), श्रीमती सीता भनारे ( सहऋणी ), गौरव भनारे ( सहऋणी ) | 16 फरवरी 26 Rs. 5,20,541/- पाँच लाख बीस हजार पाँच सौ इकतालीस रुपए मात्र, 10 फरवरी 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित बी.एन. नं. 214, मकान नं. 69, वार्ड नं. 01, प.ह. नं. 11 ( नया 28 ), ग्राम चिचोली श्रद्धानंद, तहसील चिचोली, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश-460330, क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट, पूर्वः सुरेंद्र कहार का मकान, पश्चिमः रामकिशोर सोनी का मकान, उत्तरः राजकुमार का मकान, दक्षिणः कॉलोनी रोड | 18 जुलाई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117624193 एवं L9001060823479685, शिवनारायण नागर ( ऋणी ), देवनारायण बंदेला ( सहऋणी ), भावना नागर ( सहऋणी ) | 18 अप्रैल 26 Rs. 11,00,350/- ग्यारह लाख तीन सौ पचास रुपए मात्र एवं Rs. 3,98,140/- तीन लाख अट्ठानवे हजार एक सौ चालीस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प.ह. नं. 21, भूमि सर्वे नं. 440, ग्राम हराना, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1770 वर्ग मीटर, पूर्वः श्री हनुमान जी मंदिर, पश्चिमः बद्रीलाल साहू की भूमि एवं मकान, उत्तरः हराना से पाटक्या मार्ग, दक्षिणः बद्रीलाल साहू की कृषि भूमि | 18 जुलाई 26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060121260744, पवन डांगी ( ऋणी ), कविता डांगी ( सहऋणी ), राहुल ( सहऋणी ) | 18 अप्रैल 26 Rs. 10,72,836/- दस लाख बहत्तर हजार आठ सौ छत्तीस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 1601/3/1, मकान नं. 237, प.ह. नं. 83, ग्राम आबादी, ग्राम बाखेड़, तहसील एवं जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश-465687, क्षेत्रफल 1100 वर्ग फीट, पूर्वः गोरेलाल डांगी का मकान, पश्चिमः स्थानीय रास्ता, उत्तरः स्थानीय गली, दक्षिणः विमल भाई का मकान | 18 जुलाई 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।


ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 22.07.2026
स्थानः भोपाल, मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.2 | 25.6 |
| मुंबई | 30.7 | 25.0 |
| चेन्नई | 39.0 | 22.6 |
| कोलकाता | 30.1 | 26.5 |

सूर्यास्त 7:08 PM
सूर्योदय 5:46 AM
चन्द्रोदय 12.23 PM
चन्द्रास्त 11:47 AM

# प्राचीन जैन मंदिर से अष्टधातु की 18 बहुमूल्य प्रतिमाएं चोरी

## करेली के मंदिर का ताला काटकर वारदात, फुटेज खंगाल रही पुलिस





**जागरण, नरसिंहपुर।** प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के करेली थाना क्षेत्र के ग्राम सगौरिया स्थित प्राचीन जैन मंदिर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला कटर से काटकर भीतर घुसे और यहां विराजित करीब 18 अष्टधातु की प्रतिमाएं चोरी कर ले गए। चोरी हुई प्रतिमाओं में भगवान महावीर स्वामी सहित अन्य जैन तीर्थंकरों की बहुमूल्य प्रतिमाएं शामिल हैं। सूचना मिलते ही करेली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड तथा फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।


### समाज में आक्रोश पुलिस ने बनाईं टीमें

करेली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि सगौरिया के जैन मंदिर क्षेत्र के प्राचीन जैन मंदिरों में शामिल है। देर रात चोर ताला तोड़कर मंदिर में दाखिल हुए और छोटी-बड़ी कई अष्टधातु प्रतिमाएं अपने साथ ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की हैं और सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस घटना के बाद जैन समाज में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल है।

## 400 साल पुरानी चोरी हुई तोप की तलाश में राजस्थान पहुंची पुलिस, गांव में खुदाई

### मप्र और राजस्थान पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी जिले के नरवर किले से चोरी हुई सिंधिया रियासत काल की करीब 400 साल पुरानी तोप की तलाश में मप्र और करौली पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया है। खुफिया सूचना पर हिंडौन सिटी के गांवड़ा मीणा में जेसीबी से खुदाई कर तलाशी जारी है। मप्र पुलिस को खुफिया तंत्र से सूचना मिली थी कि चोरी हुई तोप हिंडौन सिटी के गांवड़ा मीणा गांव में छिपाकर रखी है। इसी सूचना के आधार पर मप्र पुलिस ने करौली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई शुरू की है। दोनों राज्यों की पुलिस गांवड़ा मीणा गांव में सघन तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस जेसीबी मशीनों की मदद से कई स्थानों पर खुदाई कर रही है, ताकि चोरी हुई तोप का पता लगाया जा सके। तलाशी अभियान में 50 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हैं। पूरे गांव में पुलिस की गतिविधियां तेज हैं और मामले की गंभीरता को देखते हुए हर संभावित स्थान की जांच की जा रही है। **अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3-5 करोड़ रुपए है कीमत:** दरअसल, 15 जुलाई की रात को बदमाश नरवर किले की ओपन कचहरी से 16वीं शताब्दी की ऐतिहासिक तोप चुराकर ले गए। इंटरनेशनल एंटीक ब्लैक मार्केट में इसकी कीमत 3-5 करोड़ रुपए हो सकती है। चोरों ने वारदात को पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया। तोप को पहले गद्दों में लपेटा। फिर बैरिंग लगी लोहे की ट्रॉली की मदद से 3 हजार फीट नीचे उतारा था।



# पूर्व लोस अध्यक्ष का रेलवे को पत्र पश्चिम रेलवे ने इंदौर को अनाथ समझ लिया: सुमित्रा

### उपेक्षा का आरोप लगाया कांग्रेस ने साधा निशाना




**जागरण, इंदौर।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन (ताई) का पश्चिम रेलवे के जीएम नाम लिखा एक पत्र सामने आया है। पत्र में ताई ने रेलवे पर इंदौर की उपेक्षा का आरोप लगाया है। पत्र में जीएम रामश्रय पांडे को संबोधित करते हुए लिखा कि उन्हें अत्यंत खेद के साथ यह पत्र लिखना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिम रेलवे ने इंदौर को अनाथ समझ लिया है। नई यात्री ट्रेनें शुरू करने के बजाय अन्य रेलवे जोनों के प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। पूर्व लोस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि जयपुर-इंदौर और रीवा-इंदौर रेल सेवाओं के प्रस्ताव लंबित हैं। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित मेमू सेवा का रैक इंदौर से हटा दिया गया, जबकि उसकी जगह पुराने डेमू रैक चलाए जा रहे हैं, जो अक्सर खराब हो जाते हैं। पुणे-इंदौर ट्रेन लंबे समय से बंद है, लेकिन उसे वैकल्पिक मार्ग से शुरू नहीं किया। वहीं अजमेर और ग्वालियर की ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा पटना, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) जाने वाली ट्रेनों के फेरे नहीं बढ़ाए हैं, जबकि इनकी मांग लगातार बनी हुई है। महू-उज्जैन के बीच लोकल ट्रेन और अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवा नहीं होने का भी पत्र में उल्लेख है। पत्र में ताई ने लिखा कि लक्ष्मीबाई नगर में दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म और महू में अतिरिक्त लाइन क्षमता उपलब्ध होने के बावजूद रेलवे द्वारा सुविधाएं नहीं बढ़ाई जा रहीं। उन्होंने सवाल उठाया कि 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए क्या मौजूदा रेल सुविधाएं पर्याप्त हैं?

## एआई से मंत्री के नाम का फर्जी पत्र बनाने वाला कर्मचारी निलंबित

**जागरण, टीकमगढ़।** प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने अपना तबादला रुकवाने के लिए प्रभारी मंत्री के नाम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से फर्जी पत्र तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को सौंप दिया। मामले का खुलासा होने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। पूरे प्रकरण की पुलिस जांच भी शुरू कराई गई है। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र गोर में पदस्थ एमपीडब्ल्यू (मल्टीपर्पज वर्कर) केएल कंशकार का तबादला 7 जुलाई 2026 को स्वास्थ्य केंद्र दरगाएं किया गया था। ट्रांसफर रुकवाने के उद्देश्य से उन्होंने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के नाम से कथित तौर पर एक फर्जी पत्र तैयार किया, जिसमें तबादला आदेश निरस्त करने के निर्देश दर्शाए गए थे। यह पत्र सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी को सौंपा गया। बताया गया कि सीएमएचओ ने पत्र की सत्यता की पुष्टि किए बिना ही उसे नोटशीट के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के पास भेज दिया। कलेक्टर ने पत्र में प्रभारी मंत्री के नाम की गलत वर्तनी कृष्णा गौर लिखी देख संदेह जताया और तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में पत्र फर्जी पाया गया और पूरे मामले का खुलासा हो गया।

## पन्ना में जहरीला सियार खाने से 8 गिद्धों की मौत

**जागरण, पन्ना।** दक्षिण पन्ना वन परिक्षेत्र से करीब तीन किमी दूर राजस्व क्षेत्र पहाड़ीखेरा गांव में एक सियार और आठ गिद्धों के शव मिलने के कारण वन विभाग में हड़कंप मच गया है। प्राथमिक जांच में आशंका जताई गई है कि जहरीले पदार्थ से मरे सियार का मांस खाने की वजह से गिद्धों की भी मौत हुई। मामले की जांच जारी है। यह घटना किसान राम स्नेही प्रजापति के खेत में सामने आई। प्राथमिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, करीब एक सप्ताह पहले जहरीले पदार्थ के सेवन से सियार की मौत हुई थी। वन विभाग के मुताबिक खेत में गड्ढा और घनी झाड़ियां होने से मरे सियार का शव दिखाई नहीं दिया। आशंका है कि भूखे गिद्ध मृत सियार का मांस खाने पहुंचे और विषैले प्रभाव से एक-एक कर आठ गिद्धों की भी मौत हो गई। सूचना मिलते ही डीएफओ धीरेंद्र प्रताप सिंह और देवेंद्रनगर वन परिक्षेत्र के रेंजर राहुल शाक्यवार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सियार और गिद्धों के अवशेष तथा विसरा सैंपल एकत्र कर सागर और जबलपुर की प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेज दिए हैं। डीएफओ धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना राजस्व क्षेत्र में हुई है।

## सीएचओ ने छात्रों के आंदोलन के समर्थन में पोस्ट किया वीडियो

### धार का मामला, सीएमएचओ ने सेवा से बर्खास्त करने लिखा पत्र



**जागरण, धार।** प्रदेश के धार जिले में बाग ब्लॉक के काकड़वा गांव में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) किरण भाटिया ने मोदी सरकार और उनके समर्थकों पर टिप्पणी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें वह जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन और सोनम वांगचुक का समर्थन तथा भाजपा का विरोध करती दिखीं। सरकारी कार्यालय में बनाए गए इस वीडियो से भाजपा नेताओं ने आपत्ति जताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ ने संबंधित सीएचओ को सेवा से बर्खास्त करने के लिए एनएचएम संचालक को पत्र लिखा है। जावरा (रतलाम) की रहने वाली किरण भाटिया वर्ष 2023 से काकड़वा उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हैं। उन्होंने जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन और सोनम वांगचुक के समर्थन में उप स्वास्थ्य केंद्र के भीतर वीडियो बनाया था। सोशल मीडिया स्टेटस पर पोस्ट किए गए इस वीडियो में उन्होंने समर्थकों पर टिप्पणी की थी, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। बुधवार दोपहर को भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी ने अन्य नेताओं के साथ थाने में ज्ञापन देकर सीएचओ को सेवा से अलग करने की मांग की।

### सीएचओ ने विवादित पोस्ट हटाई, माफी मांगी

विवाद बढ़ने पर सीएचओ किरण भाटिया ने सोशल मीडिया से पोस्ट हटा ली। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उनका इरादा सरकार की आलोचना करना नहीं था और मामले में माफी मांगी। हालांकि, धार सीएमएचओ डॉ. अनीता सिंगारे ने बताया कि कार्रवाई करते हुए सीएचओ को सेवा से पृथक करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संचालक को पत्र भेज दिया है।

## सीजेपी के समर्थन में कलेक्ट्रेट में फोड़े पटाखे, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए

### बालाघाट: पुलिस ने पकड़ा तो लिखित में मांगी माफी

**जागरण, बालाघाट।** एक युवक ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में कलेक्ट्रेट में बम फोड़ दिए। युवक ने नीट परीक्षा में गड़बड़ियों और दिल्ली में सीजेपी कार्यकर्ताओं पर हुई कार्रवाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसका वीडियो भी बनाया। मामला 20 जुलाई का है। इसकी पड़ताल कर पुलिस ने बुधवार को युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि, उसने लिखित माफी मांगी तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, वारासिवनी के रहने वाले सुजल मेश्राम ने कलेक्ट्रेट में पांच मिनट के अंदर दो रस्सी बम फोड़े और इंकलाब जिंदाबाद, भ्रष्टाचार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। सुजल ने बताया कि उसकी बहन ने नीट परीक्षा दी थी, जिसमें उसे 400 से ज्यादा नंबर आने की उम्मीद थी। इसके रद्द होने के बाद दोबारा परीक्षा में कम नंबर आने की वजह से उसकी बहन तनाव में चली गई थी। इसके अलावा दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज से भी वह नाराज था। बम फोड़ने के बाद सुजल ने वीडियो में कहा- यह सरकार बिकी हुई सरकार है। मैं ऐसी सरकार को खदेड़ता हूं। मैं अपने भाई भगत सिंह के कदमों पर चलता हूं। इंकलाब जिंदाबाद, भारत सरकार मुर्दाबाद। उसने कहा कि सरकार ने जो छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज कराया है, क्या वो नक्सलवादी थे? क्या वो आतंकवादी थे? नहीं, वो पढ़ने-लिखने वाले छात्र थे।



## ट्रिपल मर्डर केस का दोषी पैरोल से फरार

**जागरण, गुना।** प्रदेश के गुना में साल 2017 के चर्चित ट्रिपल मर्डर केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा हनी दुबे पैरोल पर आने के बाद बुधवार को फरार हो गया। हनी दुबे और उसकी मां पूनम दुबे एक पक्का 15 दिन की पैरोल पर ग्वालियर सेंट्रल जेल से बाहर आए थे। दोनों को 22 जुलाई को वापस जेल पहुंचना था।

बिजनेस

## मप्र से वॉशिंगटन डीसी तक संदीप का प्रेरक सफर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश से अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी तक संदीप शारदा का सफर संघर्ष, नवाचार और उद्यमिता की प्रेरक कहानी है। 1994 में एमबीए की डिग्री और बड़े सपनों के साथ अमेरिका पहुंचे संदीप ने ओरेकल से करियर शुरू किया। बाद में उन्होंने मिरेकल सिस्टम्स की स्थापना की, जिसने अमेरिकी सरकारी एजेंसियों तक अपनी सेवाएं पहुंचाईं। टेक्नोलॉजी के बाद उन्होंने रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस सेक्टर में कदम बढ़ाए। जी आइडियाबाज, टाइटन के रूप में वे नए उद्यमियों और स्थानीय भाषा में उभरते बिजनेस आइडियाज को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनकी यात्रा युवाओं को बड़ा सोचने और जोखिम उठाने की प्रेरणा देती है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक / निविदा/2026 / 16164 राजगढ़, दिनांक 22-7-2026

### निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में उच्च कुशल / कुशल / अर्धकुशल / अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र शासन के ई-पोर्टल की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। विवरण निम्न है।

1. उच्च कुशल / कुशल / अर्धकुशल / अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु।

निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। इस विज्ञापन के पश्चात अलग से कोई सूचना अथवा विज्ञापन नहीं दिया जावेगा।

E-Tender Key Dates

| | |
|---|---|
| E-Published Date & Time | 22-07-2026, 11:00 AM |
| Tender Purchasing Date & Time | 22-07-2026, 12:00 AM |
| Bid Submission Opening Date & Time | 27-07-2026, 11:00 AM |
| Bid Submission Closing Date & Time | 11-08-2026, 05:30 PM |
| Tender Opening Date & Time | 12-08-2026, 01:00 PM |
| Tender Pree Bid Meeting Date & Time | 30-07-2026, 11:00 AM |

निविदाएं दर्शाई गई दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले अभिलेखों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, विलम्ब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी (https://mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। इस निविदा में से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा, इसके लिए पृथक से कोई सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदाएँ बगैर कारण बताये निरस्त की जा सकती है।

(डॉ. शोभा पटेल)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ म0प्र0

जी-16040/26 स्वच्छता ही सेवा है



## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Office of the Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai, Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855
No. 001-04/P&W/NIT/1193 Chachai, Dtd. : 21.07.2026

### NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

| Tender-ID | Tender Particulars | Estimated Cost (Rs.) | EMD (in Rs.) | Bid Submission End Date & Time | Date & Time of Opening of E-Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_ 499842_2 | Biennial work contract for hiring of one No. Air-conditioned compact sedan car with minimum engine capacity 1150 CC (for petrol version) with 02 Nos. of Air Bags and ABS for official duty of S.E. (HQ) for Monthly running of 2000 Kms for a period of 24 Months at ATPS, MPPGCL, Chachai. | 13,61,884/- | 27,200/- | Dtd. 03.08.2026 Upto 15.00 hrs | Dtd. 06.08.2026 from 15:30 hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** For any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in** Any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/127098/2026 SE (P&W)



## कार्यालय नगर पालिक निगम, (यात्रिकी शाखा), भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 178/यां.वि./26 भोपाल, दिनांक 21/07/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 01 | 2026_UAD_ 523105_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD INFRONT OF AMIT KIRANA STORE AND AT SATISH BHAI HOUSE GALI JP NAGAR WARD 15 ZONE 04 | 12,51,584/- | 02-AUG-2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।
नि.क्र. 482/026/027

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल



खंड-I

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय-पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 27/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 16/07/2026

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सामग्री का नाम/स्पेसीफिकेशन | सामग्री का अनुमानित मूल्य | सत्यंकार की निधि (रू. में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेनेटरी सामग्री | सेनेटरी सामग्री (JAGUAR, SERAJ HINDUSTAN, SOMANY, AQUA & Other Reputed Brand) (01 Year Warranty) (सेनेटरी सामग्री की सबआईटम वार सूची अनुलग्न-8 संलग्न है। प्रत्येक आईटम वार दर ऑफलाईन मोड में प्रस्तुत करना होगा।) ऑन लाईन दर में समस्त आईटमों कुल मूल्य दिया दर्शाया जावेगा | 252000 | 7500 | 1000/- |
| 2 | पुताई सामग्री | पुताई सामग्री (Asian Paints, Dulux Paints, Berger Paints, Nerolac Paints, Indigo Paints, British Paints & Other Reputed Brand) (पुताई सामग्री की सबआईटम वार सूची अनुलग्न-9 संलग्न है। प्रत्येक आईटम वार दर ऑफलाईन मोड में प्रस्तुत करना होगा।) ऑन लाईन दर में समस्त आईटमों कुल मूल्य दिया दर्शाया जावेगा | 540000 | 16200 | |
| 3 | विद्युत सामग्री | विद्युत सामग्री (ANCHOR, WIPRO, POLYCAB, PHILIPS, LEGRAND SCHEIDER ELECTRIC & Other Reputed Brand) (01 Year Warranty) (विद्युत सामग्री की सबआईटम वार सूची अनुलग्न-10 संलग्न है। प्रत्येक आईटम वार दर ऑफलाईन मोड में प्रस्तुत करना होगा।) ऑन लाईन दर में समस्त आईटमों कुल मूल्य दिया दर्शाया जावेगा | 360000 | 10800 | |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 21/07/2026 बजे 11:00 AM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

जी-16023/26 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

### NOTICE INVITING TENDER No.-1159/EE/DATE 17.07.2026

Online percentage rate bids is invited for the following works from Registered Contractors full filling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Tender Name | PAC (Rs.) | EMD | Tender Fee | Completion of Work | Date of Tender Purchase & Bid Submission | Tender Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 522082 | Construction of 33/11 KV, 5 MVA Control Room (G+1) For Sub Station at 26.09 Acre Land Khajuri Kala Bhopal M.P. | 28.76 Lakh | Rs. 50000.00 (Fifty Thousand Only) | Rs. 5900.00 (I/C) GST | 04 Month i/c Rainy Season | 23.07.2026 10.30 AM to 04.08.2026 17:30 Hrs. | ENVELOPE-A & C 05.08.2026 11:00 AM |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https://www.mptenders.gov.in.** (2) The bid document(s) can be purchased online only as per schedule: - 23.07.2026 at 10.30 AM. To 04.08.2026 at 17.30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any would be published on website only. (4) Original Affidavit should be submitted on online. (5) Other required document & EMD will be accept ONLINE Only. (6) The agency should be registered in PWD Centralization system.

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail : eedn4hbbpl@mphousing.mp.gov.in**
M.P. Madhyam/127106/2026
/ mphidb
X/ mphidb
**(ANUJ PRATAP SINGH)**
**E.E., DIV-03, Bhopal**
**MOB. : +91 9406912003**



## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

### NOTICE INVITING TENDER No.-1165/EE/DATE 17.07.2026

Online percentage rate bids is invited for the following works from Registered Contractors full filling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Tender Name | Probable Amount of Contract | EMD / Tender Fee | Completion Period (Months) | Date of Tender Purchase & Bid Submission | Tender Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 522157 | Construction of Multipurpose Hall, 80 Seated Boys Hostel, 40 Seated Girls Hostel and Refurbishment and Other Essential Gas ITI Govindpura Bhopal (M.P) | Rs. 1830.00 Lakh | Rs. 1000000.00 (Ten Lakh Only) / Rs. 35400.00 (I/C) GST | 24 Month i/c Rainy Season | 24.07.2026 at 10.30 AM to 21.08.2026 at 17:30 Hrs. | ENVELOPE-A & C 24.08.2026 11:00 AM |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https://www.mptenders.gov.in.** (2) The bid document(s) can be purchased online only as per schedule:- 24.07.2026 at 10.30 AM. To 21.08.2026 at 17.30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any would be published on website only. (4) Original Affidavit should be submitted on online. (5) Other required document & EMD will be accept ONLINE Only. (6) The agency should be registered in PWD Centralization system.

**Visit us . www.mphousing.in**
**E-mail : eedn4hbbpl@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/127105/2026
/ mphidb
X/ mphidb
**(ANUJ PRATAP SINGH)**
**E.E., DIV-03, Bhopal**
**Mob. : +91 9406912003**

# अतिक्रमण और अवैध पार्किंग बनी परेशानी, सिंधी पंचायत ने निगम को घेरा

## नगर निगम जोन-1 की बैठक में पहुंचे सिंधी पंचायत के पदाधिकारी, निगम को सौंपा ज्ञापन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और बेतरतीब ढंग से खड़े ठेलों के कारण बिगड़ते यातायात व्यवस्था को लेकर पहली बार पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी नगर निगम जोन-1 की बैठक में पहुंचे। उन्होंने एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी और जोन अधिकारी नीरज नामदेव को ज्ञापन सौंपते हुए भवानी रोड पर बनी मंडी में सभी ठेलों को तत्काल शिफ्ट करने और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित महासचिव राजकुमार वाधवानी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष माधु चंदवानी, उपाध्यक्ष गुलाब जेठानी, भरत आसवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, सह सचिव किशोर साधवानी, माधव पारदासानी सहित अन्य सदस्य शामिल थे। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक रोड, भोपाल-इंदौर राजमार्ग, चंचल रोड, पार्किंग कॉम्प्लेक्स और स्टेशन चौराहे के आसपास ठेले बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे सड़कें सब्जी बाजार जैसी दिखाई देने लगी हैं और आम लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। पंचायत का आरोप है कि यदि कोई व्यक्ति ठेले हटाने की बात करता है तो कुछ ठेला संचालक अभद्र व्यवहार पर उतर आते हैं। वहीं चंचल रोड जैसी 70 फीट चौड़ी सड़क भी दोनों ओर अवैध पार्किंग, ठेलों और दुकानदारों द्वारा 10 से 20 फीट तक सामान फैलाकर रखने के कारण संकरी हो गई है। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और कई बार पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधियों ने नगर निगम पर संत हिरदाराम नगर की लगातार उपेक्षा का आरोप लगाया। उनका कहना था कि न्यू मार्केट और पुराने भोपाल में नियमित रूप से अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन संत हिरदाराम नगर में निगम का अमला सक्रिय नजर नहीं आता, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। इधर जोन कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अमल पर सवाल उठाए। उन्होंने अतिक्रमण हटाने, सड़कों के गड्ढे भरने और नालों-नालियों से कब्जे हटाने संबंधी निर्देशों की प्रगति की जानकारी मांगी। हालांकि बैठक में मौजूद अतिक्रमण, जल कार्य, यांत्रिकी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, बैठक केवल औपचारिकता बनकर रह गई।



### रस्म अदायगी बैठक

इधर जोन कार्यालय में हुई बैठक जिसकी अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने, में जोन अधिकारी नीरज नामदेव, यांत्रिकी शाखा के प्रफुल्ल गूजर, हेल्थ आफीसर प्रीतेश गर्ग के अलावा आशुतोष श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे, कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन ने सवाल उठाया कि पिछली बैठक में जो निर्णय लिया गया, उनका क्या हुआ। बैठक जिसमें अतिक्रमण अधिकारी, जल कार्य विभाग, यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अलावा नवागत जोन अधिकारी नीरज नामदेव भी मौजूद थे, से सवाल किए गए कि पिछली बैठक में अतिक्रमण हटाने, सड़कों के बीच गड्ढों को भरने, नाले व नालियों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, उनका कहां तक पालन हुआ। लेकिन कोई भी अधिकारी जवाब नहीं दे सका।

### सैकड़ों पेंशन प्रकरण लंबित

बैठक में निराश्रित पेंशन प्रकरणों का भी मुद्दा प्रमुखता से उठा। राजेश हिंगोरानी ने बताया कि जोन के तीनों वार्डों में लगभग 400 ऐसे निराश्रित हैं, जिन्हें पिछले 6 माह से पेंशन नहीं मिली है इनमें अनेक विद्वाएं हैं, जिनका एकमात्र सहारा ही प्रति माह मिलने वाली 600 रूपए पेंशन है। अनेक निराश्रित महिलाओं ने बताया कि उनके आधार कार्ड एवं वोटर आईडी में अगर मामूली त्रुटि है तो पेंशन रोक दी गई जब उसमें सुधार करवाया, बैंकों से केवाइसी करवाई तब फिर यह कहा गया कि किन्हीं ऐसे 5 लोगों के मोबाइल नम्बर दो जिनसे पूछें कि उस महिला को वे जानते हैं कि नहीं भला अनपढ़ और जिनकी आयु 70 पार हो चुकी है, वे 5 लोगों के नाम व मोबाइल नंबर कहां से लाकर दे, यही कारण है कि उन्हें पिछले छह आठ माह से पेंशन नहीं मिल रही है, उनसे पंचनामा भी भरवाया जा रहा है, जिसे लेकर एक तरह से निराश्रितों में हाहाकार मचा है, लेकिन नगर निगम का कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। पिछली जोन बैठक में भी निराश्रितों का मुद्दा उठा था और अधिकारियों को निर्देशित किया गया था लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है और उपनगर में समस्याओं का अम्बार है।

### ये मुद्दे भी उठे

बैठक में आगामी दिनों में होने वाली बरसात को देखते हुए आपात कक्ष स्थापित करने का निर्णय लिया गया इसके अलावा सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गएं बैठक में तीनो वार्ड कार्यालयों के प्रभारी, दरोगा भी उपस्थित थे। लेकिन बरसात पूर्व किसी तरह की मरम्मत नहीं किए जाने से संत हिरदाराम नगर के खासतौर पर गांधीनगर वार्ड एक, वार्ड दो, तीन, चार एवं पांच के बुरे हाल हैं, आम जनता को जगह जगह जल भराव, कीचड़ के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आखिर मरम्मत के लिए आने वाली सामग्री कहां गायब हो जाती है, इसका भी अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है, जिस पर भी कांग्रेसी पार्षद खासे नाराज हुए। वैसे एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने भरोसा दिलाया है कि अब सख्ती से काम लिया जाएगा और जो भी निर्णय जोन बैठक में लिए गए हैं, उन पर शतप्रतिशत अमल कराने का प्रयास किया जाएगा।

## टेम्पल ऑफ सम्बोधि में गुप्त नवरात्रि की धूम

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हर साल चैत्र माह में भगवान झूलेलाल जयंती के एक दिन पूर्व से ही नवरात्रा की शुरूआत होती है। 16 जुलाई से जब भगवान झूलेलाल चालीहा प्रारंभ होता है, लगभग उन्हीं दिनों में दो दिवसीय गुप्त नवरात्रि का भी आगमन होता है जो इस बार भी चल रहा है। वैसे तो गुप्त नवरात्रि के अनेक धार्मिक आयोजन मढ़ी एवं मंदिरों में चल रहे हैं कि विशेष आयोजन वन ट्री हिल्स स्थित टेम्पल आफ सम्बोधि पर हर साल की तरह इस बार भी किया गया है जिसका समापन्न गुरूवार 23 जुलाई को किया जाएगा। यहां वेदांत संत एवं विचारक लाल साई महाराज के विशेष प्रवचन होंगे। वे देवी माता के अनन्य भक्त हैं और चाहे नव दुर्गा उत्सव हो या चैत्र नव दुर्गा अथवा जुलाई में गुप्त नवरात्रा, टेम्पल आफ सम्बोधि पर नियमित रूप से प्रवचनों के अलावा कीतर्न व सत्संग का विशेष आयोजन होता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूरे उत्साह से शामिल होते हैं इस बार भी गुरूवार को हवन, भजन एवं कीर्तन के अलावा सुबह 11.30 बजे प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर लाल साईं महाराज के प्रवचनों का आनंद लेने के साथ ही उनसे आशीर्वाद भी ग्रहण करेंगे।



संत लाल साई महाराज के होंगे प्रवचन

## ब्लू डार्ट पार्सल के नाम पर डॉक्टर को ठगने की कोशिश

### साइबर हेल्प डेस्क में दर्ज कराई शिकायत

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में चिकित्सक डॉ. टी.के. ज्ञानचंदानी अपनी सतर्कता के कारण लाखों रुपये की साइबर ठगी का शिकार होने से बच गए। जानकारी के अनुसार, प्रेम रामचंदानी मार्ग स्थित अपने क्लीनिक में मरीजों को देख रहे डॉ. ज्ञानचंदानी के पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ब्लू डार्ट कूरियर से बताते हुए कहा कि उनका एक पार्सल वापस आ गया है, जिसमें मेडिकल सैंपल हैं। उसे दोबारा भेजने के लिए ओटीपी और स्कैनर भेजने की बात कही गई। डॉ. ज्ञानचंदानी ने बताया कि उनके पास अक्सर दवाओं के सैंपल आते रहते हैं, इसलिए उन्हें कॉल पर संदेह नहीं हुआ। वे सोनोग्राफी कर रहे थे, इसलिए उन्होंने नर्स से ओटीपी साझा करने को कहा। इसके बाद जब कॉल करने वाले ने स्कैनर भेजने की बात कही तो नर्स को शक हुआ और उसने डॉक्टर को इसकी जानकारी दी। इसी दौरान डॉ. ज्ञानचंदानी का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। कुछ ही देर बाद अधिवक्ता अखिलेश चेलानी ने फोन कर बताया कि उनका व्हाट्सएप हैक कर लिया गया है। इसके बाद मुंबई सहित अन्य शहरों से परिचितों के पास संदेश और कॉल पहुंचने लगे, जिनमें तत्काल 56 हजार एक खाते में जमा कराने की मांग की जा रही थी। डॉ. ज्ञानचंदानी क्लीनिक से सीधे पुलिस थाने पहुंचे और साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। समय रहते कार्रवाई होने से वे बड़े आर्थिक नुकसान से बच गए। यह घटना साइबर अपराधियों की नई चाल और डिजिटल सतर्कता की आवश्यकता का एक बड़ा उदाहरण है।



## जलभराव से परेशान कॉलोनी के रहवासी



**ओबेदुल्लागंज।** वार्ड 2 विजय नगर कॉलोनी के रहवासी जिनकी स्थिति अत्याधिक गंभीर होती जा रही है। जलभराव इतना ज्यादा हो गया है कि समान्य जनजीवन पूर्णतया अस्त व्यस्त हो गया है। बच्चों की शिक्षा पर भी इसका असर पड़ रहा है। स्कूल जाने के लिए हाथ में जूते मोजे रख कर जाना पड़ता है, सड़क मार्ग में दलदल कीचड़ से अनेकों प्रकार के संक्रमण का खतरा बना रहता है। पानी की निकासी ठीक से न होने का सबसे बड़ा कारण अभी हाल ही में बने नवीन भवन निर्माण है। जिससे पानी अवरुद्ध हो रहा है जिसके कारण जल निकासी समस्या बढ़ गया है समस्याओं को लेकर नपा सीएओ ओर अध्यक्ष से मार्ग पर कोपरा डस्ट डलवाने का आग्रह किया है।

**-: जाहिर सूचना :-**
**कृषि भूमि स्थित ग्राम गौरा तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सभाजीत यादव आ. श्री द्वारिका प्रसाद यादव नि.यादव फार्म सूरज नगर भोपाल (मो.9425127110) ने श्रीमती मंजुला तिवारी पत्नी स्व.श्री के.के.तिवारी एवं श्री गौरव तिवारी पुत्र स्व. श्री के.के. तिवारी नि-91, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 199/2(s), 200 रकबा 1.2140 हेक्टेयर अथवा 2.9997 एकड़ अथवा 3.00 एकड़ जो कि ग्राम-गौरा, वार्ड नंबर 26 तहसील हुजूर जिला भोपाल है, उक्त कृषि भूमि की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। यह कि उक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कही दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर मय मूल दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

**शोभा दुबे** अधिवक्ता
ए-47, शास्त्री नगर भोपाल (म.प्र.)
मो.-8839361599,9977013307

**मध्य प्रदेश पुलिस को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमि.**
**25वीं वाहिनी विसबल भोपाल म.प्र.**
पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./808/1999

**सत्ताईसवीं वार्षिक आमसभा की सूचना**

समस्त सदस्यगण,
समस्त सदस्यगणों को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश पुलिस को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमि० भोपाल की छब्बीसवीं वार्षिक आमसभा को अधोलिखित दिनांक स्थान एवं समय पर आयोजित की जा रही है। जिसमें आप सभी सदस्यगणों की उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**दिनांक : 09/08/2026**
**समय : दोपहर 12:00 बजे**
**स्थान : 25वीं वाहिनी पुलिस कम्युनिटी हॉल, झरनेश्वर मंदिर के पास भारत माता चौराहा भोपाल**

सभा के प्रस्तावित एजेण्डे निम्नानुसार है-
1 वित्तीय वर्ष 2025-2026 का लाभांश का वितरण ।
2. वित्तीय वर्ष 2027-2028 का अनुमानित बजट का अनुमोदन ।
3. वित्तीय वर्ष 2025-2026 के वित्तीय पत्रकों का अवलोकन एंव अनुमोदन ।
4. अन्य विषयों पर चर्चा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

( नगेन्द्र सिंह )
अध्यक्ष / सेनानी
म.प्र.पु.को-ऑप.क्रे.सोसा. लिमि
25वीं वाहिनी विसबल भोपाल

**॥ आम सूचना ॥**
**भूमि ग्राम-लसूडिया गुसाई (रसूलिया गुसाई), पटवारी हल्का क्रमांक-पुराना/नया-41/69, भोपाल के संबंध में**

मै अपने पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्री प्रकाश आत्मज श्री लीला किशन आयु-वयस्क निवासी-मकान क्रमांक-363, ग्राम-रासूलिया गुसाई, रातीबड़, हूजूर, भोपाल म.प्र. एवं श्री सौरभ मारन आत्मज श्री प्रेम नारायण आयु-वयस्क निवासी-354, ग्राम-रासूलिया गुसाई, सिकंदराबाद, रातिबड़, हुजूर, जिला भोपाल ने एक किता कृषि भूमि जो कि खसरा क्रमांक-135 रकबा 0.420 हेक्टेयर 1.02 एकड़ भूमि जो कि ग्राम-लसूड्यिा गुसाई (रसूलिया गुसाई), पटवारी हल्का क्रमांक-पुराना/नया-41/69, राजस्व निरीक्षक मंडल-04, विकास खंड फंदा, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित को श्रीमती मिनी श्रीवास्तव पत्नी श्री के. के. श्रीवास्तव आयु-वयस्क निवासी-एल.आइ.जी-26, गीतांजली काम्पलेक्स, साउथ टी.टी. नगर, नियर माता मंदिर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध किया है जो कि विक्रेता श्रीमती मिनी श्रीवास्तव पत्नी श्री के. के. श्रीवास्तव के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति है जिसका विवरण उप-पंजीयक कर्यालय भोपाल में एक रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक-30.06.2017 को ई- पंजीयन क्रमांक-MP059702017A1364386 पर इंद्राज है । यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व, अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक सम्यक भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अंदर मुझे, मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरी पक्षकार कंपनी उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त प्रस्तावित बंधनकर्ता को ऋण प्रदान कर सकेगी।

भवदीय-
**विवेक सिंह** एडवोकेट
आफिस पता-प्लाट नं.-161 एफ-2/बी सेकेण्ड फ्लोर गोपाल भवन आईसीआई बैंक के सामने जोन-1, एम.पी.नगर भोपाल
मो. न.-7471125917

## SUDOKU 51

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 4 | | | 3 | | | 7 |
| | | | | | | 1 | | |
| 6 | | | | 4 | 9 | 2 | | |
| 4 | 9 | | 5 | 7 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 8 | 4 | | 7 | 9 |
| | | 5 | 3 | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 7 | | | 3 | 5 | |

## SOLUTIONS 50

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए नई खुशियां और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत लेकर आया है। मन प्रसन्न रहेगा और जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस होंगे।

**वृषभ :** आज का दिन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। विदेश से जुड़े व्यापार करने वालों को कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए बेहद अनुकूल रहेगा। लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे।

**कर्क :** आज का दिन खुशियों और सुकून से भरा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को अपने कार्यों के लिए प्रशंसा और सफलता मिलेगी। अपनी किसी पुरानी गलती से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे।

**सिंह :** आज व्यस्तता जरूर रहेगी, लेकिन आपकी मेहनत आपको सफलता के करीब ले जाएगी। व्यापार में धैर्य बनाए रखें, क्योंकि परिणाम आपके पक्ष में आने में थोड़ा समय लग सकता है।

**कन्या :** आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए जरूरी रहेगा। धन-धान्य में वृद्धि के संकेत हैं और कोई पुराना लेन-देन भी समाप्त हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपको विशेष सावधानी बरतने की सलाह देता है। कानूनी या प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है।

**वृश्चिक :** आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहने वाली हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी और कई रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें।

**धनु :** आज आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। यदि नौकरी बदलने का विचार कर रहे थे, तो कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।

**मकर :** आज आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। लंबे समय से टाले गए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें।

**कुंभ :** स्वास्थ्य के मामले में राहत महसूस होगी और मानसिक शांति भी बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में मनपसंद जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

**मीन :** आज का दिन छोटे-छोटे अवसरों को बड़े लाभ में बदलने का रहेगा। आपकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने सभी जरूरी काम समय पर पूरे करने में सफल रहेंगे।

**आज का पंचांग :** 23 जुलाई गुरुवार 2026। **दिशाशूल :** दक्षिण दिशा में रहेगा। **विशेष :** बुध मार्गी, नवमी तिथि में वृद्धि। विक्रम संवत 2083 शके 1948 दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष नवमी 07 घंटे 04 मिनट तक तत्पश्चात दशमी, विशाखा नक्षत्र 25 घंटे 43 मिनट तक तत्पश्चात अनुराधा नक्षत्र, शुभ योग 19 घंटे 20 मिनट तक तत्पश्चात शुक्ल योग, तुला में चंद्रमा 19 घंटे 01 मिनट तक तत्पश्चात वृश्चिक में।

## ग्लोबल स्कूल में साथी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन का शुभारंभ



**ओबेदुल्लागंज।** आज के समय में बच्चों और युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य समाज के सामने एक गंभीर विषय बनता जा रहा है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुरक्षा एवं समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, ओबेदुल्लागंज ने मनोरक्षा इंडिया के सहयोग से साथी 24X7 मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहायता हेल्पलाइन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्मवीर शर्मा , संभागायुक्त, भोपाल संभाग ने ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह बच्चों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करे। विद्यालय की डायरेक्टर ने कहा कि यदि बच्चे को बुखार आता है तो हम तुरंत डॉक्टर के पास जाते हैं, लेकिन जब बच्चा भीतर से परेशान होता है तो अक्सर उसे सुनने वाला कोई नहीं होता। 'साथी' हेल्पलाइन उसी कमी को पूरा करने का एक प्रयास है। साथ ही कार्यक्रम में एसडीएम, टीआई, सीएमओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सेंस्ड एनजीओ के कोषाध्यक्ष, ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य, मनोरक्षा के डायरेक्टर, गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायी कदम बताया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया।

## डॉ. पंड्या के सान्निध्य में होगा 1111 पौधों का तरु महायज्ञ

**भोपाल।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं युवा प्रेरणास्रोत डॉ. चिन्मय पंड्या आज भोपाल आ रहे हैं। गायत्री परिवार भोपाल के परिजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद डॉ. पंड्या की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल के समीप बड़ली माता मंदिर की पहाड़ी पर वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत 1111 पौधों का तरु महायज्ञ आयोजित होगा। इस अभियान में 9 से 11 फीट ऊंचे पौधों का यज्ञीय विधि से रोपण किया जाएगा। डॉ. पंड्या पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व और शांतिकुंज हरिद्वार के शताब्दी वर्ष का संदेश भी उपस्थित जनसमूह को देंगे। गायत्री परिवार भोपाल के जिला समन्वयक रमेश नगर ने सभी परिजनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



**मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
भोपाल - 462003 (म.प्र.) भारत

Advt.No. Rectt./Cont./Medical/2026/ 04 Dated: 22/07/2026

**अनुबंध आधार पर विभिन्न पदों हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू**

अनुबंध आधार पर विज़िटिंग नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं अंशकालिक जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र अभ्यर्थी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन-पत्र, गूगल फॉर्म तथा शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्वाप्रमाणित प्रतियों सहित 29.07.2026 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

**वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए रिपोर्टिंग का समय :**
विज़िटिंग नेत्र रोग विशेषज्ञ हेतु : 30/07/2026 अपरान्ह 01:00 बजे से।
अंशकालिक जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर हेतु : 30/07/2026 प्रातः 09:00 बजे से ।
शैक्षणिक योग्यता, मानदेय तथा अन्य विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.manit.ac.in पर उपलब्ध है ।

कुलसचिव

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग भोपाल- 01, Mobile No. 9425601545
ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com
क्र.मप्रपुआअविनि/706/पयं/भोपाल-01/तशा/2026 भोपाल, दि. 17.07.26

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-1 अंतर्गत अशोकनगर जिले में बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 07 /2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - 2026_MPPHC_522303_1, आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक- 28.07.2026 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है।

म.प्र. माध्यम/127021/2026 परियोजना यंत्री

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com
क्रमांक : 050/उपमहाप्रबं./सि./1758-59 भोपाल, दिनांक : 22.07.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़ कर, भावपत्र संक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./28/01 (ई-निविदा क्र. 2026_MKVVC_523360_1) | बिजली नगर कॉलोनी, गोविंदपुरा, भोपाल स्थित आवास क्रमांक बी-4 के अंतर्गत ग्रीन शीट के साथ वेल्डेड वायर फेसिंग से बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य बावत्। | 5.00 | 10,000/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 23.07.2026 from 10.30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 06.08.2026 up to 12.00 Hrs.
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 07.08.2026 at 12.00 Hrs.
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर देखें एवं mptenders.gov.in पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/127117/2026 उप महाप्रबंधक (सिविल)

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (GEN.)
SANJAY GANDHI THERMAL POWER STATION, BIRSINGHPUR, DISTT.- UMARIA-484552 (M.P.)
E-mail : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, FAX No.: 07655-260226
No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-15/ 1759 Birsinghpur, Date : 21.07.2026

**E-TENDER INVITING NOTICE**

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier/contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| SL. No. | MPPGCL TENDER-ID | PARTICULARS | Estimate (In Rs.) | TENDER COST (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | LAST DATE of closing of online submission | DUE DATE of E-TENDER OPENING |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_MPPGC_515487_1 | Supply, Erection and commissioning of Bucket wheel body with shaft for Thyssenkrupp make stacker cum reclaimer installed at 4x210MW CHP, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 2,89,10,000/- | 5000/- | 2,89,100/- | 18.08.2026 | 21.08.2026 |
| 02. | 2026_MPPGC_518289_1 | Procurement of ESP spares for BHEL make (Model: FAA-9X45M-2X80150-2) ESP of 1x500 MW unit No. 05, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 98,46,358/- | 2000/- | 1,97,000/- | 18.08.2026 | 21.08.2026 |
| 03. | 2026_MPPGC_518290_1 | Procurement of various spares of Air Pre-Heaters (PAPH & SAPH) installed at boiler of 1x500 MW unit, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 82,94,441/- | 2,000/- | 1,65,900/- | 18.08.2026 | 21.08.2026 |
| 04. | 2026_MPPGC_517793_1 | Procurement of various spares, washers, fitted keys & Fastners of TG set for Unit No. 3 & 4, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 62,09,850/- | 2000/- | 1,24,200/- | 18.08.2026 | 21.08.2026 |
| 05. | 2026_MPPGC_517795_1 | Procurement of "Metallic expansion bellows with HT fasteners for Tubular Type Air Preheater & Various Ducts" for Unit No. 1 to 4, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 1,90,78,038/- | 5000/- | 2,00,000/- | 31.08.2026 | 03.09.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system/For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly/ Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only/

**// SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER- SAVE MONEY //**

M.P. Madhyam/127076/2026 Superintending Engineer (P&W) O/o The Executive Director (Gen.)

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की नजरें शीर्ष पांच में रहने पर, मुक्केबाजी, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन से उम्मीद

## आज से होगी खेलों की शुरुआत, 74 देशों के करीब तीन हजार एथलीट्स 10 खेलों में लेंगे हिस्सा

जेएनएन, ग्लास्गो

राष्ट्रमंडल खेल (कॉमनवेल्थ गेम्स) 2026 की शुरुआत ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में 23 जुलाई से होने जा रही है, जिसमें 74 देशों के करीब तीन हजार एथलीट्स 10 खेलों में हिस्सा लेंगे। इनमें 215 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। ग्लासगो दूसरी बार इन खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। इससे पहले साल 2014 में यहां कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हुआ था। पिछली बार 14 वेन्यू पर 17 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था, लेकिन इस बार लागत में कटौती के कारण सिर्फ 4 वेन्यू पर 10 खेल आयोजित होंगे। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धाएं भी साथ में होंगी। यह पिछले 32 साल में किसी भी राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल स्पर्धाओं की सबसे कम संख्या है।

आखिरी बार 1994 में कनाडा के विक्टोरिया में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में 10 स्पर्धाएं आयोजित की गई थीं। ओवो हाइड्रो पर गुरुवार को उद्घाटन समारोह के जरिये इन खेलों की औपचारिक शुरुआत होगी। भारत राष्ट्रमंडल खेल में 19वीं बार हिस्सा लेने जा रहा है। भारत के 125 सदस्यीय दल में 77 पुरुष और 48 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। सबसे बड़ा दल एथलेटिक्स का है, जिसमें 32 खिलाड़ी हैं। इसके बाद मुक्केबाजी और जूडो में 14-14 तथा भारोत्तोलन में 12 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आठ एथलीट्स सामान्य खेलों और पांच पैरा-स्पोर्ट्स में मेडल के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे।

हालांकि भारत के लिए पिछले दो दशक से शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है, लेकिन मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। भारत मैनचेस्टर में 2002 कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है। इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी जैसे खेल के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आए थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है।

**प्रसारणः** राष्ट्रमंडल खेल का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स और दूरदर्शन स्पोर्ट्स पर होगा।



**मुक्केबाजीः** टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला पदक जीतना चाहेंगी। वहीं 57 किलो में विश्व चैम्पियन जैसमीन लंबोरिया बर्मिंघम में जीते कांसे को स्वर्ण में बदलने को उत्सुक होंगी। एशियाई चैम्पियन प्रीति पवार (54 किलो), साक्षी चौधरी (51 किलो) और अरूंधति चौधरी (70 किलो) भी दावेदारों में हैं। पुरुष वर्ग में नरेंदर बेरवाल (प्लस 90 किलो) और विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच (60 किलो) से उम्मीदें हैं। लॉन बॉल में भारत ने बर्मिंघम में महिला वर्ग में स्वर्ण और पुरुष वर्ग में रजत पदक जीते थे और इस बार भी उसे दोहराना चाहेंगे।



**एथलेटिक्सः** भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है, जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा। इसकी अगुआई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे। वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पुरुषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं, जिन्होंने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं, लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है। भारत को ऊंची कूद में सर्वेश कुशारे, लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर, त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल और महिला तथा पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों से पदक की उम्मीद है। भारत ने बर्मिंघम में एथलेटिक्स में आठ पदक जीते थे।



**भारोत्तोलनः** सबकी नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारोत्तोलन में भारत के 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे, क्योंकि राष्ट्रीय शिविर में कई खिलाड़ी डोप टेस्ट में नाकाम हुए हैं, जिससे भारत की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं।

### साई भोपाल के चार खिलाड़ी जूडो टीम में शामिल



स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) भोपाल के चार जूडो खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों में अस्मिता डे (48 किग्रा), श्रद्धा चोपड़े (52 किग्रा), अवतार सिंह (100 किग्रा) और यश घांगस (+100 किग्रा) शामिल हैं। साई भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

## खेल एक नजर

### डेविड वॉर्नर ने शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप स्वीकार किया



**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने बुधवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप कबूल कर लिया। अप्रैल में हुई इस घटना के लिए उन्हें नौ महीने तक की जेल हो सकती है। वॉर्नर ने अपने वकील बॉबी हिल के जरिए शराब पीकर गाड़ी चलाने की बात स्वीकारी और उन्हें खुद अदालत में पेश होने की जरूरत नहीं पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, सजा सुनाने के लिए 18 अगस्त की तारीख तय की गई है। उस दिन वॉर्नर को कम से कम छह महीने के लिए गाड़ी चलाने से रोका जा सकता है। इसके अलावा 2,200 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है और नौ महीने तक की जेल भी हो सकती है। अप्रैल में 'ईस्टर संडे' के दिन सिडनी में पुलिस ने सड़क किनारे जांच के लिए उन्हें रोका था और इसमें उनके शरीर में अल्कोहल पाया गया था।

### एरिगेसी से ड्रॉ खेलकर फिरोजा बने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स चैंपियन

**चेन्नई, जेएनएन।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने बुधवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ सातवें और अंतिम दौर की बाजी ड्रॉ खेलकर चौथे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फिरोजा ने सात दौर में दो जीत और पांच ड्रॉ के साथ कुल 4.5 अंक हासिल किए। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी और अंतिम दौर में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों एरिगेसी और उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर आधे अंक की बढ़त के साथ पहुंचे। खिताब जीतने की कोशिश में काले मोहरों से खेल रहे अब्दुसत्तोरोव को ग्रैंडमास्टर दिमित्री आंद्रेइकिन ने 37 चालों में हरा दिया।

### काउंटी क्रिकेटः यॉर्कशर के लिए आठ मैच खेलेंगे कुलदीप

**लीड्स, जेएनएन।** भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए बुधवार को मौजूदा सत्र में आठ मैच खेलने का करार किया। 31 साल के कुलदीप 'मेट्रो बैंक एकदिवसीय कप' के पांच मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे और फिर सितंबर में 'रोथसे काउंटी चैंपियनशिप' के आखिरी चार में से तीन मैच खेलने के लिए हैडिंग्ले लौटेंगे। वहीं स्कारबोरो में खेले गए वनडे मैच में हैम्पशर ने यॉर्कशर को 50 रन से हराया। इस मैच में हैम्पशर के लिए पदार्पण करने वाले भारतीय ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा ने तीन विकेट लिए। हैम्पशर ने टॉम प्रेस्ट (109) के शतक की मदद से आठ विकेट पर 320 रन बनाए। बल्लेबाजी में आशुतोष का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और इंग्लिश काउंटी के लिए अपने लिस्ट ए पदार्पण में वह सिर्फ 10 रन ही बना सके। आशुतोष के लिस्ट-ए में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की मदद से यॉर्कशर 270 रन पर सिमट गई। आशुतोष ने एक ही ओवर में हैरी ड्यूक और कप्तान डॉम बेस को आउट किया।

# टी-20: जीत की राह पर लौटने के इरादे से जिम्बाब्वे के खिलाफ उतरेगी टीम इंडिया

## दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज शाम 4.30 से

जेएनएन, हरारे

श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे, जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में गुरुवार को उतरेगी। कप्तान के रूप में पहले सात टी-20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। हालांकि हरारे में टीम इंडिया के लिए ये चुनौती आसान नहीं होने वाली है। हाल ही में जिम्बाब्वे ने अपने घर में ही बांग्लादेश को टेस्ट में पारी के अंतर से मात दी है, वनडे में 2-1 से सीरीज जीती और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में भी पहला मैच मेजबान टीम ने ही जीता था। भारत ने टी-20 विश्व कप 2026 का फाइनल जीतने के बाद से अब तक एक भी टी-20 मुकाबला नहीं जीता है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है, लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है, जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं। भारत ने इस दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है, जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है। एक बार फिर नजरें 'वंडर ब्वॉय' सूर्यवंशी पर होंगी, जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे, क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अभिषेक ने पदार्पण किया था और दूसरे मैच में पहला टी-20 शतक लगाया था। सूर्यवंशी ने छह फरवरी को इस मैदान पर इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के खिलाफ जूनियर विश्व कप फाइनल में शतक लगाया था।



**2026** टी-20 विश्व कप में दोनों टीमों की आखिरी भिड़ंत हुई थी, जहां टीम इंडिया को 72 रन से जीत मिली थी। वहीं जिम्बाब्वे को पिछली बार भारत के खिलाफ जीत हरारे में ही दो साल पहले नसीब हुई थी।

**हेड टू हेड**

| | |
|---|---|
| कुल टी-20 | 12 |
| टीम इंडिया जीती | 09 |
| जिम्बाब्वे जीता | 03 |

**पिच का पेंच** भारत और जिम्बाब्वे दोनों ही टीमों के कप्तानों ने हरारे की पिच पर समान उछाल और पेस की उम्मीद जताई है। ऐसा माना जाता है कि हरारे के हालात तेज गेंदबाजों के मूफीद होते हैं। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ हुई टी-20आई सीरीज की छह पारियों में सर्वाधिक टीम स्कोर 186 रन रहा था, जो बांग्लादेश ने बनाया था। बात अगर मौसम की करें तो गुरुवार को आसमान बिल्कुल साफ और तेज धूप रहने की उम्मीद है।

**जिम्बाब्वेः** सिकंदर यादव (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका शिवांगा, बेन कुरेन, ब्राड इवांस, वेसले माधेवेरे, टी मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा, न्यूमैन एन, मिल्टन शुम्बा, टी सिगा।

**भारतः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह

### सूर्यवंशी बनाम मुजराबानी

इंग्लैंड के खिलाफ सूर्यवंशी मौके को नहीं भुना पाए और 14, 13 और 15 रन का स्कोर खड़ा किया। उम्मीद है कि इस दौरे पर सूर्यवंशी अपने चयन को सही साबित करेंगे। हालांकि जोफ्रा आर्चर ने जिस तरह उन्हें छोटी और हार्ड लेंथ गेंदों से परेशान किया था, उसे देखने के बाद तेज गेंदबाज मुजराबानी की रणनीति भी ठीक वैसी ही हो सकती है। लंबे कद के मुजराबानी की भी ताकत हार्ड लेंथ से बल्लेबाजों को उछाल के साथ परेशान करना है। एन्गारावा और एवंस के तौर पर जिम्बाब्वे के पास ऐसी पेस तिकड़ी मौजूद है, जो सूर्यवंशी और भारतीय शीर्ष क्रम का इम्तिहान ले सकती है।

### रिंकू की वापसी से मिलेगी मजबूती

सूर्यवंशी और अभिषेक के ऊपर जहां आतिशी आगाज की जिम्मेदारी होगी, तो नंबर-3 पर इशान किशन भी मौजूद होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी-20 में अर्धशतक लगाते हुए फॉर्म में लौटने का संकेत दिया था। श्रेयस भी भले ही बतौर कप्तान सफल न रहे हों, लेकिन बतौर बल्लेबाज यूके दौरे पर वह सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज थे। उप-कप्तान तिलक वर्मा को लेकर भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा है और वह मानते हैं कि इस दौरे से टीम इंडिया जीत की लय हासिल कर लेगी। यूके दौरे पर जिस विभाग ने भारत को सबसे ज्यादा सताया था वह था निचला मध्य क्रम, लेकिन रिंकू की वापसी से मध्य क्रम अब मजबूत दिखाई दे रहा है।

# वनडे रैंकिंगः नंबर एक बल्लेबाज बनने से गिल सिर्फ एक अंक दूर

## विराट-रोहित टॉप-4 में, रूट छह साल बाद टॉप-10 में

**दुबई, जेएनएन।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद बुधवार को जारी नवीनतम वनडे अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल हैं। गिल (801) दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (802 अंक) के बेहद करीब हैं। कोहली (767) और रोहित (758) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज में अजेय रहते हुए 249 रन बनाने वाले इंग्लैंड के जो रूट चार स्थान की छलांग के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। रूट 2020 के बाद पहली बार वह वनडे बल्लेबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में जगह बनाने में सफल हुए हैं। भारत के नव नियुक्त टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर वनडे में दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर हैं। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के अबरार अहमद के बाद तीसरे स्थान पर हैं। कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज हैं। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया।



### वेस्टइंडीज ने पांचवें वनडे में न्यूजीलैंड को हराया



**ब्रिजटाउन, जेएनएन।** शिमरोन हेटमायेर के नाबाद 69 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांचवें और आखिरी वनडे में न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने हालांकि सीरीज 3-2 से जीत ली है। पहले मैच में वेस्टइंडीज ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच पांच विकेट से और तीसरा छह विकेट से जीता। चौथा मैच भी न्यूजीलैंड ने जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 268 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। हेटमायेर ने शेरफान रदरफोर्ड (61) के साथ 95 रन की साझेदारी की। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 35वें ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बना लिए थे और पांच ओवर बाकी रहते स्कोर पांच विकेट पर 230 रन था, लेकिन आखिरी ओवरों में वेस्टइंडीज ने अच्छी गेंदबाजी की। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग ने 56, टॉम लैथम ने 69 और निक कैली ने 64 रन बनाए।

### यूथ टेस्ट मैचः रायचंदानी का शतक भारतीय अंडर-19 टीम जीत की ओर

**कोलंबो, जेएनएन।** सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने बुधवार को श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट के तीसरे दिन भारत अंडर-19 टीम की मजबूत स्थिति को और मजबूत करते हुए सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया। रायचंदानी ने सीरीज के पहले ड्रॉ मैच में दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने 116 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए जिससे भारत ने दिन में घरेलू टीम को 148 रन पर ऑलआउट करने के बाद अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 208 रन पर घोषित कर दी। पहली पारी में शतक लगाने वाले मनाल चौहान ने 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंका अंडर-19 ने तीसरे दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 122 रन से की थी। फिर 472 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 155 रन बना लिए थे। भारत अंडर-19 ने पहली पारी में 411 रन बनाए थे।

## युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने पहले ओमान को रौंदा, फिर पाकिस्तान को परास्त किया

**मस्कट, जेएनएन।** भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया, जिसमें कप्तान ने चार गोल किए और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरुख अली ने दो-दो, प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक-एक गोल दागा। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7-4 से जीत दर्ज की, जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किए। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक-एक गोल किए। पाकिस्तान के लिए असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक, जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किए। भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिए चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किए, जबकि भारत के लिए नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उज्बेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन-तीन, दिया और पुष्पा ने दो-दो, जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक-एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले हॉकी 5 विश्व कप का क्वालिफायर भी है।



### शाहिदी हटे, रहमत शाह अफगानिस्तान के नए वनडे और टेस्ट कप्तान नियुक्त

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को मध्य क्रम के बल्लेबाज रहमत शाह को राष्ट्रीय टीम का नया टेस्ट और वनडे कप्तान नियुक्त किया। यह फैसला हशमतुल्लाह शाहिदी के इस्तीफे के बाद किया गया। रहमत 2021 से टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूप में लगातार अफगानिस्तान के उप कप्तान की भूमिका निभा रहे हैं। रहमानुल्लाह गुरबाज दोनों प्रारूप में उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। ये दोनों आयरलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की आगामी सीरीज के दौरान अपनी नई जिम्मेदारियां संभालेंगे। शाहिदी को मई 2021 में कप्तान नियुक्त किया गया था और उन्होंने जनवरी 2022 में नीदरलैंड के खिलाफ सीरीज में जीत के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया था। कप्तान के तौर पर शाहिदी के सफल कार्यकाल के दौरान अफगान ने कई बड़ी जीत और उपलब्धियां हासिल कीं तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी उल्लेखनीय प्रगति की। शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान ने 55 वनडे मैच में 27 जीत हासिल कीं। उनकी कप्तानी में अफगानिस्तान ने 2023 विश्व कप में चार यादगार जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने इस दौरान इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड को हराया और टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहा।

## हॉकी इंडिया जूनियर व सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 24 से

### मप्र अकादमी में 10 दिनों तक 28 टीमें दिखाएंगी दम

**भोपाल, खेप्र।** ग्वालियर स्थित मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी में चौथी हॉकी इंडिया जूनियर और सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 शुरू होने जा रही है। यह चैंपियनशिप मप्र खेल विभाग और हॉकी इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में होगी। 24 जुलाई से तीन अगस्त तक चलने वाली चैंपियनशिप (जोन ए एवं बी) में देश की 12 प्रतिष्ठित हॉकी अकादमियां हिस्सा लेंगी। मेजबान मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी सहित पंजाब, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की प्रमुख अकादमियां राष्ट्रीय खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। वहीं 26 जुलाई से 3 अगस्त तक सब-जूनियर चैंपियनशिप (जोन ए एवं बी) में 16 अकादमियां भाग लेंगी।



### स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स को विश्व स्तरीय स्वरूप देने की तैयारी

**भोपाल।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कॉम्पलेक्स में विकसित की जा रही खेल अधोसंरचना, सुरक्षा व्यवस्था, जनसुविधाओं, ऊर्जा प्रबंधन तथा निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री सारंग ने कहा कि यह खेल परिसर मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाओं के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।

**चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## सिंधू और लक्ष्य दूसरे दौर में, शेट्टी ने 11वें नंबर के खिलाड़ी फरहान को हराकर उलटफेर किया

**चांगझोउ, जेएनएन।** आयुष शेट्टी ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी अल्वी फरहान को हरा दिया, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने हमवतन उन्नति हुड्डा की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के नंबर एक पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने भी अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने जापान के दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी यूशी तनाका को 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20, 15-21, 21-14 से हराया।



विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त विक्टर लाई का सामना करेंगे। लाई विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं। जापान ओपन जीतकर दो साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाली सिंधू को 18 साल की उन्नति के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने 56 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में उन्नति को 21-14, 9-21, 21-10 से शिकस्त दी। प्री क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चौथी वरीयता प्राप्त घरेलू खिलाड़ी चेन यूफेई से होगा। सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में चेन को सीधे गेमों में हराया था। शेट्टी ने इंडोनेशिया के पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अल्वी फरहान को 17-21, 21-5, 21-17 से हराकर पुरुष एकल के पहले दौर के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक को अंजाम दिया। 57 मिनट तक चले मुकाबले में शेट्टी पहला गेम हार गए थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखा। निर्णायक गेम में उन्होंने धैर्य बनाए रखा और जीत दर्ज की। अब उनका सामना आयरलैंड के नहाट एनगुएन से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी सांसद कल्याण पूरे सत्र से निलंबित



**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी को पूरे मानसून सत्र से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने संसद की कार्यवाही के दौरान टीएमसी की बागी महिला सांसद के लिए आपत्तिजनक बात कही थी। इसके बाद लोकसभा में उनकी शिकायत की गई। अर्जुन राम मेघवाल ने कार्यवाही का प्रस्ताव रखा। इसके बाद कल्याण बनर्जी को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। लोकसभा की अध्यक्षता कर रहे कृष्णा प्रसाद टेनेटी ने कहा कि महिला सांसद के खिलाफ बनर्जी की टिप्पणी ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### एपस्टीन से जुड़े फ्रांसीसी शख्स डैनियल की मौत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी अरबपति और दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े फ्रांसीसी मॉडलिंग स्काउट डैनियल सियाद अपने पेरिस स्थित घर में मृत पाए गए हैं। 69 साल के डैनियल सियाद पर फ्रांस में मानव तस्करी और महिलाओं के यौन शोषण में जेफ्री एपस्टीन की मदद करने के आरोपों की जांच चल रही थी। सियाद ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि वह जांचकर्ताओं के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अमेरिका में सार्वजनिक की गई एपस्टीन फाइलों के 1,000 से ज्यादा दस्तावेजों में डैनियल सियाद का नाम दर्ज है।

### भारत ने दोहराई हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता

**मनीला, जेएनएन।** भारत ने एक बार फिर स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मनीला में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान कहा कि इस क्षेत्र में आसियान की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देना भी भारत की प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में जयशंकर के अलावा अमेरिका के विदेश मंत्री रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी शामिल हुए। इससे पहले क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक मई के आखिर में नई दिल्ली में हुई थी।

# नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के बाद देशभर में प्रदर्शनों का दौर

## प्रदर्शन के दौरान आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता, पुलिस ने छोड़ी आंसू गैस

**नई दिल्ली, यमुनानगर, पटना/रायपुर/लखनऊ, जेएनएन।** नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के बाद देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को यमुनानगर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहले जगाधरी अनाज मंडी गेट पर करीब इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले को लाठियों और चप्पलों से पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। बाद में कांग्रेसी लघु सचिवालय पहुंचे और जिला उपायुक्त प्रीति के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्र-युवा मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की।

**लखनऊ : कांग्रेस कार्यालय तैनात थी महिला कार्यकर्ता-** बुधवार को लखनऊ में बीजेपी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए कांग्रेस कार्यालय पर महिला कार्यकर्ता लाठी लेकर तैनात हैं। पीएम आवास के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद से बीजेपी के कार्यकता लखनऊ समेत देश के कई राज्यों में कांग्रेस कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। यूपी के बनारस में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस उठाकर ले गई। उधर, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकभवन का घेराव किया।



**जयपुर: कांग्रेस का कूच रोका**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जयपुर में कांग्रेस लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरी है। कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय घेरने निकले। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे थे। कांग्रेस के घेराव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

**अहमदाबाद: कांग्रेस का धरना**

कांग्रेस ने अहमदाबाद स्थित राजीव गांधी भवन में धरना दिया। फिर रैली निकाली। पुलिस ने रैली को रोकने की कोशिश की तो कांग्रेस नेताओं की पुलिस से नोकझोंक हुई। पुलिस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल, वरिष्ठ नेता अमित चावड़ा और विधायक इमरान खेड़ावाला समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने टांगकर पुलिस वाहन में बैठाया और हिरासत में लिया।

**पटना: भाजपा-कांग्रेस के बीच जमकर चले पत्थर-डंडे**

पटना में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। बीजेपी नेता कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर से डंडे और पत्थर चलाए गए। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस नेता पहले से पत्थर और डंडे लेकर मारपीट के लिए तैयार बैठे थे।

**रायपुर: में भाजपा नेताओं पर पुलिस ने छोड़ी आंसू गैस**

छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस नेता आमने-सामने हो गए हैं। भाजपा नेता कांग्रेस दफ्तर का घेराव करने निकले। इस दौरान राजीव भवन के पास कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और दो बार आंसू गैस छोड़ी गई। कई जगहों पर बैरिकेडिंग लगाई गई।

**छत्तीसगढ़ : कांग्रेसियों ने किया भजन-कीर्तन, लोकभवन घेरा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकभवन का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों और पुलिस में धक्का-मुक्की भी हुई।

### छात्र आंदोलन पर वर्ल्ड मीडिया की नजर

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन की गूंज विदेशी मीडिया तक पहुंची है। कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इसे प्रमुखता से कवर किया है।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स** ने लिखा कि खून बहा, लाठियां चलीं, आंसू गैस के गोले दागे गए, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। संसद मार्च के अगले ही दिन हजारों छात्र फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और सरकार से जवाब मांगने लगे। अखबार के मुताबिक, छात्र शिक्षा व्यवस्था और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। ।
- **द गार्डियन:** ब्रिटेन के अखबार गार्डियन ने लिखा कि पुलिस की कार्रवाई भी छात्र आंदोलन को रोक नहीं सकी। सोमवार की झड़प के अगले दिन हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और साफ कर दिया कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। अखबार ने लिखा कि आंदोलन अब सिर्फ शिक्षा सुधार की मांग तक सीमित नहीं रहा।
- **फाइनेंशियल टाइम्स** ने लीड रिपोर्ट में लिखा कि छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च कर रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों को बाद में रिहा कर दिया गया।
- **बीबीसी** ब्रिटेन के टीवी बीबीसी ने लिखा कि पुलिस कार्रवाई में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। कई प्रदर्शनकारियों ने बीबीसी को बताया कि लाठीचार्ज के दौरान महिलाओं के साथ भी सख्ती की गई।
- **डॉन** पाक अखबार के अनुसार छात्र आंदोलन से विपक्ष को मोदी सरकार को हमला बोलने का नया मौका दे दिया है। पुलिस कार्रवाई के बाद सभी प्रमुख विपक्षी दल प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए।

UNIQUE COLLEGE BHOPAL
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश का अंतिम अवसर
COURSES OFFERED
BBA* / B.Com. / B.A. / B.Sc. / M.Com. / M.Sc.
Limited Seats
मेधावी छात्र/छात्राओं को छात्रवृति योजना।
Visit Campus:
Jawahar Chowk, Bhopal
0755-2776277
9171639697, 8120516807

ADMISSION OPEN 2026-27
APPROVED BY AICTE
ANAND INSTITUTE OF MANAGEMENT
AIM
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
BBA | MBA
(सभी ब्रांच उपलब्ध)
छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा
AFFORDABLE FEES · PLACEMENT ASSISTANCE · EXPERIENCED FACULTY · WELL EQUIPPED COMPUTER LAB · SMART CLASSROOMS
FOR MORE DETAILS :
9111888339, 9301132999, 9827635668
VISIT CAMPUS :
Neelbad, Barkheda Nathu Road, Bhopal
VISIT CITY OFFICE:
30 New MLA Colony, Jawahar Chowk Bhopal

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में आए युवाओं के लिए विदेश से भी कर रहे खाने के आर्डर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन के बीच जंतर-मंतर से कुछ ही दूरी पर स्टेशन बंद होने के कारण लोगों ने वहीं खाना ऑर्डर करना शुरू कर दिया और डिलीवरी एजेंटों से आधी सड़क भर गयी। जंतर मंतर पर स्विगी के डिलीवरी एजेंट 38 वर्षीय वीरेंद्र और ज़ोमैटो एजेंट 30 वर्षीय कुलदीप अपने डिलीवरी बॉक्स से खाना खा रहे थे। वीरेंद्र ने बताया, हैदराबाद के एक ग्राहक यह खाना भीड़ में से किसी भी स्टूडेंट को देने के लिए ऑर्डर किया है और मुझसे कहा कि बेटा तुम भी इसी ऑर्डर से अपना लंच खा लो। उन्होंने अपना ऐसा पांचवां ऑर्डर डिलीवर किया था। वीरेंद्र ने आगे कहा, हम पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन स्थल पर ही ये काम कर रहे हैं।

**अन्ना हजारे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, मंत्री का इस्तीफा लेने से सरकार कमजोर नहीं होगी'**

अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर छात्रों पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया। साथ ही ज्यादा बल का इस्तेमाल करने को भी गलत बताया। आगे अन्ना ने यह भी कहा कि किसी मंत्री का इस्तीफा लेने से सरकार कमजोर नहीं होगी बल्कि एक कड़ा मैसेज जाएगा कि अगर मंत्री जिम्मेदारियां ठीक से नहीं निभाते हैं, तो उन्हें भी अपने पद छोड़ने पड़ सकते हैं।

अमेरिका और कनाडा जैसे दूर-दराज देशों से भी कस्टमर ऑर्डर भेज रहे हैं और कुछ लोग तो आर्डर के साथ पर्सनल सलाह और मैसेज भी छोड़ रहे हैं।

### शरद पवार ने बेटी सुप्रिया के साथ प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शरद पवार ने पीएम मोदी से में मुलाकात की। इस दौरान बेटी सुप्रिया सुले भी उनके साथ रहीं। पीएम ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पवार ने मोदी को एक पत्र भी सौंपा। यह बैठक करीब 20 मिनट चली। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई? अभी इसका ब्योरा सामने नहीं आया है। पिछले कई दिनों एनसीपी शरद पवार के एनडीए में शामिल होने के कयास चल रहे हैं। इस मुलाकात को उससे जोड़कर भी देखा जा रहा है। एक दिन पहले शरद पवार जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी के



प्रदर्शन में अभिजीत दिपके से मुलाकात की थी। परिसीमन बिल पर समर्थन देने के संकेत-पवार की मोदी से मुलाकात ने राजनीतिक हलचल हो गई है। परिसीमन बिल पर बीजेपी को एनसीपी (एसपी) के 8 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस मुलाकात को उससे जोड़कर भी देखा जा रहा है।

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION · AFFORDABLE FEES · A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

# अमेरिका ने ईरान के 5 शहरों पर बरसाए बम

## हूतियों की धमकी: सऊदी पोर्ट से दूर रहें जहाज

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी जंग लगातार तेज होती जा रही है। अमेरिकी सेना ने लगातार 11वीं रात ईरान पर बड़े हवाई हमले किए। इस ऑपरेशन में ईरान के एयरक्राफ्ट हैंगर, ड्रोन स्टोरेज साइट, सैन्य ऑपरेशन सेंटर, समुद्री क्षमताओं और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया। अमेरिका का दावा है कि इन हमलों का मकसद ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करना और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों के लिए खतरे को कम करना है। सेंटकाम ने कहा कि पिछले तीन महीनों में ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले 30 से ज्यादा कारोबारी जहाजों पर हमला किया है। इन हमलों से सैकड़ों नाविकों की जान खतरे में पड़ी और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि, अमेरिका का कहना है कि तमाम हमलों के बावजूद होर्मुज स्ट्रेट अभी भी व्यावसायिक जहाजों के लिए खुला हुआ है।



**ट्रंप की चेतावनी-अब जहाजों पर हमला किया तो उड़ा देंगे पुल और बिजली घर**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को बमबारी की धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में एक भी जहाज पर हमला हुआ तो ईरान में पुल और बिजली घरों को उड़ा देंगे। इसमें तेहरान की राजधानी के अंदर या उसके पास मौजूद पुल और बिजलीघर भी शामिल होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब से अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से हमला करता है, तो अमेरिका जवाब में ईरान के एक पुल या बिजलीघर को बम से उड़ा देगा। वहीं, अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 690/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

क्र./1254/भू- अर्जन/2026
भोपाल, दिनांक : 17.07.2026
राजस्व प्रकरण क्रमांक 16/अ-82/2025-26

**घोषणा**

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-19**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।
चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु **ग्राम खोकरिया तहसील हुजूर जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।
अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे. में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | हुजूर | खोकरिया | 17.6320 हे. | 6.6908 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम,भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**
ग्राम का नाम - खोकरिया, तहसील - हुजूर , जिला - भोपाल

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे. में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | सतीश कुमार पिता हीरालाल | 92 | 1.2600 | 0.5439 | निजी | सिंचित |
| 2 | एच एल शर्मा पिता स्व श्री डी आर शर्मा | 94/2 | 0.9470 | 0.3585 | निजी | आवासीय |
| 3 | अर्जुन सिंह पिता गंगा प्रसाद जाति खाती | 95 | 0.7100 | 0.0288 | निजी | सिंचित |
| 4 | संजय वर्मा पिता सतीश वर्मा | 138 | 1.0400 | 0.6505 | निजी | सिंचित |
| 5 | शिव प्रसाद पिता हरिचरण जाति खाती | 139 | 1.2200 | 0.7152 | निजी | सिंचित |
| 6 | कृष्णाबाई पत्नी नर्मदा प्रसाद जाति जाति खाती | 140 | 0.3500 | 0.0787 | निजी | सिंचित |
| 7 | देवनारायण पिता राम गोपाल जाति खाती | 168 | 0.0400 | 0.0145 | निजी | सिंचित |
| 8 | हीरालाल पिता राम गोपाल जाति खाती | 166 | 1.4300 | 0.1460 | निजी | सिंचित |
| 9 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3), मुकेश पिता हरिनारायण (1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 164 | 1.3300 | 0.7475 | निजी | सिंचित |
| 10 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3), मुकेश पिता हरिनारायण (1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 163 | 0.0800 | 0.0800 | निजी | सिंचित |
| 11 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 161/1 | 0.0300 | 0.0274 | निजी | सिंचित |
| 12 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 161/2 | 0.0300 | 0.0020 | निजी | सिंचित |
| 13 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 160/1 | 0.0300 | 0.0300 | निजी | सिंचित |
| 14 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 160/2 | 0.0400 | 0.0200 | निजी | सिंचित |
| 15 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 159/1/1 | 0.0100 | 0.0100 | निजी | सिंचित |
| 16 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3), मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 159/1/2 | 0.0050 | 0.0050 | निजी | सिंचित |
| 17 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3), मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 159/2 | 0.0150 | 0.0150 | निजी | सिंचित |
| 18 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3) , मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 158/2 | 0.0100 | 0.0085 | निजी | सिंचित |
| 19 | भूपेन्द्र पिता नर्मदा प्रसाद | 142 | 0.6400 | 0.4468 | निजी | सिंचित |
| 20 | महेन्द्र कुमार पिता नर्मदा प्रसाद जाति खाती | 146 | 0.2900 | 0.0795 | निजी | सिंचित |
| 21 | अनुप्रिया हजेला शाह पति तन्मय शाह (1/2), कीर्ति श्रीवास्तव पति सौरभ श्रीवास्तव(1/2) | 23/1 | 0.1250 | 0.0041 | निजी | सिंचित |
| 22 | केवल किशन पाटीदार पिता रेवाराम पाटीदार | 22/1 | 0.4900 | 0.0452 | निजी | सिंचित |
| 23 | मांगीलाल पिता मिश्रीलाल | 22/2 | 0.0200 | 0.0200 | निजी | सिंचित |
| 24 | केवल किशन पाटीदार पिता रेवाराम पाटीदार | 21/2 | 0.2600 | 0.1640 | निजी | सिंचित |
| 25 | राजेन्द्र कुमार पिता श्यामलाल | 14 | 1.4900 | 0.3530 | निजी | सिंचित |
| 26 | मुन्नकाबाई बेवा श्यामलाल जाति कायस्थ | 13 | 1.2000 | 0.5926 | निजी | सिंचित |
| 27 | नरेन्द्र कुमार पिता श्यामलाल | 12 | 0.8500 | 0.2978 | निजी | सिंचित |
| 28 | नरेन्द्र कुमार पिता श्यामलाल | 11 | 0.3500 | 0.2791 | निजी | सिंचित |
| 29 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3) , मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 10 | 0.2000 | 0.2000 | निजी | सिंचित |
| 30 | राजेन्द्र कुमार पिता श्यामलाल | 7 | 0.7700 | 0.0106 | निजी | सिंचित |
| 31 | विरेन्द्र कुमार पिता श्यामलाल जाति कायस्थ | 4 | 0.8400 | 0.0600 | निजी | सिंचित |
| 32 | ममता बाई पत्नी मुकेश (1/3), सीमा बाई पत्नी दिनेश (1/3), मीना बाई पत्नी सुभाष (1/3) | 3 | 0.5800 | 0.2740 | निजी | सिंचित |
| 33 | ममता बाई पत्नी मुकेश (1/3), सीमा बाई पत्नी दिनेश (1/3), मीना बाई पत्नी सुभाष (1/3) | 2 | 0.3200 | 0.2657 | निजी | सिंचित |
| 34 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3) , मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 8 | 0.5200 | 0.0333 | निजी | सिंचित |
| 35 | सुभाष पिता हरिनारायण (1/3) , मुकेश पिता हरिनारायण(1/3), दिनेश पिता हरिनारायण (1/3) | 9 | 0.1100 | 0.0836 | निजी | सिंचित |
| | | कुल योग | 17.6320 | 6.6908 | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।
भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।
प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की समयावधि में हितबद्ध पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील हुजूर जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**
**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन**

म.प्र. माध्यम/127085/2026

### नदी में दिखे तीन बड़े मगरमच्छ, गांव में दहशत

**जागरण, कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कंजिया से गुजरी लभेर नदी में बुधवार सुबह तीन बड़े मगरमच्छ दिखे। ग्रामीणों द्वारा एक साथ तीन बड़े मगरमच्छों को पानी में तैरते देखने के बाद गांव में दहशत फैल गई। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, यह नदी हमेशा से जल स्रोतों और पशुओं के लिए सुरक्षित मानी जाती रही है। हालांकि, पिछले दो-तीन वर्षों से नदी में मगरमच्छ दिखाई देने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी प्रशासन को दी।

### लक्ष्मीबाई नगर-श्रीगंगानगर स्पेशल 14 अगस्त तक चलेगी

**जागरण, इंदौर।** विशेष किराये पर संचालित लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) - श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुनः विस्तारित किए हैं। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल 14 अगस्त और श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) साप्ताहिक स्पेशल 13 अगस्त तक चलेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि पुनः बढ़ाई है।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**निशिकांत दुबे**
भाजपा सांसद

झारखंड में कांग्रेस ने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। आखिर बीजेपी के आंदोलन से सरकार झुकी और परीक्षा रद्द करनी पड़ी। लेकिन दोषियों को सजा दिलाने के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। सफेदपोशों को सजा मिलने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# भोपाल के उद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री के लिए आवंटित कराई जमीन, कुछ लोगों ने अवैध रूप से किराए पर चला दी

**कपिल तुलसानी, भोपाल।** राजधानी भोपाल में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार पुरजोर तरीके से प्रयास कर रही है। इसके लिए भोपाल में दो नए औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा और बगरोदा को डेवलप किया गया है, लेकिन दोनों जगह कई लोगों ने फैक्ट्रियां आवंटित करवाकर इन्हें किराए पर चढ़ा दिया है। किराए पर चल रही इन फैक्ट्रियों में सस्ते बेकरी प्रोडक्ट्स सहित अन्य खाद्य पदार्थ बनाए जाते हैं। इतना ही नहीं बगरोदा में संचालित हो रही एक किराए की फैक्ट्री में अक्टूबर 2024 में 1800 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स भी पकड़ाई जा चुकी है। इसके बाद भी मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) ने फैक्ट्रियों के संचालन को लेकर कोई स्पष्ट नियम नहीं बनाए हैं। नतीजतन ज्यादातर लोग फैक्ट्री के लिए जगह आवंटित करवाकर इन्हें किराए पर दे देते हैं। मामले की हकीकत जानने के लिए दैनिक जागरण ने जब कई दिनों तक अचारपुरा और बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया में घूमते हुए हकीकत जानी तो यहां कई फैक्ट्रियां बंद मिलीं। आसपास काम करने वाले लोगों ने बताया कि यह फैक्ट्रियां कभी-कभार ही रात में खुलती हैं।

### बगरोदा में पकड़ाए नशीले पदार्थ और अचारपुरा में अमानक खाद्य पदार्थ बनाने के लिए किराए की फैक्ट्री का हो रहा था उपयोग



#### किराए की फैक्ट्रियों में हुईं कुछ घटनाएं

- 2020 में भोपाल के एक व्यापारी ने बेकरी के नाम पर अचारपुरा में फैक्ट्री आवंटित करवाई। बाद में इसे बर्फ वाली पेप्सी बनाने के लिए किराए पर दे दिया। बाद में इसे बंद कराकर फैक्ट्री बेच दी।
- 2024 में भेल के रिटायर्ड मैनेजर एसके सिंह ने कटारा हिल्स निवासी युवक को 60 हजार रुपए महीने पर फैक्ट्री किराए पर दी थी। यहां से नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 1800 करोड़ रुपए की एमडी बरामद की थी।
- 2026 में अचारपुरा स्थित बीके फूड प्रोडक्ट नामक फैक्ट्री का संचालन बिना अनुमति किया जा रहा था। यहां अमानक खाद्य पदार्थ गंदगी में बनाए जा रहे थे। प्रोडक्ट पर लांबाखेड़ा का एड्रेस था। जब खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने फैक्ट्री की जगह तलाशी तो यह फैक्ट्री अचारपुरा में संचालित होते हुए मिली।

### एक नजर में भोपाल के इंडस्ट्रियल एरिया

**1. अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, ईंटखेड़ी, बैरसिया रोड**
- **इंडस्ट्रियल एरिया का कुल क्षेत्रफल :** 400 एकड़
- **संचालित होने वाली फैक्ट्रियों की कुल संख्या :** 158
- **सबसे बड़ी फैक्ट्री :** गोकुलदास एक्सपोर्ट अचारपुरा प्राइवेट लिमिटेड
- **थाना :** ईंटखेड़ी, जिला भोपाल

अचारपुरा में सिनाई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक बड़ी फैक्ट्री का निर्माण चल रहा है। जहां ओआरएस बनाया जाएगा। वर्तमान में एक ही बड़ी फैक्ट्री संचालित हो रही है। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में 10 फैक्ट्री बंद मिलीं या उनके शटर गिरे हुए थे। इन फैक्ट्रियों पर न ही बोर्ड था और न ही कोई अन्य जानकारी फैक्ट्री के बाहर साझा की गई थी। यहां कार्यरत एमपीआईडीसी के कर्मचारियों ने बताया कि बगरोदा वाली घटना के बाद यहां सख्ती बढ़ गई है। समय समय पर पुलिस यहां पर आकर फैक्ट्री के अंदर तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों की जानकारी लेती है। गोकुलदास एक्सपोर्ट के बाहर इंडस्ट्रियल एरिया के लिए पुलिस चौकी भी बनाई गई है, लेकिन यहां पुलिस कर्मियों की डयूटी नहीं लगाई गई थी।

**2. बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया, बंगरसिया के पास, भोजपुर रोड**
- **इंडस्ट्रियल एरिया का कुल क्षेत्रफल :** 400 एकड़
- **संचालित होने वाली फैक्ट्रियों की कुल संख्या :** 350
- **सबसे बड़ी फैक्ट्री :** वॉल्वो आयशर, कुल क्षेत्रफल 150 एकड़
- **थाना :** कटारा हिल्स, जिला भोपाल

बगरोदा में कुल 6 फैक्ट्रियां ऐसी मिलीं, जो बंद थीं। इन फैक्ट्रियों के बाहर कोई बोर्ड भी नहीं लगा था। जानकारी जुटाने पर पता चला कि रात के समय यहां हलचल देखी जाती है। यहां काम करने वाले एमपीआईडीसी के कर्मचारियों के अनुसार एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ाने के बाद सख्ती बहुत बढ़ गई है। हफ्ते में दो बार कटारा हिल्स थाना प्रभारी अमले के साथ पहुंचते हैं, लेकिन फैक्ट्रियों की जांच पड़ताल नहीं होती है। पुलिस द्वारा यहां पर चौकी का निर्माण भी नहीं किया गया है। बता दें कि इंडस्ट्रियल एरिया से कटारा हिल्स थाना की दूरी लगभग 12 किमी है। ऐसे में कोई भी घटना होने के बाद पुलिस को यहां पहुंचने में ही 35 मिनट लग जाएंगे।

**नोट** *इस मामले में जानकारी लेने के लिए एमपीआईडीसी के ईडी विशाल सिंह चौहान से मिलने उनके दफ्तर गए, लेकिन वहां से जीएम आनंद टेवरे से इस विषय पर बात करने के लिए कहा गया। आनंद टेवरे से कई बार संपर्क किया गया। बाद में इसकी जानकारी एमपीआईडीसी के दफ्तर में दी गई, दफ्तर के कर्मचारी ने उनसे बात करवाने की बात कही, लेकिन संपर्क नहीं करवाया गया।*

## संक्षिप्त खबरें

### अनोखा विरोधः सीवर गड्ढे पर महापौर का फोटो लगाया



**जागरण, सतना।** शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बिछाई गई सीवर लाइन और सड़क रिस्टोरेशन की गुणवत्ता पर फिर सवाल खड़े हुए हैं। शहर के व्यस्त हनुमान चौक पर सड़क धंसने से बने जानलेवा गड्ढे के विरोध में स्थानीय लोगों ने अनोखा प्रदर्शन किया। गड्ढे के पास महापौर योगेश ताम्रकार की तस्वीर लगाकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई। इस विरोध का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हनुमान चौक पर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क का रिस्टोरेशन किया था। कुछ ही समय में सड़क धंस गई और बीच सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण सड़क पहली ही बारिश में जवाब दे गई। प्रशासन तक अपनी नाराजगी पहुंचाने के लिए लोगों ने गड्ढे के दोनों ओर लकड़ियां गाड़ दीं और उनके बीच महापौर योगेश ताम्रकार की तस्वीर लगा दी।

### पूर्व डीजीपी की नातिन की हत्या में चार को उम्रकैद

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में पूर्व डीजीपी की नातिन अक्षया यादव हत्याकांड में तीन साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने बुधवार को फैसला सुना दिया। जिला एवं सत्र न्यायालय ने चार दोषियों- बाला सुरवे, पृथ्वीराज चौहान, उपदेश रावत और सुमित रावत को उम्रकैद की सजा दी है। वारदात को 10 जुलाई 2023 को माधोगंज थाना इलाके के बेटी बचाओ चौराहे के पास अंजाम दिया था, जब अक्षया अपनी सहेली के साथ कोचिंग से निकली थी। अक्षया पूर्व पुलिस महानिदेशक सुरेंद्र सिंह यादव की नातिन थी। जांच में सामने आया था कि हमलावरों का निशाना अक्षया नहीं, बल्कि उसकी सहेली सोनाक्षी शर्मा थी। फायरिंग के दौरान गोली अक्षया यादव को लगी थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में 26 गवाहों के बयान दर्ज कराए थे।

# 30 लाख की हाई रेंज विदेशी शराब के साथ 47 लाख के वाहन जब्त

### दंपत्ति चला रहे थे अवैध कारोबार, हाई प्रोफाइल पार्टियों में करते थे सप्लाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के शाहपुरा, बिट्टन मार्केट, दस नंबर, चार इमली और अरेरा कॉलोनी जैसे पॉश इलाकों में महंगी विदेशी शराब अवैध रूपा से बेचने वाले शातिर गिरोह का आबकारी विभाग ने बुधवार को भंडाफोड़ किया है। इस छापे के दौरान कुल चार आरोपी टीम के हत्थे चढ़े हैं, जिनमें एक दंपति भी है, जो इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। इनके अलग-अलग ठिकानों से 30 लाख रुपए कीमत की विदेशी शराब के साथ 47 लाख कीमत की चार लग्जरी कारें भी बरामद की गई हैं। आबकारी विभाग की पूछताछ के दौरान यह सामने आया है कि यह गिरोह रईस और शौकीन लोगों से फोन और ऑनलाइन ऑर्डर लेता था और लग्जरी कारों से ही शराब की डिलीवरी करता था। इसके अलावा, बड़ी पार्टियों में भी यह गिरोह शराब की सप्लाई करता था।

**आठ टीमों ने दी सुबह से शाम तक दबिशः** विभाग को इस गिरोह के बारे में एक माह पहले सूचना मिली थी। रैकी के बाद इस ऑपरेशन के लिए आठ अलग-अलग टीमें बनाई थीं। इनपुट के आधार पर बुधवार अलसुबह एक टीम गांधीनगर की पंचवटी कॉलोनी पहुंची, जबकि दूसरी टीम सादे कपड़ों में कॉलोनी के बाहर छिप गई। इसी दौरान आरोपी राहुल यादव को अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक कार के साथ दबोच लिया। उसके पास से 81 लीटर विदेशी शराब मिली। राहुल ने पूछताछ में अपने बाकी ठिकानों का पता बता दिया। दो टीमों को राहुल के त्रिलंगा स्थित विकासकुंज वाले घर भेजा गया। यहां जैसे ही टीम ने दबिश दी, वहां महंगी शराब की पेटियां रखी हुई थीं। इस दौरान तलाशी लेने पर घर के बाहर खड़ी तीन अलग-अलग कारों में भी शराब मिली। टीम ने यहां से राहुल की पत्नी प्रीति को गिरफ्तार कर 411.75 लीटर विदेशी शराब जब्त की। इसके बाद राहुल के बताए दो अन्य ठिकानों पर छापे मारकर टीम ने अनिकेत शाक्य और चंचल साहू को लगभग 100 लीटर विदेशी शराब के साथ हिरासत में ले लिया। आबकारी विभाग ने पूरी कार्रवाई में कुल 552.75 लीटर विदेशी शराब जब्त की है।





#### आगरा-ग्वालियर से मंगाते थे विदेशी ब्रांड

आबकारी की जांच में यह सामने आया है कि राहुल और प्रीति इस गिरोह के मास्टरमाइंड हैं और पहले भी तस्करी में लिप्त रहे हैं। फिलहाल, गिरोह के पास से बरामद की गई विदेशी शराब की बोतलों पर कोई लेबलिंग नहीं मिली है, जबकि विदेश से आने वाली शराब को लेबलिंग के बाद ही सप्लाई के लिए भेजा जाता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि राहुल और प्रीति का कनेक्शन किसी बड़े इंटरनेशनल शराब तस्कर गिरोह से भी हो सकता है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शराब की यह खेप आगरा और ग्वालियर के रास्ते भोपाल तक पहुंचाई जाती थी।

**महंगे ब्रांड की शराब हर बोतल 5 हजार से अधिक कीः** ग्लेन लिवेट व्हिस्की, ग्लेन फिच स्कॉच, सिंगलटन व्हिस्की और स्कॉच, गोल्ड लेवल स्कॉट, रेड लेवल स्कॉच, शिवाज रीगल स्कॉच, ग्रे गूज वोदका, बॉम्बे सैफायर जिन, टीचर्स 50 स्कॉच।

> *जब्त शराब में कई ब्रांड बेहद महंगे हैं और विदेश से इंपोर्ट किए जाते हैं। दोनों के मोबाइल सीडीआर की भी जांच करेंगे।*
>
> • **वीरेंद्र धाकड़**
> *सहायक आयुक्त आबकारी*

# 20 महीने बाद दिल्ली लौटे आईएएस जैन, सेवा विस्तार की चल रही थी चर्चा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन लगभग 20 माह बाद फिर से दिल्ली जाएंगे। उन्हें केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें रिलीव भी कर दिया गया है। इधर शासन ने अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाकर इस पद के दूसरे दावेदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गौरतलब है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन अक्टूबर 2024 में दिल्ली प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे थे, जब उन्हें मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव बनाया गया था। उन्हें 31 अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया, जो 30 अगस्त 2026 को समाप्त होना है। लेकिन तकरीबन 2 माह पहले ही केन्द्र की नियुक्त समिति (एनसीसी) ने उन्हें नीति आयोग का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर दिया। ऐसे में अनुराग जैन वतौर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश में तकरीबन 20 माह तक सेवाएं देने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे। उधर एसीसी के आदेश के मुताबिक जैन सीईओ का पद ग्रहण करने से अधिकतम दो वर्षो तक अथवा अगले आदेश तक अपना दायित्व निभाते रहेंगे।

**दूसरे सेवा विस्तार पर हो रही चर्चाएंः** मुख्य सचिव का पहला सेवा विस्तार इसी साल अगस्त को समाप्त होने वाला था। ऐसे में चर्चाओं में यह कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें एक और सेवा विस्तार दिया जा सकता है। हालांकि कुछ लोगों का मानना था कि जैन स्वयं दूसरा सेवा विस्तार नहीं लेंगे। ऐसे में अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इस पर वल्लभ भवन के गलियारे से लेकर सीएम सचिवालय तक चर्चाएं होने लगी थीं। जिसमें कई अधिकारियों के नाम सामने आए इनमें सबसे पहला नाम अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा का है। राजौरा का नाम उस समय भी तेजी से सामने आया था, जब केन्द्र से लाकर अनुराग जैन को मुख्य सचिव बना दिया गया था। इनके अलावा मनु श्रीवास्तव के नामों पर भी चर्चा की जा रही हैं। इनके अलावा दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे पंकज अग्रवाल, वीएल कांताराव के नाम भी लिए गए। लेकिन जिस तरह से दिल्ली का आदेश आते ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईएएस अशोक वर्णवाल से बंद कमरे में चर्चा की और उसके तत्काल बाद उन्हें कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाए जाने का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया, उससे दूसरे दावेदार अधिकारियों की उम्मीदों को धक्का जरुर लगा होगा। ऐसा माना जा रहा है कि सीएम वर्णवाल को ही अगला मुख्य सचिव बनाए जाने के लिए केन्द्रीय नेतृत्व से सहमति ले सकते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल्द ही मुख्य सचिव के पद के लिए अधिकारियों का पैनल लेकर दिल्ली जाएंगे और वहां वरिष्ठ नेतृत्व से चर्चा कर सीएस के नाम पर मुहर लगवाएंगे।

#### बेहतर तालमेल और कामकाज में रही तेजी



मुख्य सचिव के तौर पर अनुराग जैन का कार्यकाल सरकार और शासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णयों और सरकार की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ नौकरशाही में बेहतर समन्वय उनके कार्यकाल की उपलब्धियों में गिना जाएगा। जैन केन्द्र में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव और प्रधानमंत्री कार्यालय(पीएमओ) में संयुक्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे है,जिससे उनका केन्द्रीय शासन के अधिकारियों से साथ अच्छे संबंध होने का लाभ भी मध्यप्रदेश को मिला है।

# बीजेपी विधायक पाठक की बिना शर्त माफी मंजूर

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा जज को फोन लगाने से जुड़े आपराधिक अवमानना मामले में अपना अंतिम फैसला सुना दिया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने 15 जुलाई को लंबी बहस के बाद सुरक्षित रखा गया फैसला बुधवार को जारी कर दिया। कोर्ट ने विधायक द्वारा मांगी गई बिना शर्त माफी स्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी है। यह विवाद 30 अगस्त 2025 का है, जब विधायक संजय पाठक के मोबाइल से हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा के पास एक कॉल गई थी। उस समय जस्टिस मिश्रा विधायक के परिवार से जुड़ी खनन कंपनियों पर 1200 करोड़ रुपये के नुकसान के आरोपों वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। 1 सितंबर 2025 को जस्टिस मिश्रा ने ऑन-रिकॉर्ड दर्ज किया था कि विधायक ने इस मामले में उनसे बात करने की कोशिश की है, और इसके बाद उन्होंने खुद को केस से अलग कर लिया था।

#### कॉल या मैसेज करना आपराधिक अवमानना है

डिवीजन बेंच ने अपने 9 पन्नों के विस्तृत आदेश में माना कि न्यायपीठ के जज को फोन कॉल या मैसेज करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि इस घटना से न्याय की प्रक्रिया में कोई बड़ा व्यवधान नहीं पैदा हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा प्रस्तुत दलीलों, विधायक द्वारा कोर्ट में पेश किए गए शपथ-पत्र और उनके द्वारा जताई गई गंभीर ग्लानि को देखते हुए हाईकोर्ट ने उनकी बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली। पीठ ने जन-प्रतिनिधि होने के नाते विधायक को ताकीद की कि वे भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने विधायक पाठक के खिलाफ चल रही अवमानना कार्रवाई को पूरी तरह समाप्त कर दिया।

### हाई कोर्ट ने कहा बेंच हंटिंग जैसी प्रवृत्ति न्यायपालिका की निष्पक्षता पर हमला, 5 अगस्त को व्यक्तिगत पेशी के निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी में कहा कि बेंच हंटिंग जैसी प्रवृत्ति न्यायिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर सीधा प्रहार है। इसी के साथ कोर्ट ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई के लिए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने माना कि सुनवाई के दौरान अधिवक्ता बदलने का कदम न्यायाधीश बदलवाने के उद्देश्य से उठाया गया प्रतीत होता है। कोर्ट ने दोनों को पांच अगस्त को उपस्थित होकर जवाब देने के आदेश दिए हैं।




मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।